बुधवार, 18 फरवरी 2026

**मौसम**

| | |
|---|---|
| तापमान | 17 – 30 |
| आर्द्रता | 42% |
| सूर्योदय: 06:08 | सूर्यास्त: 17:34 |

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

Epaper.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2082, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

सुविचार : अच्छे लोगों में एक खास बात होती है, वो बुरे वक्त में भी अच्छे होते हैं।



फिलिप्स की तूफानी पारी से न्यूजीलैंड सुपर आठ में पृष्ठ 8

## सीबीएसई की कक्षा 10 व 12वीं की बोर्ड परीक्षाएं शुरू

### 46 लाख से ज्यादा छात्र हुए शामिल

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की 10वीं और 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं मंगलवार से शुरू हुईं, जिनमें देश-विदेश के 8,000 से अधिक केंद्रों पर 46 लाख से अधिक छात्र शामिल हुए। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। बोर्ड परीक्षाओं के पहले दिन, मंगलवार को 10वीं कक्षा के छात्रों ने गणित की परीक्षा दी, जबकि 12वीं कक्षा के लिए जैव प्रद्यौगिकी (बायोटेक्नोलॉजी), उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप), आशुलिपि (हिंदी) और आशुलिपि (अंग्रेजी) विषयों की परीक्षा आयोजित की गई। शालीमार बाग स्थित मॉडर्न पब्लिक स्कूल की प्रधानाचार्या अल्का कपूर ने कहा, मानक और बुनियादी दोनों स्तर की गणित की परीक्षाएं सुचारू रूप से संपन्न हुईं और छात्र अच्छी तरह से तैयार थे। हालांकि, प्रश्नपत्र के दोनों स्तरों को लेकर छात्रों के नजरिए और उनके प्रदर्शन में स्पष्ट अंतर देखा गया। गणित (मानक) का प्रश्नपत्र संतुलित होने के साथ-साथ काफी सुव्यवस्थित भी था।

# वैश्विक उथल-पुथल से निपटने के लिए भारत और फ्रांस की 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी'

## हैमर मिसाइलों के उत्पादन समेत रक्षा क्षेत्र में कई बड़ी डील

**नयी दिल्ली/मुंबई :** भारत और फ्रांस ने मंगलवार को अपने द्विपक्षीय संबंधों को ''विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी'' के मुकाम तक पहुंचाया और दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व ने रक्षा, व्यापार और महत्व-पूर्ण खनिजों के क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग बढ़ाने का संकल्प लिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने बढ़ते भू-राजनीतिक उथल-पुथल के मद्देनजर द्विपक्षीय संबंधों को ''वैश्विक स्थिरता के लिए एक ताकत'' बताया। दोनों नेताओं ने मुंबई में अपनी वार्ता के बाद, कर्नाटक के वेमागल में एयरबस एच125 हेलीकॉप्टरों के उत्पादन के लिए कलपुर्जों को जोड़ने संबंधी इकाई (असेंबली लाइन) का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन किया। इससे भारत की एयरोस्पेस विनिर्माण क्षमताएं बढ़ने की उम्मीद है। दोनों पक्षों ने महत्वपूर्ण खनिजों, रक्षा, उच्च प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और स्वास्थ्य सहित विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए कुल 21 समझौतों और दस्तावेजों पर हस्ताक्षर किए। इन समझौतों में रक्षा सहयोग पर एक समझौता तथा भारत में 'हैमर' मिसाइलों के उत्पादन के लिए भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड (बीईएल) और फ्रांसीसी रक्षा क्षेत्र की दिग्गज कंपनी सैफरान के बीच संयुक्त उद्यम पर समझौता शामिल है। भारतीय सेना और फ्रांसीसी थलसेना में अधिकारियों की पारस्परिक तैनाती के लिए एक अलग समझौता भी किया गया। तीन दिवसीय भारत दौरे पर आए फ्रांसीसी राष्ट्रपति के मुंबई पहुंचने के कुछ ही घंटों बाद, मोदी ने वहां मैक्रों के साथ व्यापक वार्ता की। मोदी ने अपने मीडिया वक्तव्य में कहा, ''विश्व अनिश्चितता के दौर से गुजर रहा है। ऐसे वातावरण में, भारत-फ्रांस साझेदारी वैश्विक स्थिरता की एक शक्ति है। हम फ्रांस की विशेषज्ञता और भारत की विशाल क्षमता को एक साथ ला रहे हैं।'' प्रधानमंत्री ने कहा कि दोनों देशों के बीच ''अत्यंत विशेष संबंध'' हैं और फ्रांस, भारत के सबसे पुराने रणनीतिक साझेदारों में से एक है। मोदी ने कहा, ''राष्ट्रपति मैक्रों के साथ मिलकर हमने इस रणनीतिक साझेदारी को अभूतपूर्व गहराई और ऊर्जा प्रदान की है। इसी विश्वास और साझा दृष्टिकोण के आधार पर आज हम अपने संबंधों को 'विशेष वैश्विक रणनीतिक साझेदारी' के रूप में स्थापित कर रहे हैं।''



मुंबई में मोदी-मैक्रों की 'सुपरपावर' मुलाकात

# एसआईआर में लापरवाही पर अब तीन माइक्रो ऑब्जर्वर निलंबित

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) संबंधी कार्यों में लापरवाही को लेकर तीन माइक्रो ऑब्जर्वरों पर गाज गिरी है। इन सभी पर एसआईआर के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का ठीक से निर्वहन न करने और गंभीर गड़बड़ियों मे शामिल होने जैसे आरोप है। राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी है। बताया गया है कि निर्वाचन आयोग की ओर से नियुक्त किए गए मतदाता सूची पर्यवेक्षकों की रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई हुई है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने दोपहर में तीन माइक्रो ऑब्जर्वर को निलंबित कर दिया है।

# ममता ने निर्वाचन आयोग को 'तुगलकी आयोग' बताया, मतदाता सूचियों में हेरफेर का आरोप लगाया

## मुख्यमंत्री ने निलंबित अधिकारियों की नौकरी सुरक्षित, पदोन्नति का किया वादा

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को निर्वाचन आयोग पर निशाना साधते हुए इसे 'तुगलकी आयोग' करार दिया और आरोप लगाया यह राज्य में मतदाताओं की सूचियों में हेरफेर के लिए भाजपा के इशारे पर काम कर रहा है। राज्य सचिवालय में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने मोहम्मद बिन तुगलक और एडॉल्फ हिटलर से तुलना करते हुए कहा कि निर्वाचन आयोग बंगाल के मतदाताओं को 'यातना' दे रहा है। ममता ने आरोप लगाया कि निर्वाचन आयोग नियमों का उल्लंघन कर रहा है, उच्चतम न्यायालय के निर्देशों की अवहेलना कर रहा है और ऐसी भ्रम की स्थिति पैदा कर रहा है जिसके परिणामस्वरूप मौतें भी हुई हैं। उन्होंने पत्रकारों से कहा कि यह एक अत्याचार आयोग है, और वे तुगलक की तरह व्यवहार कर रहे हैं, हिटलर की तरह अत्याचार कर रहे हैं। मेरा सवाल यह है कि जनता सरकार चुनती है, या किसी राजनीतिक दल की ओर से काम करने वाला तुगलकी आयोग? हरियाणा, बिहार और महाराष्ट्र में शिकायतें थीं। तो फिर बंगाल को क्यों निशाना बनाया जा रहा है? निर्वाचन आयोग यह सब सिर्फ भाजपा को खुश करने के लिए कर रहा है। मुख्यमंत्री ने मतदाता सत्यापन के मामले में निर्वाचन आयोग के रुख पर भी सवाल उठाया और कहा कि बिहार जैसे अन्य राज्यों में स्वीकार किए जाने वाले दस्तावेजों को बंगाल में अस्वीकार किया जा रहा है। उन्होंने सवाल किया कि क्यों बिहार भारत का हिस्सा नहीं है, या बंगाल भारत का हिस्सा नहीं है? उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार सुनवाई 14 फरवरी को होनी थी। लेकिन उस दिन दोपहर तीन बजे लॉगिन क्यों अवरुद्ध कर दिया गया? कई लाख लोग ऐसे हैं जिनका सत्यापन पूरा हो चुका है और वे वैध मतदाता हैं। लॉगिन अवरुद्ध करने से उनके आवेदनों का निपटारा नहीं हो सका। राज्य से प्रतिनियुक्त सात सहायक मतदाता पंजीकरण अधिकारियों (एईआरओ) के निलंबन पर उन्होंने कहा कि अधिकारियों को न तो सुनवाई का अवसर दिया गया और न ही कारण बताओ नोटिस जारी किया गया। उन्होंने कहा कि उनमें से कुछ ने विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया के सुचारू कार्यान्वयन को सुनिश्चित करने के लिए कड़ी मेहनत की। ये प्रतिशोधात्मक कदम हैं। कोई भी सरकार बदले की भावना से काम नहीं कर सकती। हम जनता के साथ हैं, हम अधिकारियों के साथ हैं और हम उनके साथ बने रहेंगे। ममता ने कहा कि अगर बंगाल सरकार के अधिकारियों को (निर्वाचन आयोग द्वारा) निशाना बनाया जाता है, तो हम उनकी शत-प्रतिशत रक्षा करेंगे और जिन्हें पदावनत किया गया है, उन्हें पदोन्नत करेंगे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जिलाधिकारियों पर दबाव डाला जा रहा है और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने के किसी भी प्रयास के खिलाफ चेतावनी दी। मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि मैं देश के खिलाफ नहीं हूं; मैं अपने देश से प्यार करती हूं। लेकिन स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनावों के नाम पर 'एक राष्ट्र, एक पार्टी' और 'एक पार्टी, एक तुगलकी आयोग' के नारे वास्तव में लोकतांत्रिक अधिकारों को सीमित करने का प्रयास हैं।



# तारिक रहमान ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली



## लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान से मुलाकात की

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बीएनपी नेता तारिक अनवर के मंगलवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के कुछ देर बाद उनसे मुलाकात की। इस दौरान, उन्होंने अनवर को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का बधाई पत्र सौंपा। बिरला ने विदेश सचिव विक्रम मिसरी के साथ 'जातीय संसद' के दक्षिण प्लाजा के खुले मैदान में बांग्लादेश के शीर्ष नेताओं और सैन्य अधिकारियों की मौजूदगी में रहमान के शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया।

**ढाका :** बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के नेता तारिक रहमान ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद की शपथ ली। इसके साथ ही, नोबेल पुरस्कार विजेता मोहम्मद यूनुस नीत अंतरिम सरकार का 18 महीने से जारी शासन समाप्त हो गया, जिस दौरान बांग्लादेश में राजनीतिक अनिश्चितता और अराजकता की स्थिति रही थी। रहमान के प्रधानमंत्री बनने को बांग्लादेश के लिए एक नयी शुरूआत के तौर पर देखा जा रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने बांग्लादेश के शीर्ष राजनीतिक एवं सैन्य नेतृत्व की उपस्थिति में जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' के खुले परिसर में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में भारत का प्रतिनिधित्व किया। उनके साथ विदेश सचिव विक्रम मिसरी भी थे। राष्ट्रपति मोहम्मद शहाबुद्दीन ने रहमान (60) को परंपरा से हटते हुए, बंगभवन के बजाय जातीय संसद के 'साउथ प्लाजा' में पद की शपथ दिलाई। आम चुनावों में अपनी पार्टी को शानदार जीत दिलाने वाले रहमान ने कहा, ''मैं प्रधानमंत्री के तौर पर कानून के अनुसार कर्तव्यों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करूंगा।'' बिरला के अलावा, मालदीव के राष्ट्रपति मोहम्मद मुइज्जू, भूटान के प्रधानमंत्री दाशो शेरिंग तोबगे, पाकिस्तान के योजना मंत्री अहसन इकबाल, नेपाल की विदेश मंत्री बाला नंदा शर्मा और श्रीलंका के स्वास्थ्य और जनसंचार मंत्री नलिंदा जयतिस्सा भी इस कार्यक्रम में शामिल हुए। शपथ ग्रहण के बाद, रहमान ने पद और गोपनीयता की शपथ वाले दस्तावेज पर हस्ताक्षर किए। प्रधानमंत्री के पद पर उनका कार्यकाल पांच वर्षों का होगा। पूर्व प्रधानमंत्री खालिदा जिया और पूर्व राष्ट्रपति दिवंगत जियाउर रहमान के पुत्र तारिक रहमान 17 वर्षों तक स्वनिर्वासन में लंदन में रहने के बाद दो महीने पहले स्वदेश लौटे थे। खालिदा जिया का पिछले साल 30 दिसंबर को निधन हो गया था। तारिक रहमान पहली बार प्रधानमंत्री बने हैं। उन्होंने अंतरिम सरकार प्रमुख मोहम्मद यूनुस की जगह ली, जिनके शासनकाल के दौरान ढाका के नयी दिल्ली के साथ संबंधों में काफी गिरावट आई थी।

# आज अमित शाह मायापुर में इस्कॉन मंदिर जाएंगे

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह बुधवार को नदिया जिले के मायापुर स्थित इस्कॉन मंदिर में एक धार्मिक कार्यक्रम में भाग लेने के लिए संक्षिप्त यात्रा करेंगे। उनके कार्यक्रम में किसी भी प्रकार की राजनीतिक गतिविधि शामिल नहीं है। सूत्रों के अनुसार, यह दौरा पूरी तरह धार्मिक प्रकृति का है और हाल के महीनों में राज्य की यह शाह की सबसे संक्षिप्त यात्रा होगी। वे नदिया जिले में स्थित मंदिर परिसर में लगभग दो घंटे बिताएंगे। संभावित कार्यक्रम के अनुसार, शाह के दोपहर में कोलकाता हवाई अड्डे पर पहुंचने और हेलीकॉप्टर से मायापुर जाने की उम्मीद है। वह आध्यात्मिक नेता की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित कार्यक्रम में सभा को संबोधित करेंगे। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम धार्मिक और सांस्कृतिक दोनों ही प्रकार का होगा। भाजपा नेताओं ने कहा कि इस दौरे के दौरान किसी भी राजनीतिक बैठक या रैली की योजना नहीं है। हालांकि, भाजपा की पश्चिम बंगाल इकाई के कई वरिष्ठ नेताओं के भी मंदिर में उनके साथ रहने की उम्मीद है। मंदिर परिसर के अंदर, मंत्री इस्कॉन के संस्थापक ए सी भक्तिवेदांत स्वामी प्रभुपाद को पुष्पांजलि अर्पित करेंगे और मुख्य कार्यक्रम में शामिल होने से पहले भगवान नरसिंह, चैतन्य महाप्रभु और राधा-माधव के मंदिरों में पूजा अर्चना सहित अनुष्ठानों में भाग लेंगे।

# पश्चिम बंगाल समेत चार राज्यों और एक केंद्रशासित प्रदेश में अप्रैल में चुनाव संभव

## कार्यक्रम मार्च के मध्य में हो सकता हैं घोषित

**नयी दिल्ली :** पश्चिम बंगाल, असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में अप्रैल में अलग-अलग तारीखों पर विधानसभा चुनाव हो सकते हैं, जिससे संबंधित कार्यक्रम मार्च के मध्य में घोषित किए जाने की संभावना है। अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि निर्वाचन आयोग विधानसभा चुनावों की तारीखों की घोषणा ''मार्च के मध्य में किसी समय'' एक साथ करेगा और चुनाव अप्रैल में अलग-अलग तारीखों पर हो सकते हैं। पांचों विधानसभाओं का कार्यकाल मई और जून में अलग-अलग तारीखों पर खत्म हो रहा है। जहां पुडुचेरी विधानसभा का पांच साल का कार्यकाल 15 जून को खत्म होगा, वहीं असम, केरल, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल विधानसभा का कार्यकाल क्रमश: 20, 23, 10 और सात मई को खत्म हो रहा है।

# गुजरात: 'स्पीडबोट' से 200 किलोग्राम संदिग्ध मादक पदार्थ बरामद, दो ईरानी नागरिक पकड़े गए

**अहमदाबाद :** गुजरात आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) और भारतीय तटरक्षक बल ने संयुक्त अभियान में दो ईरानी नागरिकों को गिरफ्तार कर 200 किलोग्राम से अधिक संदिग्ध मादक पदार्थ जब्त किया है। अधिकारियों के अनुसार, गुजरात एटीएस की सूचना पर तटरक्षक बल ने सोमवार रात पोरबंदर तट से करीब 140 समुद्री मील दूर अरब सागर में एक ईरानी स्पीडबोट को अंतरराष्ट्रीय समुद्री सीमा रेखा के पास रोका। तलाशी में 203 थैलियां बरामद हुईं, जिनमें प्रत्येक का वजन लगभग एक किलोग्राम था और उनमें क्रिस्टलीय पदार्थ भरा था। प्रारंभिक जांच में यह हेरोइन नहीं पाई गई, हालांकि फोरेंसिक विश्लेषण जारी है। एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों की पहचान अब्दुल मजीद और अब्दुल सत्तार के रूप में हुई है, जो ईरान के चाबहार के निवासी हैं। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि खेप पंजाब के किसी व्यक्ति को सौंपी जानी थी। अधिकारियों के मुताबिक, ईरानी तस्कर हाजी फिदा द्वारा कोनारक बंदरगाह से यह खेप भेजे जाने की सूचना थी।

# बंगाल में सियासी संग्राम तेज: भाजपा की 9 परिवर्तन यात्राओं से बदलाव का बिगुल

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतीय जनता पार्टी (पश्चिम बंगाल) के प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद समिक भट्टाचार्य ने मंगलवार को साल्ट लेक स्थित पार्टी के राज्य कार्यालय में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता में राज्य की मौजूदा राजनीतिक परिस्थिति पर विस्तृत टिप्पणी करते हुए 9 विशाल 'परिवर्तन यात्राओं' की औपचारिक घोषणा की। उन्होंने 15 वर्षों से सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए उसे जीवित जीवाश्म बताया और आरोप लगाया कि राज्य सरकार ने 2011 में मिले जनादेश के साथ विश्वासघात किया है।

भट्टाचार्य ने कहा कि 34 वर्षों के वाम शासन के बाद बंगाल की जनता ने लोकतंत्र की बहाली, राजनीतिक हिंसा की समाप्ति और विकास की नई धारा के लिए टीएमसी को सत्ता सौंपी थी। किंतु पिछले डेढ़ दशक में राज्य में संस्थागत भ्रष्टाचार, प्रशासनिक विफलता, लोकतांत्रिक अधिकारों में कटौती तथा ग्रामीण, वंचित और अल्पसंख्यक समुदायों की उपेक्षा बढ़ी है। उन्होंने आरोप लगाया कि भ्रष्टाचार इस सरकार की पहचान बन चुका है और जनता अब परिवर्तन चाहती है।



### शीर्ष नेतृत्व की भागीदारी और ब्रिगेड रैली

इन यात्राओं के शुभारंभ अवसर पर कई वरिष्ठ राष्ट्रीय नेता उपस्थित रहेंगे, जिनमें भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन, पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री जे.पी. नड्डा, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, शिवराज सिंह चौहान, नितिन गडकरी, देवेंद्र फडणवीस, स्मृति ईरानी और धर्मेंद्र प्रधान शामिल हैं। यह माहव्यापी आंदोलन मार्च के अंत में कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक ऐतिहासिक महासभा के साथ संपन्न होगा, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। इस विशाल रैली की तैयारियां जोर-शोर से जारी हैं। अंत में समिक भट्टाचार्य ने समाज के सभी वर्गों से इस आंदोलन में शामिल होने की अपील करते हुए कहा कि डबल इंजन सरकार के माध्यम से 'विकसित पश्चिम बंगाल' के निर्माण का समय आ गया है।

## 1 मार्च से शुरू होंगी 9 परिवर्तन यात्राएं

भाजपा द्वारा घोषित इन 9 परिवर्तन यात्राओं की शुरुआत 1 मार्च से कूचबिहार दक्षिण, कृष्णनगर दक्षिण, गड़बेता, रायदीघी और कुल्टी से होगी, जबकि 2 मार्च से इस्लामपुर, संदेशखाली, हसन और आमता से यात्राएं प्रारंभ की जाएंगी। 3 और 4 मार्च को होली के अवसर पर कार्यक्रम में संक्षिप्त विराम रहेगा। 5 मार्च से 10 मार्च तक यह अभियान अपने चरम पर होगा, जिसके तहत राज्य की सभी विधानसभा क्षेत्रों को कवर करते हुए 5,000 किलोमीटर से अधिक की यात्रा की जाएगी। इस दौरान 60 बड़ी जनसभाएं और 300 से अधिक नुक्कड़ सभाएं आयोजित करने की योजना है। प्रत्येक क्षेत्र में विशेष झांकियां और सघन जनसंपर्क अभियान चलाया जाएगा।



## शिखर सम्मेलन से दुनिया में भारतीय दस्तक

भारत ने बदलती वैश्विक हवा की दिशा-दशा को पहचानते हुए देश में जिस सबसे बड़ी एआई समिट आयोजित कराने का फैसला किया, उसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। इस पांच दिवसीय शिखर सम्मेलन की सार्थकता का पता इस बात से चलता है कि इसमें सौ बड़ी कंपनियों के सीईओ, बीस के करीब देशों के राष्ट्राध्यक्ष और 135 देशों के प्रतिनिधि जुटने की बात कही जा रही है। हाल के वर्षों में, दुनिया के सबसे ज्यादा युवाओं के देश भारत में एआई को लेकर जिस तरह का उत्साह व जुनून देखने को मिल रहा है, उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में वो देश को दुनिया में एआई का हब बना ही देगा। वहीं दूसरी ओर महत्वपूर्ण बात यह भी है कि एआई भारत में आम लोगों के जीवन में बदलाव की वाहक बने। आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस यानी एआई भारत समेत दुनिया के देशों में आज सुशासन, विकास व नागरिक सेवाओं के बेहतर निस्तारण में कारगर भूमिका निभा रही है। यही वजह है कि ग्लोबल साउथ के देश हमारी ओर बड़ी उम्मीद से देख रहे हैं कि भारत द्वारा विकसित एआई के दिशा-निर्देश और नीतियां उभरती अर्थव्यवस्थाओं के लिये मददगार साबित होंगी। आज दुनिया में विकसित व धनी देश एआई को अपनी संकीर्ण आर्थिक व राजनीतिक हितों की पूर्ति का साधन बना रहे हैं, उससे गरीब व विकासशील देशों में असुरक्षाबोध पैदा हो रहा है। यह सुखद ही कि देश की राजधानी दिल्ली पांच दिन तक दुनिया में एआई कैपिटल बनी रहेगी। वहीं दूसरी ओर, 20 फरवरी तक भारत मंडपम में आयोजित की जा रही पांच दिवसीय इंडिया समिट में करीब तीन लाख लोगों का रजिस्ट्रेशन कराना, इस आयोजन की सार्थकता व सफलता को ही उजागर करता है। इसमें दो राय नहीं है कि हाल के वर्षों मे भारत ने खुद को एक एआई पॉवर हाउस के रूप में विकसित करने का प्रयास किया है। साथ ही विशाल डाटा संसाधन के साथ ही एआई वर्क फोर्स को भी तैयार किया है।

निस्संदेह, इंडिया समिट तकनीकी क्रांति के बीच नई संभावनाओं को तलाशने की भारत की सकारात्मक पहल है। विश्वास किया जा रहा है कि इस सम्मेलन के जरिये भारत दुनिया में एआई को जवाबदेह, स्थायी और समावेशी तकनीक के रूप में स्थापित करने का प्रयास करेगा। इसमें दो राय नहीं कि हाल के वर्षों में एआई की स्वीकार्यता व कारोबार तेजी से बढ़ा है। लेकिन विडंबना यह है कि तमाम धनी राष्ट्रों में इस तकनीक को अपना जिन्न बनाने की होड़ लगी है। जो कालांतर दुनिया में पहले से ही व्याप्त आर्थिक असमानता को और ही बढ़ाएगा। सही मायनों में दुनिया में समावेशी समाज बनाने और आर्थिक विषमता को दूर करने के लिये जरूरी है कि एआई का उपयोग लोकतांत्रिक तरीके से नैतिकतापूर्ण ढंग से किया जाए। विश्वास किया जाना चाहिए कि इंडिया समिट में दुनिया के देश एआई तकनीक के सामने आने वाली चुनौतियों पर भी मंथन करेंगे। इस तथ्य से भी इनकार नहीं किया जा सकता कि एआई तेजी से दुनिया में विस्तार तो पा रही है, मगर यह तकनीक मानव जीवन के लिये कई तरह के खतरे भी पैदा कर रही है। हाल के वर्षों में दुनिया में एआई के दुरुपयोग के मामले भी तेजी से बढ़े हैं। जाहिर है इसके उपयोगकर्ताओं में इसको लेकर भरोसा कायम रहना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए कि इंडिया समिट में एआई की विश्वसनीयता बनाने की दिशा में कोई सार्थक पहल होगी। जरूरी है कि एआई का कारोबार करने वाली कंपनियों की जवाबदेही भी तय की जाए। वहीं भारत जैसे विकासशील देशों में, जहां श्रमप्रधान कार्य-संस्कृति रही है और फिलहाल बेरोजगारी का आंकड़ा बढ़ा है, वहां एआई नौकरी देने वाली हो, न कि नौकरी खाने वाली। एआई के विस्तार से परंपरागत नौकरियों पर संकट नहीं आना चाहिए। निस्संदेह, युवाओं के देश भारत में एआई के प्रति जागरूकता व जुनून पैदा करने के लिये युद्ध स्तर पर पहल की जानी चाहिए। ताकि आने वाले वर्षों में हम भारत को दुनिया का एआई हब बनते हुए देख सकें।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 18 फरवरी, बुधवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2082, फाल्गुन शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 16:54 तक, नक्षत्र : शतभिषा, 21:05 तक, योग : शिव, 22:36 तक, सूर्योदय: 06:08, सूर्यास्त: 17:34, चन्द्रोदय : 06:32, चन्द्रास्त: 18:26, शक सम्वत: 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : कुम्भ, राहू काल : 11:50 से 13:15

## राशिफल

**मेष :** आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। यदि आप अपना गृहस्थ जीवन सही तरीके से व्यतीत करना चाहते हैं तो जीवन साथी के प्रति ईमानदार होना जरूरी है।

**वृष :** आज आपको कोई ज्यादा महत्वपूर्ण और जरूरी काम मिल सकता है, लेकिन आपको बिना किसी शंका और विचार के अपने कर्तव्य पर व्यस्त रहना चाहिए।

**मिथुन :** आपका काम करने का तरीका नया है। किसी भी जटिल कार्य को आसानी से पूरा कर देने में आपको ज्यादा वक्त नहीं लगता है। आज आपको फायदा मिलेगा।

**कर्क :** किसी भारी काम का बोझ आज आपके ऊपर आ सकता है इसके लिए आपको अपने काम से छुट्टी लेनी पड़े। छोटे कर्मचारियों की गतिविधियों पर भी नज़र रखना नहीं भूलें।

**सिंह :** किसी अच्छे अधिकार क्षेत्र में घुसकर अपना वर्चस्व कायम रखना आपकी पुरानी आदत है। कभी-कभी इसके कारण आप लोगों के बीच में आलोचना का शिकार भी हो सकते हैं।

**कन्या :** किसी वाद विवाद को पकड़कर आपको अपने सहयोगियों और वरिष्ठ अधिकारियों से ज्यादा तर्क वितर्क नहीं करना चाहिए। अगर सफल होना है समझौता करना ही बुद्धिमानी होगी।

**तुला :** आज सुबह से ही कुछ अजीब सा माहौल आपके आगे पीछे बना रहेगा। घर के दैनिक कार्य भी कुछ अड़चनों के बाद ही पूरे हो रहे हैं। व्यवसाय की स्थितियां भी नाजुक चल रही हैं।

**वृश्चिक :** आप न चाहते हुए भी ऐसे दौर में फंस सकते हैं जहां से बाहर निकलने के लिए जद्दोजहद करनी पड़ेगी। आज भी कारोबार की कुछ ऐसी ही उलझन आपको परेशान कर रही है।

**धनु :** शेयर बाजार के चक्कर में पड़कर आपने काफी धन नष्ट कर दिया है। यदि धन कमाने के ये जोखिम भरे कदम सभी को रास आते तो लोग मेहनत मजदूरी क्यों करते।

**मकर :** आज आपके अन्दर खूब सारी एनर्जी और उत्साह का संचार होगा। छुट्टी के बावजूद खूब सारा काम निपटा देने की इच्छा करेगी। आपको सारी चीजें अपने कंट्रोल में लेनी पड़ कसती है।

**कुम्भ :** लंबे समय संघर्ष करने के बाद अब आपको लगेगा कि कहीं बैठकर एकांत में कुछ समय गुजारना चाहिए। यह समय अपने स्वास्थ्य पर अधिक ध्यान देने का है।

**मीन :** धन कमाने के लिए कई प्रकार के रास्ते आपको नजर आएंगे। आपके सहयोगी और पार्टनर इस बात पर मतभेद रख सकते हैं कि कमाई करने के लिए कोई भी रास्ता बुरा नहीं है।

# परीक्षा : प्रतिस्पर्धा नहीं, निर्माण यात्रा



डॉ घनश्याम बादल

**अध्ययन, संतुलन, तकनीकी, श्रम, विद्यालय, परिवार, छात्र, शिक्षक मिलकर बनाएं उत्सव**

बोर्ड परीक्षाएं सर पर है और परीक्षा को लेकर बच्चों, माता-पिता और विद्यालयों के मन में एक स्वाभाविक डर एवं बेचैनी है। लेकिन डरना या परेशान होना किसी समस्या का हल नहीं होता हाल है उसे समस्या का शांत मन एवं सही तरीके से सामना करना।

**अंक नहीं पहचान**

आज का सबसे बड़ा सच यह है कि बच्चे असफलता से नहीं, अपेक्षाओं से डरते हैं। वे प्रश्नपत्र से नहीं, परिणाम से घबराते हैं। परीक्षा उनके लिए ज्ञान का उत्सव नहीं, बल्कि भय का उत्सव बनती जा रही है। ऐसे में सबसे पहली आवश्यकता मानसिक तैयारी की है।

बच्चे को यह समझाना जरूरी है कि परीक्षा जीवन नहीं है, बल्कि जीवन का एक चरण मात्र है। अंक उनकी पहचान नहीं केवल एक आकलन है। परिणाम चाहे जैसा हो उसके लिए तैयार भी रहना है लेकिन बेहतरी के लिए निरंतर प्रयास जरूर करना है।

**आत्मविश्वास और संतुलन**

आत्मविश्वास, धैर्य और संतुलन ही वास्तविक सफलता की नींव हैं। बच्चों को तुलना की संस्कृति से बाहर निकालना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है, क्योंकि हर बच्चा अलग क्षमता, गति और प्रतिभा लेकर जन्मता है। एक ही मापदंड से सबको तौलना न केवल अन्याय, बल्कि मानसिक हिंसा भी है।

मानसिक संतुलन के लिए दैनिक जीवन में अभ्यास आवश्यक हैं। प्रतिदिन कुछ समय शांत बैठकर मन को स्थिर करना, अपनी चिंता को शब्दों में लिखकर बाहर निकालना, स्वयं से सकारात्मक संवाद करना और अपने लक्ष्य की स्पष्ट कल्पना करना छोटे मगर बड़े परिणाम देने वाले उपाय हैं।

**नींद और खान पान**

इसके साथ-साथ खान-पान की भूमिका को भी नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। आज बच्चों का भोजन स्वाद केंद्रित हो गया है, पोषण केंद्रित नहीं। जबकि मस्तिष्क का विकास भोजन पर निर्भर करता है। दूध, दही, दाल, फल, सूखे मेवे, हरी सब्जियाँ, अंकुरित अनाज जैसे खाद्य पदार्थ न केवल शरीर को शक्ति देते हैं, बल्कि स्मरण शक्ति और एकाग्रता को भी मजबूत करते हैं। इसके विपरीत अत्यधिक तला-भुना भोजन, कृत्रिम पेय, अत्यधिक मिठास और अनियमित भोजन दिनचर्या मानसिक थकान और चिड़चिड़ेपन को जन्म देती है। भोजन केवल पेट भरने स्वाद लेनेका साधन नहीं है, वह मस्तिष्क का ईंधन है। इसलिए स्वाद या पेट भरने के लिए नहीं बल्कि अंदर से पुष्ट होने के लिए संतुलित भोजन जरुरी है।

**तैयारी और अध्ययन**

परीक्षा में सफलता का सबसे बड़ा आधार है बच्चों की खुद की तैयारी। यदि बच्चा केवल विद्यालय, शिक्षकों या बाहरी सहायता पर निर्भर है, तो उसकी तैयारी अच्छी नहीं हो सकती। लेकिन यदि वह स्वयं समय प्रबंधन, नियमित अध्ययन, आत्ममूल्यांकन और निरंतर अभ्यास सीख लेता है, तो उसकी सफलता तय है। रोज़ थोड़ा, पर नियमित पढ़ना, रटने की बजाय समझना, प्रश्नों के माध्यम से अभ्यास करना और बार-बार पुनरावृत्ति करना यें सरल सिद्धांत हैं, पर प्रभाव अत्यंत गहरा है।

**माता-पिता और परिवार**

माता-पिता की भूमिका इस पूरी प्रक्रिया में सबसे निर्णायक होती है। आज अनेक बच्चे परीक्षा से नहीं, घर के दबाव से टूटते हैं। जब घर तुलना का केंद्र बन जाता है, जब संवाद की जगह उपदेश ले लेता है, जब भरोसे की जगह नियंत्रण आ जाता है, तब बच्चा भीतर से अकेला हो जाता है। आदर्श माता-पिता वह नहीं जो केवल अच्छे परिणाम पर गर्व करें, बल्कि वे होते हैं जो प्रयास पर गर्व करना सिखाते हैं। बच्चे को यह भरोसा देना कि परिणाम कुछ भी हो, परिवार उसके साथ खड़ा है, यही भावनात्मक सुरक्षा उसकी सबसे बड़ी शक्ति बनती है। शांत वातावरण, सकारात्मक भाषा, धैर्यपूर्ण संवाद और संवेदनशील व्यवहार बच्चों के भीतर साहस पैदा करता है।

**शिक्षक और विद्यालय**

विद्यालयों की भूमिका भी केवल पाठ्यक्रम पूरा कराने तक सीमित नहीं होनी चाहिए। विद्यालय यदि केवल अंक उत्पादन केंद्र बनेंगे, तो बच्चे संवेदनशील मनुष्य नहीं, थके हुए यंत्र बनेंगे। विद्यालय का कार्य केवल परीक्षा की तैयारी नहीं, जीवन की तैयारी होना चाहिए। मानसिक स्वास्थ्य पर संवाद, जीवन कौशल की शिक्षा, व्यक्तित्व विकास के कार्यक्रम, मार्गदर्शन सत्र और नैतिक मूल्यों का संस्कार - यह सब विद्यालयी व्यवस्था का अनिवार्य अंग होना चाहिए। शिक्षा यदि केवल प्रतियोगिता सिखाएगी, तो समाज असंवेदनशील बनेगा; यदि सहयोग सिखाएगी, तो समाज मानवीय बनेगा।

शिक्षकों की भूमिका भी केवल विषय विशेषज्ञ की नहीं, बल्कि मार्गदर्शक की होनी चाहिए। एक सच्चा शिक्षक वह है जो बच्चे के भीतर डर नहीं, विश्वास पैदा करे। जो दंड नहीं, दिशा दे। जो तुलना नहीं, प्रेरणा दे। शिक्षक यदि बच्चे को स्वयं पर भरोसा करना सिखा दे, तो वही शिक्षा की सबसे बड़ी उपलब्धि है।

**मोबाइल और तकनीकी**

डिजिटल साधनों का संतुलित उपयोग भी आज अत्यंत आवश्यक है। तकनीक ज्ञान का साधन बने, लत नहीं। मोबाइल और डिजिटल माध्यम पढ़ाई में सहायक हों, बाधक नहीं। बच्चों को यह अनुशासन सिखाना जरूरी है कि हर सुविधा का उपयोग हो, लेकिन सीमाओं के साथ।

अंततः यह समझना होगा कि परीक्षा की पुरानी सोच बदलनी होगी। परीक्षा को डर और दबाव का माध्यम नहीं, विकास और आत्मनिर्माण का अवसर बनाना होगा।

**स्पर्धा नहीं, निर्माण यात्रा**

और हां, सफलता का अर्थ केवल अच्छे अंक लाना नहीं है, सफलता का अर्थ है, आत्मविश्वास, संतुलन, स्थिरता और जीवन के प्रति सकारात्मक दृष्टि क्योंकि अंक केवल भविष्य की दिशा दिखाते हैं, लेकिन जीवन की दिशा चरित्र तय करता है। यदि हम बच्चों को केवल सफल विद्यार्थी नहीं, बल्कि सशक्त मनुष्य बनाना चाहते हैं, तो परीक्षा की तैयारी को प्रतिस्पर्धा नहीं, निर्माण यात्रा बनाना होगा।

-लेखक केंद्रीय विद्यालय के सेवानिवृत शिक्षक हैं

# वीडियो खेल बच्चों को बना रहे हैं आतंकी



प्रमोद भार्गव

**मनोरंजन के बहाने आतंकवाद का पाठ पढ़ रहे हैं बाल-गोपाल**

अमेरिकी दैनिक न्यूयॉर्क टाइम्स में छपी खबर के अनुसार माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे लोकप्रिय वीडियो खेल किशोर और बालकों को आतंकी बनाने का मानवता विरोधी काम कर रहे हैं। अतएव आपके लाड़ले को यदि मोबाइल पर गेम खेलने की लत लग गई है तो होशियार हो जाइए, क्योंकि अब बच्चों को इन खेलों के जरिए आंतकवाद का पाठ पढ़ाए जाने का खतरनाक सिलसिला शुरू हो गया है। इन प्रशिक्षित नाबालिगों को बाद में आतंकवादी संगठनों और नफरत फैलाने वाले समूहों में भर्ती करा दिया जाता है। जिससे ये आतंक और नफरत फैलाने के औजार बन जाएं।इस सच्चाई को उजागर करने का काम यूनाइटेड नेशंस की काउंटर-टेररिज्म कमेटी ने किया है। इसके अनुसार यूरोप और उत्तरी अमेरिका में आतंकवाद से जुड़े मामलों में अब 42 प्रतिशत आरोपी नाबालिग हैं। 2021 की तुलना में यह आंकड़ा तीन गुना अधिक है। नीदरलैंड के हेग स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर काउंटर-टेररिज्म के अनुसार यूरोप में 20 से 30 प्रतिशत आतंकवाद विरोधी गतिविधियों में हुई जांचों में 12-13 साल के बच्चे शामिल पाए गए हैं। अनेक ऑनलाइन प्लेटफार्म के जरिए कट्टरपंथी संगठन तेजी से किशोर और बालकों को आतंकी बनाने का खेल खेल रहे हैं। ये प्रशिक्षित बच्चे इस्लामिक आतंकवाद को बढ़ावा देने का काम कर रहे हैं। हालांकि भारत में आतंक फैलाने की दृष्टि से बच्चों और किशोरों को आतंकी बनाने का काम पाकिस्तानी सेना अर्से से कर रही है। मुंबई के 26/11/2008 के आतंकी हमले में शामिल अजमल कसाब इसका जीता-जागता उदाहरण रहा है।

इस सच्चाई का खुलासा संयुक्त राष्ट्र भी कर चुका है। पाकिस्तान के पूर्व लेफ्टिनेंट जनरल एवं पाक खुफिया एजेंसी आईएसआई के सेवानिवृत्त अधिकारी रहे शाहिद अजीज ने 'द नेशनल डेली' अखबार में पहले ही यह मुद्दा उठा दिया था कि 'कारगिल की तरह हमने कोई सबक नहीं लिया है। हकीकत यह है कि हमारे गलत और जिद्दी कामों की कीमत हमारे बच्चे अपने खून से चुका रहे हैं। हमने इस धंधे को व्यापार का जरिया बना लिया है। वह भी अपनी ही कौम के किशोर एवं युवाओं के जीवन को दांव पर लगाने का खेल खेलते हुए!'

पूरी दुनिया में इस समय डिजिटल खेलों का कारोबार बढ़ रहा है। इस कारण दुनिया इनके निर्माण और निर्यात में दिलचस्पी ले रही है। नतीजतन इसका रूप दैत्याकार होता जा रहा है। फिलहाल विश्व में लोकप्रिय डिजिटल खेलों में मोबाइल प्रीमियर लीग (एमपीएल), फेंटेसी स्पोर्ट्स प्लेटफार्म, माइनक्राफ्ट, रोबलॉक्स, ड्रीम-11, कोरियन लवर गेम और लूडो किंग हैं। ये सभी खेल भारत समेत लगभग सभी देशों में उपलब्ध हैं। भारत से संचालित होने वाली खेल कंपनियों में चीन सहित कई देशों की कंपनियों की पूंजी लगी हुई है। इन खेलों के अमेरिका, चीन, भारत, ब्राजील और स्पेन बड़े खिलाड़ी हैं। हाल ही में गजियाबाद में तीन सगी नाबालिग बहनों द्वारा नौवीं मंजिल से छलांग लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया हुआ है। इन बहनों ने ऑनलाइन टास्क बेस्ड कोरियन लवर गेम खेलने की लत लग गई थी।इसी आत्मघाती खेल को खेलते हुए इन बहनों ने सामूहिक आत्महत्या कर ली थी। इस घटना से साफ होता है कि ये खेल कितने खतरनाक है।

कोरोना काल में ऑनलाइन शिक्षा के बढ़ते चलन के चलते दुनिया के विद्यार्थियों की मुट्ठी में एनरॉयड मोबाइल जरूरी हो गया था। मनोविज्ञनी और समाजशास्त्री इसके बढ़ते चलन पर निरंतर चिंता प्रकट कर रहे हैं। पालक बच्चों में खेल देखने की बढ़ती लत और उनके स्वभाव में आते परिवर्तन से चिंतित व परेशान हैं। पालक बच्चों को मनोचिकित्सकों से उपचार कराने के बावजूद लत से मुक्ति दिलाने में कठिनाई का सामना कर रहे हैं। दरअसल बच्चों का मोबाइल या टेबलैट की स्क्रीन पर बढ़ता समय आंखों की दृष्टि को खराब कर रहा है। साथ ही अनेक शारीरिक और मानसिक बीमारियों की गिरफ्त में भी बच्चे आ रहे हैं। पोर्न फिल्में भी देखते बच्चे पाए गए हैं। अब ऐसे वीडियो खेल भी आभासी दुनिया के लिए बनाए जाने लगे हैं, जहां खिलाड़ी आतंकी हमलों और गोलीबारी की घटनाओं को दोहरा सकते हैं। 2019 में न्यूजीलैंड की चर्च और मस्जिदों पर हुए हमलों को भी खेलों का हिस्सा बनाया जा रहा है। ये उपाय बच्चों को धार्मिक कट्टरपंथी बनाए जाने की दृष्टि से किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में किशोर और युवाओं को लुभाने के लिए एक्टिव क्लब्स नाम के समूह बनाए जा रहे हैं। ये ऐसे समूह हैं, जो खेलते हुए नस्लीय युद्ध की तैयारी में जुट जाते हैं और नस्लीय भावना से लड़ते दिखाई देते हैं। 27 देशों में फैले इन क्लबों द्वारा 15 से 17 साल के नादान किशोरों को लक्षित किया जा रहा है। इन्हें देखते हुए किशोर अपनी गोरी या काली पहचान से जुड़कर नस्लवादी मानसिकता की गिरफ्त में आकर आतंकी बनने की दिशा में अनायास मुड़ जाते हैं।

ऑनलाइन खेल आंतरिक श्रेणी में आते हैं, जो भौतिक रूप से मोबाइल पर एक ही किशोर खेलता है, लेकिन इनके समूह बनाकर इन्हें बहुगुणित कर लिया जाता है। वैसे तो ये खेल सकारात्मक होते हैं, लेकिन ब्लू व्हेल, पब्जी, माइनक्राफ्ट और रोबलॉक्स जैसे खेल उत्सुकता और जुनून का ऐसा मायाजाल रचते हैं कि मासूम बालक के दिमाग की परत पर नकारात्मकता की पृष्ठभूमि रच देते हैं। मनोचिकित्सकों और स्नायु वैज्ञानिकों का कहना है कि ये खेल बच्चों के मस्तिष्क पर बहुआयामी प्रभाव डालते हैं। ये प्रभाव अत्यंत सूक्ष्म किंतु तीव्र व तीक्ष्ण होते हैं, इसलिए ज्यादातर मामलों में अस्पष्ट होते हैं। दरअसल व्यक्ति की आंतरिक शक्ति से आत्मबल दृढ़ होता है और जीवन क्रियाशील रहता है। किंतु जब बच्चे निरंतर एक ही खेल खेलते हैं तो दोहराव की इस प्रक्रिया से मस्तिष्क कोशिकाएं परस्पर घर्षण के दौर से गुजरती हैं, नतीजतन दिमागी द्वंद्व बढ़ता है और बालक मनोरोगों की गिरफ्त से लेकर नस्लीय गिरफ्त में आता जाता है, जो उसे आतंक की राह में धकेलने का काम कर देते हैं। ये खेल हिंसक और अश्लील होते हैं, इसलिए बच्चों के आचरण में आक्रामकता और गुस्सा देखने में आने लगता है। दरअसल इस तरह के खेल देखने से मस्तिष्क में तनाव उत्पन्न करने वाले डोपाइन जैसे हार्मोनों का स्राव होने लगता है। इस द्वंद्व से भ्रम और संशय की मनस्थिति निर्मित होने लगती है और बच्चों का आत्मविश्वास छीजने के साथ विवेक अस्थिर होने लगता है, जो आत्मघाती कदम उठाने को विवश कर देता है। हालांकि डोपाइन ऐसे हार्मोन भी सृजित करता है, जो आनंद की अनुभूति के साथ सफलता की अभिप्रेरणा देते हैं। किंतु यह रचनात्मक साहित्य पढ़ने से संभव होती है,जो अधिकांश पत्र-पत्रिकाओं और घरों से बाहर होता जा रहा है।यह एक चिंतनीय पहलू है।


-लेखक/पत्रकार

## विदेश की खबरें

# पाकिस्तान : आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों और एक बच्चे की मौत

**पेशावर :** उत्तर-पश्चिमी पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में प्रतिबंधित तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) के आतंकियों द्वारा एक जांच चौकी पर विस्फोटक से भरी गाड़ी से किये गये आत्मघाती हमले में 11 सुरक्षाकर्मियों और एक बच्चे की मौत हो गयी। सेना ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अफगानिस्तान की सीमा से लगे बाजौर जिले में एफसी जांच चौकी पर हुए इस घातक आत्मघाती हमले की जिम्मेदारी टीटीपी ने ली है। 'इंटर-सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस' (आईएसपीआर) के अनुसार, 16 फरवरी को बाजौर जिले में फितना अल ख्वारिज से जुड़े ख्वारिजों ने सुरक्षा बलों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों की संयुक्त जांच चौकी पर एक कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले का प्रयास किया। सरकार 'फितना-अल-ख्वारिज' शब्द का इस्तेमाल प्रतिबंधित 'तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान' के लिए करती है। एक बयान के मुताबिक, सुरक्षा बलों की जवाबी कार्रवाई में 12 आतंकवादियों को मार गिराया गया। बयान में बताया गया, हताशा में आकर हमलावरों ने विस्फोटक से भरी गाड़ी को सुरक्षा घेरा की दीवार से टकरा दिया। धमाके के प्रभाव से इमारत ढह गई और 11 लोगों की मौत हो गई। एजेंसी ने बताया कि धमाके से इलाके की रिहायशी इमारतें भी प्रभावित हुईं, जिसके कारण एक मासूम बच्ची की मौत हो गई। एजेंसी ने बताया कि महिलाओं और बच्चों समेत सात अन्य लोग घायल हुए हैं। बयान के मुताबिक, क्षेत्र में मौजूद अन्य आतंकियों के खात्मे के लिए तलाशी अभियान चलाए जा रहे हैं। पाकिस्तान के सुरक्षा बलों और कानून लागू करने वाली एजेंसियों द्वारा चलाए जा रहे आतंकवाद विरोधी अभियान के तहत विदेश प्रायोजित और समर्थित आतंकवाद के खतरे को देश से पूरी तरह से खत्म करने के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेंगे। बयान में बताया गया, हमारे बहादुर सैनिकों और निर्दोष नागरिकों के बलिदान से राष्ट्र की रक्षा के प्रति हमारी अटूट प्रतिबद्धता और भी मजबूत होती है।

## वर्ग पहेली नं. 3355




*बायें से दायें:-* 3) नेता, 6) बड़ा मंडप, 8) जोड़ी, 10) छिपाव, 11) गाँजा, 13) सूत, 14) छाती, 15) प्रबल प्रवाह *(भीड़ का)*, 16) तरसाना, 18) आशीर्वाद, 20) आग्रह; दम, 21) सबसे बड़ा 24) सिख संप्रदाय का अनुयायी, 27) सुलभता, 29) लचीला, 30) तहख़ाना.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बालबच्चे, 2) उत्तर-पूर्व दिशा, 3) एक दानेदार फल, 4) उम्र, 5) एक वन्य पशु, 7) माँगना, 9) एक चौपाया, 12) सब के सामने, 14) हेकड़ीबाज़, 17) अफ़वाहबाज़; झूठा, 19) संपत्ति, 22) कामबंदी, 23) श्रमिक, 24) समस्त, 25) प्रदाता, 26) कुकड़ू कूँ, 27) देवता, 28) राय; नहीं.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3313

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | 2 | | | 3 |
| | | 4 | 9 | 5 | | | 1 | |
| | | | | | | | | |
| | 2 | | | | 8 | 6 | 9 | |
| | 8 | | | 9 | 5 | 1 | | |
| 4 | | | | | | | | 7 |
| 3 | | 9 | 8 | | | 5 | | |
| | | 6 | | | | | | |
| | | | 7 | | 3 | 9 | 2 | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

••••

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3312 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 5 | 4 | 6 | 2 | 7 | 1 | 3 | 8 |
| 7 | 3 | 2 | 1 | 9 | 8 | 6 | 5 | 4 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 3 | 5 | 7 | 9 | 2 |
| 1 | 9 | 6 | 2 | 5 | 4 | 3 | 8 | 7 |
| 3 | 4 | 5 | 7 | 8 | 6 | 2 | 1 | 9 |
| 8 | 2 | 7 | 3 | 1 | 9 | 5 | 4 | 6 |
| 5 | 8 | 3 | 9 | 7 | 2 | 4 | 6 | 1 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 4 | 1 | 8 | 7 | 3 |
| 4 | 7 | 1 | 8 | 6 | 3 | 9 | 2 | 5 |

# अधीर रंजन चौधरी ने ममता को लिखा पत्र, रमजान-ईद पर विशेष व्यवस्थाओं की मांग

**मुर्शिदाबाद/कोलकाता :** कांग्रेस नेता व पूर्व लोकसभा सदस्य अधीर रंजन चौधरी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को पत्र लिखकर रमजान और ईद के अवसर पर विशेष सार्वजनिक व्यवस्थाएं करने की मांग की। पत्र में, चौधरी ने कहा कि रमजान और ईद का मुस्लिम समुदाय के लिए गहरा धार्मिक और सामाजिक महत्व है। इस पृष्ठभूमि में उन्होंने कई जनहित प्रस्ताव रखे। इनमें राशन दुकानों पर चावल, दाल, चीनी, खजूर और अन्य आवश्यक वस्तुओं की विशेष आपूर्ति या रियायती दर पर उपलब्धता सुनिश्चित करने, बाजार में



फलों और जरूरी वस्तुओं की कीमतों में असामान्य बढ़ोतरी रोकने और नियमित बाजार निगरानी के लिए विशेष टास्क फोर्स गठित करने की मांग शामिल है। उन्होंने यह भी कहा कि इफ्तार और सेहरी के समय निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए और खासतौर पर सुबह तड़के सेहरी के दौरान स्वच्छ और सुरक्षित पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था की जाए। चौधरी ने ईद से कम से कम दो सप्ताह पहले अतिरिक्त ट्रेन और सरकारी बस चलाने का सुझाव दिया, ताकि यात्रियों को लंबी दूरी तय करने में असुविधा न हो। उन्होंने पत्र में यह भी प्रस्ताव रखा कि जिस सप्ताह ईद की नमाज हो, उस सप्ताह महत्वपूर्ण परीक्षाएं निर्धारित न की जाएं, ताकि दूर-दराज से आने वाले विद्यार्थियों को कठिनाई का सामना न करना पड़े। उन्होंने रोजा रखने वाले कर्मचारियों की सुविधा के लिए कार्यालय समय में अस्थायी बदलाव करने का सुझाव भी दिया। चौधरी ने ईद के अवसर पर न्यूनतम तीन दिन का सरकारी अवकाश घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि यदि ईद से एक दिन पहले और एक दिन बाद भी छुट्टी दी जाए तो दूर-दराज में काम करने वाले लोग अपने परिवार के साथ ईद मना सकेंगे। इससे पारिवारिक संबंध मजबूत होंगे, सामाजिक सद्भाव बढ़ेगा और लोगों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। अधीर रंजन चौधरी ने लिखा कि रमजान केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि संयम, करुणा और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। इस समय सरकार की जिम्मेदारी है कि लोगों की दैनिक जरूरतों और धार्मिक आस्थाओं को बिना किसी बाधा के पूरा करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि उनके प्रस्ताव किसी विशेष सुविधा की मांग नहीं हैं, बल्कि त्योहार के समय नागरिक सहयोग और प्रशासनिक संवेदनशीलता का प्रतीक हैं। जिस तरह अन्य बड़े त्योहारों पर सरकार विशेष व्यवस्थाएं करती है, उसी तरह रमजान और ईद के दौरान भी ऐसे कदम उठाने से सामाजिक सद्भाव और न्याय की भावना ज्यादा मजबूत होगी।

## कलकत्ता विश्वविद्यालय में बड़ा बदलाव, अब महाविद्यालयों में ही होंगे स्नातक के गौण विषयों की परीक्षाएं

**कोलकाता :** कलकत्ता विश्वविद्यालय के अधीनस्थ महाविद्यालयों में कला, विज्ञान और वाणिज्य स्नातक पाठ्यक्रमों के गौण विषयों की परीक्षा प्रणाली में बड़ा परिवर्तन किया गया है। अब परीक्षार्थियों को अन्य महाविद्यालयों में जाकर परीक्षा देने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि वे अपने ही महाविद्यालय में परीक्षा दे सकेंगे।




अब तक व्यवस्था यह थी कि छात्रों को गौण विषयों की परीक्षा के लिए अन्य परीक्षा केंद्रों पर जाना पड़ता था। नए नियम के अनुसार प्रत्येक महाविद्यालय ही परीक्षा केंद्र होगा। इतना ही नहीं, प्रश्नपत्र भी अब महाविद्यालय नहीं बनाएंगे, बल्कि उनका निर्माण स्वयं विश्वविद्यालय द्वारा किया जाएगा।

नई व्यवस्था के अंतर्गत उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन भी संबंधित महाविद्यालय में ही किया जाएगा। प्राप्तांक महाविद्यालय के प्रधान परीक्षक को भेजे जाएंगे। परीक्षण और पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद अंक विश्वविद्यालय को प्रेषित किए जाएंगे। गौण विषयों के सम और विषम सेमेस्टर की परीक्षाएं एक साथ आयोजित की जाएंगी।

विश्वविद्यालय सूत्रों का दावा है कि इस व्यवस्था से परीक्षा संचालन में लगने वाला समय घटेगा और विद्यार्थियों को अधिक कक्षाएं प्राप्त होंगी। साथ ही अन्य केंद्रों पर जाकर परीक्षा देने में जो समय व्यर्थ होता था, उसकी भी बचत होगी।

विश्वविद्यालय की सिंडिकेट बैठक में इस प्रस्ताव को स्वीकृति मिल चुकी है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रोफेसर जयंता सिन्हा ने इस संबंध में जानकारी दी है।

## कोलकाता में एआई-आधारित स्वास्थ्य सेवा का शुभारंभ

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक आधुनिक, तेज और दक्ष बनाने के उद्देश्य से कोलकाता की तकनीकी कंपनी एसआरएम अर्निक एआई टेक प्राइवेट लिमिटेड ने डॉक्टरों और क्लिनिकों के लिए तीन अलग-अलग एआई-चालित एप्लिकेशन और सेवाएं शुरू की हैं। मंगलवार को कोलकाता प्रेस क्लब में आयोजित एक पत्रकार सम्मेलन में इन सेवाओं का औपचारिक उद्घाटन कंपनी की सीईओ डॉ. सतरूपा मंडल और को-फाउंडर ज्ञान श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने बताया कि छोटे से बड़े क्लिनिक या स्वतंत्र रूप से प्रैक्टिस करने वाले डॉक्टरों के दैनिक प्रबंधन, मरीजों से संवाद और डिजिटल उपस्थिति को आसान बनाने के लिए यह पहल की गई है।

## आरजी कर प्रकरण: 'सूचना उजागरकर्ता' अख्तर अली के विरुद्ध आरोप तय करने की प्रक्रिया शुरू

**कोलकाता, समाज्ञा**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने आरजी कर वित्तीय अनियमितता प्रकरण में स्वयं को 'सूचना उजागरकर्ता' बताने वाले अख्तर अली के विरुद्ध आरोप निर्धारित करने हेतु अलीपुर स्थित विशेष न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया। न्यायालय ने आवेदन स्वीकार करते हुए 25 फरवरी को आरोप निर्धारण की तिथि तय की है तथा उस दिन अख्तर अली को न्यायालय में उपस्थित रहने का निर्देश दिया है।

इससे पूर्व आत्मसमर्पण करने पर न्यायालय ने उन्हें 17 तारीख तक न्यायिक हिरासत में भेजा था। अवधि समाप्त होने पर मंगलवार को उन्हें पुनः न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। सुनवाई के दौरान उन्होंने जमानत याचिका दायर नहीं की। इसी बीच अन्वेषण एजेंसी द्वारा आरोप तय करने का अनुरोध किए जाने पर न्यायालय ने उसे अनुमोदित कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, 25 फरवरी को अख्तर अली के साथ शशिकांत चंदक के विरुद्ध भी आरोप निर्धारित किए जाएंगे।

उधर, आरजी कर प्रकरण में प्रस्तुत पूरक आरोपपत्र में अन्वेषण एजेंसी ने संकेत दिया है कि आवश्यकता पड़ने पर आगे भी जांच की प्रक्रिया जारी रखी जा सकती है। एजेंसी का कहना है कि अंतिम निर्णय न्यायालय में प्रस्तुत की जाने वाली न्यायवैज्ञानिक परीक्षण रिपोर्ट पर निर्भर करेगा। यदि रिपोर्ट अनुकूल पाई जाती है तो आगे की जांच को विस्तारित किया जाएगा।

## जांच में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने हेतु उच्च न्यायालय के महत्वपूर्ण निर्देश

**कोलकाता :** अपहरण से संबंधित एक मामले की सुनवाई करते हुए कलकत्ता उच्च न्यायालय ने जांच की निष्पक्षता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए हैं। न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य ने पुरुष अन्वेषण अधिकारी को हटाकर उनके स्थान पर महिला अधिकारी की नियुक्ति करने का आदेश दिया।



अदालत ने निर्देश दिया कि डायमंड हार्बर पुलिस जिले के पुलिस अधीक्षक जांच की प्रत्यक्ष निगरानी करेंगे। साथ ही संबंधित क्षेत्र में पुलिस गश्त और निगरानी बढ़ाने को कहा गया है। यदि पीड़िता या उसका परिवार कोई नई शिकायत दर्ज कराता है, तो पुलिस अधीक्षक को स्वयं उनका पक्ष सुनकर तत्काल आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है।

न्यायालय ने यह भी उल्लेख किया कि घटना के बाद पीड़िता वर्तमान में लिलुआ में रह रही है। यदि वह पुनः बजबज लौटना चाहती है, तो उसे संबंधित थाना प्रभारी को पूर्व सूचना देनी होगी, ताकि आवश्यक सुरक्षा व्यवस्था की जा सके। न्यायमूर्ति ने स्पष्ट किया कि जांच ऐसी होनी चाहिए जिससे पीड़िता को विश्वास हो कि निष्पक्ष और सही ढंग से कार्रवाई की जा रही है।

याचिकाकर्ता के अनुसार, 1 फरवरी को उसका अपहरण किया गया। उसी दिन वह अपने पिता के साथ बजबज थाने गई, किंतु प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई। बाद में 3 फरवरी को माता के साथ जाने पर हल्की धाराओं में प्राथमिकी दर्ज की गई। आरोप है कि आरोपी हेम यादव थाने में उपस्थित होकर शिकायत वापस लेने की धमकी दे रहा था, किंतु उस समय मौजूद अन्वेषण अधिकारी ने कोई कदम नहीं उठाया। यह भी आरोप है कि मानसिक दबाव के कारण पीड़िता ने 3 फरवरी की घटना के बाद विष सेवन कर आत्महत्या का प्रयास किया।

मामले की आगामी सुनवाई निर्धारित तिथि पर की जाएगी।

### 2018 के दुष्कर्म प्रकरण में निर्णय लंबित क्यों?

## उच्च न्यायालय की नाराज़गी, जमानत याचिका अस्वीकृत

**कोलकाता :** संदेशखाली थाना क्षेत्र के वर्ष 2018 के एक दुष्कर्म प्रकरण में अब तक निर्णय न हो पाने पर कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गंभीर प्रश्न उठाए हैं। न्यायमूर्ति तीर्थंकर घोष ने मामले की सुनवाई के दौरान आरोपी की जमानत याचिका अस्वीकार कर दी।

सुनवाई के समय न्यायालय ने टिप्पणी की कि पूरे राज्य में महिलाओं के विरुद्ध अपराध, लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम तथा मादक द्रव्य संबंधी प्रकरणों जैसे संवेदनशील मामलों में न्यायिक प्रक्रिया की धीमी गति चिंताजनक है। अनेक मामलों में वर्षों तक निचली अदालतों में सुनवाई लंबित रहना न्याय व्यवस्था की प्रभावशीलता पर प्रश्नचिह्न खड़ा करता है।

न्यायमूर्ति ने कहा कि इस प्रकार के मामलों में समन्वय और प्रभावी निगरानी का अभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। इसी कारण उच्च न्यायालय ने निर्देश दिया है कि राज्य के प्रत्येक जिले में संवेदनशील अपराधों से जुड़े मामलों की प्रगति की निगरानी के लिए एक-एक नोडल अधिकारी नियुक्त किया जाए।

कानूनी विशेषज्ञों का मानना है कि न्यायालय के इस निर्देश से ऐसे मामलों के शीघ्र निस्तारण के लिए प्रशासनिक सक्रियता बढ़ेगी और पीड़ितों को समयबद्ध न्याय मिलने की दिशा में पहल होगी।

## स्वामी विवेकानंद के 129वें 'ग्लोरियस कोलकाता रिटर्न डे' पर 19 फरवरी को चलेगी स्पेशल ईएमयू ट्रेन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने 19 फरवरी को स्वामी विवेकानंद के 129वें 'ग्लोरियस कोलकाता रिटर्न डे' के अवसर पर बजबज से सियालदह के बीच विशेष ईएमयू ट्रेन चलाने की घोषणा की है। उल्लेखनीय है कि, 19 फरवरी 1897 को स्वामी विवेकानंद पश्चिमी देशों में विश्व धर्म सम्मेलन में ऐतिहासिक भाषण देने के बाद कोलकाता लौटे थे। वे मद्रास (अब चेन्नई) से जहाज द्वारा बजबज पहुंचे थे। अस्वस्थता के कारण चिकित्सकों की सलाह पर जहाज में नारियल लादे गए थे, जिन्हें स्वामीजी ने सहयात्रियों में वितरित कर दिया।

यात्रा के दौरान उनके प्रेरक भाषणों ने लोगों को अत्यंत प्रभावित किया। ऐतिहासिक विवरण के अनुसार, उनके स्वागत के लिए महाराजा दरभंगा की अध्यक्षता में समिति गठित की गई थी तथा बजबज से सियालदह तक विशेष ट्रेन चलाई गई थी। सियालदह स्टेशन पर लगभग 20,000 लोगों ने उनका उत्साहपूर्ण स्वागत किया था।

इसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस वर्ष 19 फरवरी को सुबह 09:55 बजे बजबज से विशेष ईएमयू ट्रेन प्रस्थान कर 10:52 बजे सियालदह पहुंचेगी। यह ट्रेन मार्ग के सभी स्टेशनों, फ्लैग और हॉल्ट स्टेशनों पर रुकेगी। पूर्व रेलवे ने कहा कि यह विशेष सेवा स्वामी विवेकानंद के भारतीय धर्म एवं दर्शन के वैश्विक प्रसार में उनके महान योगदान को श्रद्धांजलि स्वरूप संचालित की जाती है।

## सीडब्ल्यूबीटीए ने जीआई कनेक्ट ट्रेड फेयर 2026 के लिए भव्य लॉन्च संगोष्ठी आयोजित की

❑ **28 से 30 मई 2026 को सजेगा जीआई कनेक्ट ट्रेड फेयर**

**कोलकाता, समाज्ञा :** कॉन्फेडरेशन ऑफ वेस्ट बंगाल ट्रेड एसोसिएशंस (सीडब्ल्यूबीटीए) ने जीआई कनेक्ट ट्रेड फेयर-कम-बायर सेलर मीट 2026 की औपचारिक घोषणा के लिए मंगलवार को एक भव्य लॉन्च संगोष्ठी का आयोजन किया। यह आयोजन 28, 29 और 30 मई 2026 को प्रस्तावित है। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना और हनुमान वंदना से हुई, जिसमें 800 से अधिक छात्र, व्यापारी प्रतिनिधि, निर्यातक, उद्योग जगत के नेता और संस्थागत हितधारक उपस्थित रहे।

मुख्य अतिथि सुनील सिंघी, अध्यक्ष, नेशनल ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड,




वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। उन्होंने जीआई उत्पादों के लिए ब्रांडिंग, बाजार पहुंच और निर्यात सुदृढ़ीकरण पर बल दिया। इस अवसर पर सीडब्ल्यूबीटीए के अध्यक्ष सुशील पोद्दार, डॉ. स्मिता शाह, जीआई कनेक्ट कन्वेनर एन.के. कपाड़िया, प्रदीप लुहारिवाला, को-कन्वेनर बी.के. संचेती, विभोर टंडन, अरुण गरोडिया, आदमास विश्वविद्यालय से अरविंद पांडेय तथा सुमित दास सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। पैनल चर्चा में डॉ. चैताली दास (संस्थापक, रक्षक फाउंडेशन), अक्षय बिनजराजका (उद्यमी एवं वैश्विक व्यापार विशेषज्ञ), सुमित दासगुप्ता (निदेशक-इंडस्ट्री प्रमोशन एंड कोलैबोरेशन, आदमास विश्वविद्यालय), सीताकांत मंडल (रीजनल हेड, एपीडा-पूर्वी क्षेत्र), शाश्वता मुखर्जी (कॉरपोरेट एचआर लीडर) और डॉ. बिधान दास (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ पैकेजिंग) ने जीआई पारिस्थितिकी तंत्र के भविष्य पर विचार रखे। आयोजकों ने विश्वास जताया कि जीआई कनेक्ट 2026 भारत के विरासत उत्पादों को वैश्विक बाजार से जोड़ने में मील का पत्थर साबित होगा।

## ईडीआईआई ने 'एंटरप्रेन्योरशिप फॉर टेक स्टार्टअप्स' में पीजीडीएम की घोषणा की

**कोलकाता :** एंटरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (ईडीआईआई), जो भारत में उद्यमिता शिक्षा का अग्रणी संस्थान है, ने बेंगलुरु में एंटरप्रेन्योरशिप फॉर टेक स्टार्टअप्स में पीजीडीएम की घोषणा की। यह एआईसीटीई अनुमोदित प्रबंधन कार्यक्रम तकनीकी पेशेवरों को उद्यमिता संबंधी शिक्षा, मेंटरशिप और वेंचर-बिल्डिंग सहायता प्रदान करने के उद्देश्य से तैयार किया गया है, ताकि वे अपने उच्च संभावनाशील विचारों को सफल स्टार्टअप में बदल सकें। डॉ.सुनील शुक्ला, डायरेक्टर जनरल, ईडीआईआई ने कहा, बेंगलुरु देश की तकनीकी गतिविधियों का केंद्र है और कर्नाटक स्टार्टअप उछाल के केंद्र में है। ऐसे में टेक स्टार्टअप्स विशेषज्ञता की शुरुआत के लिए यह उपयुक्त स्थान है।

## भारत1डॉटएआई ने बैंगलुरू में दुनिया का पहला 'ह्युमेनिटी फर्स्ट' एआई सिटी किया लॉन्च

**कोलकाता, समाज्ञा :** इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में भारत1डॉटएआई ने बैंगलुरू में दुनिया के पहले ह्युमेनिटी फर्स्ट एआई सिटी के निर्माण की योजना का अनावरण किया। इस पहल का पहला चरण बी1एआई सुपरपार्क होगा, जो 50,000 वर्गफीट में फैले एआई रिसर्च और इनोवेशन कैंपस के रूप में तैयार होगा। इसमें एआई मॉडल प्रशिक्षण, फाइन-ट्यूनिंग, इंटरफेस डेवलपमेंट और वास्तविक दुनिया में सुरक्षित, मानवीय मूल्यों के अनुरूप यूनिवर्सल बेसिक इंटेलिजेंस की स्ट्रेस-टेस्टिंग होगी। सुपरपार्क में भारतीय और अंतरराष्ट्रीय स्टार्टअप्स, विश्वविद्यालय और रिसर्च लैब्स से 10,000 से अधिक एआई शोधकर्ता काम करेंगे। अग्रणी संस्थान जैसे आईआईटी कानपुर, आईआईएससी और बीआईटीएस पिलानी फाउंडेशनल पार्टनर हैं। सीईओ उमाकांत सोनी ने कहा, हम वास्तविक दुनिया में एआई को जिम्मेदारी के साथ विकसित करने पर ध्यान दे रहे हैं। यह पहल भारत को ग्लोबल एआई इकोसिस्टम में एक जिम्मेदार नेतृत्व देने का अवसर है।

## एएम/एनएस इंडिया ने 'वाइब्रेंस' और 'ऑप्टिमा' के साथ वैल्यू-एडेड स्टील पोर्टफोलियो का किया विस्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्सेलरमित्तल निप्पॉन स्टील इंडिया (एएम/एनएस इंडिया) ने घरेलू उपकरण और औद्योगिक विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ती मांग को ध्यान में रखते हुए अपने वैल्यू-एडेड स्टील पोर्टफोलियो में दो नए प्रीमियम ब्रांडेड उत्पाद एएम/एनएस वाइब्रेंस और एएम/एनएस ऑप्टिमा लॉन्च किए हैं। कंपनी के अनुसार, ये उत्पाद विशेष रूप से ओईएम कंपनियों की सटीकता, आकर्षक फिनिश और दीर्घकालिक विश्वसनीयता की जरूरतों को पूरा करने के लिए विकसित किए गए हैं। डायरेक्टर एवं वाइस प्रेसिडेंट (सेल्स एंड मार्केटिंग) रंजन धर ने कहा कि विश्वस्तरीय वैल्यू-एडेड स्टील की देश में उपलब्धता 'आत्मनिर्भर भारत' और 'मेक इन इंडिया' विजन को मजबूत करेगी। एएम/एनएस वाइब्रेंस एक प्रीमियम कलर-कोटेड स्टील है, जो रेफ्रिजरेटर, वॉशिंग मशीन और अन्य उपकरणों में उपयोगी है, जबकि एएम/एनएस ऑप्टिमा ट्रू जीरो-स्पैंगल गैल्वनाइज्ड स्टील है, जो एसी यूनिट्स और औद्योगिक पैनलों के लिए उपयुक्त है। भारत में कोटेड स्टील की मांग तेज़ी से बढ़ रही है, जिससे इन उत्पादों की रणनीतिक अहमियत और बढ़ गई है।

### उच्च माध्यमिक परीक्षा देने जा रहे तीन परीक्षार्थी सड़क दुर्घटना में हुए घायल

**पश्चिम मेदिनीपुर :** जिले के शालबनी थाना क्षेत्र में मंगलवार की सुबह उच्च माध्यमिक परीक्षा देने जा रहे तीन परीक्षार्थी सड़क दुर्घटना में घायल हो गए। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए घायलों को अस्पताल पहुंचाया और बाद में परीक्षा केंद्र तक पहुंचाने की व्यवस्था की। पुलिस सूत्रों के अनुसार, घायल विद्यार्थियों के नाम मिथुन सिंह, शिवम बाग और उज्ज्वल पात्र हैं। तीनों शालबनी के खान्दिबांध कोकिलमणि हाई स्कूल के छात्र हैं। मंगलवार की सुबह करीब 9.30 बजे वे बाइक से परीक्षा केंद्र जा रहे थे। मानकुड़ी इलाके में पहुंचते ही चालक अचानक वाहन पर नियंत्रण खो बैठा, जिससे बाइक अनियंत्रित होकर सड़क पर पलट गई। हादसे में तीनों छात्र घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को खबर दी। शालबनी थाने की पुलिस ने तत्काल पहुंचकर घायलों को निकटवर्ती अस्पताल में भर्ती कराया, जहां प्राथमिक उपचार किया गया। उपचार के बाद शिवम और उज्ज्वल को परीक्षा केंद्र भेज दिया गया।

## सड़क हादसे में घायल उच्च माध्यमिक परीक्षार्थी ने पुलिस की मदद से दी परीक्षा



**हुगली :** गोघाट के बेंगाई ग्राम पंचायत क्षेत्र में उच्च माध्यमिक परीक्षा देने जा रही एक छात्रा सड़क दुर्घटना का शिकार हो गई, जिससे इलाके में हड़कंप मच गया। जानकारी के अनुसार, बेंगाई के चंडीपुर गांव की रहने वाली छात्रा साइकिल से परीक्षा केंद्र गोघाट हाई स्कूल जा रही थी। उसी दौरान सामने से तेज रफ्तार में आ रही एक मोटरसाइकिल ने उसकी साइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह सड़क पर गिरकर घायल हो गई। सूचना मिलते ही गोघाट थाने के सिविक पुलिसकर्मी तुरंत मौके पर पहुंचे। घायल छात्रा को तत्काल गोघाट ग्रामीण अस्पताल ले जाया गया। चिकित्सकों ने बताया कि उसकी हालत स्थिर है और वह परीक्षा में शामिल हो सकती है। इसके बाद मानवता की मिसाल पेश करते हुए पुलिसकर्मियों ने छात्रा को सुरक्षित परीक्षा केंद्र तक पहुंचाया। पुलिस की तत्परता और संवेदनशीलता से परिवार व स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। हालांकि यह घटना सड़क सुरक्षा पर सवाल खड़े करती है, लेकिन पुलिस की पहल की इलाके में सराहना की जा रही है।

## हेरिटेज लॉ कॉलेज में 'न्याय दृष्टि' जर्नल का भव्य विमोचन

**कोलकाता, समाज्ञा**

हेरिटेज लॉ कॉलेज ने 'न्याय दृष्टि - जर्नल ऑफ हेरिटेज लॉ कॉलेज' के विमोचन के अवसर पर एक गरिमामय शैक्षणिक कार्यक्रम का आयोजन किया। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में चित्ततोष मुखर्जी (सेवानिवृत्त), पूर्व मुख्य न्यायाधीश, कलकत्ता एवं बॉम्बे उच्च न्यायालय, उपस्थित रहे। अपने विचारोत्तेजक संबोधन में न्यायमूर्ति मुखर्जी ने विधि क्षेत्र में करियर निर्माण की प्रक्रिया पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एक सफल वकील के रूप में स्वयं को स्थापित करने के लिए धैर्य, समर्पण और निरंतर परिश्रम आवश्यक है तथा कम से कम दस वर्षों के केंद्रित अभ्यास के बाद ही मजबूत पहचान बनती है।

कार्यक्रम में हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के कार्यकारी निदेशक प्रबीर रॉय, कलकत्ता विश्वविद्यालय की पूर्व प्रो-वाइस चांसलर ममता



चौधरी (राय), निदेशक प्रो.एस.एस. चटर्जी, प्रिंसिपल एडवाइजर (एजुकेशन) प्रो. सौविक भट्टाचार्य, हेरिटेज इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी के प्राचार्य प्रो. बसब चौधुरी तथा द हेरिटेज स्कूल की प्राचार्या सीमा सप्रू सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर न्यायमूर्ति मुखर्जी को विधि जगत में उनके आजीवन योगदान के लिए 'मान पत्र' प्रदान कर सम्मानित किया गया।

हेरिटेज ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस के सीईओ प्रदीप अग्रवाल ने कहा कि 'न्याय दृष्टि' का शुभारंभ विधि शिक्षा में शोध और बौद्धिक जिज्ञासा को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह जर्नल विद्यार्थियों, शिक्षाविदों और विधि विशेषज्ञों को समसामयिक कानूनी एवं संवैधानिक मुद्दों पर सार्थक संवाद का मंच प्रदान करेगा।

# मध्याह्न भोजन में विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंडा, पोषण पर राज्य सरकार का विशेष जोर

**कोलकाता :** राज्य सरकार ने मध्याह्न भोजन योजना के अंतर्गत विद्यार्थियों के पोषण स्तर को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से अतिरिक्त अंडा देने का निर्णय लिया है। अब राज्य के 81 लाख 19 हजार 415 विद्यार्थियों को प्रत्येक माह 12 दिनों तक अतिरिक्त अंडा उपलब्ध कराया जाएगा। यह व्यवस्था 31 मार्च तक प्रभावी रहेगी। इस संबंध में विद्यालय शिक्षा विभाग ने आधिकारिक अधिसूचना जारी की है।

ज्ञातव्य है कि 27 नवंबर 2024 को केंद्रीय शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर मध्याह्न भोजन मद में आवंटन राशि बढ़ाने



की घोषणा की थी। प्राथमिक स्तर पर प्रति छात्र 74 पैसे तथा उच्च प्राथमिक स्तर पर 1 रुपया 12 पैसे की वृद्धि की गई थी।

इस वृद्धि के बाद पूर्व-प्राथमिक से लेकर पांचवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए प्रति छात्र 6 रुपये 19 पैसे निर्धारित किए गए, जिसमें केंद्र सरकार 3 रुपये 71 पैसे का वहन करेगी। इसके पश्चात दिसंबर में राज्य के विद्यालय शिक्षा विभाग ने अधिसूचना जारी कर प्रति छात्र 2 रुपये 48 पैसे देने की घोषणा की।

उच्च प्राथमिक अर्थात छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए प्रति छात्र कुल 9 रुपये 29 पैसे निर्धारित किए गए हैं। इसमें से 5 रुपये 57 पैसे केंद्र सरकार तथा 3 रुपये 72 पैसे राज्य सरकार द्वारा दिए जाएंगे।

राज्य सरकार का कहना है कि अतिरिक्त अंडा देने से विद्यार्थियों के पोषण स्तर में सुधार होगा और विद्यालयों में उपस्थिति भी बढ़ेगी।

## पूर्व रेलवे ने तीन दिनों में 12 अवैध ट्रैक पार बिंदु स्थायी रूप से बंद किए

**कोलकाता, समाज्ञा**

पूर्व रेलवे ने रेल सुरक्षा को सुदृढ़ करने के उद्देश्य से तीन दिनों में 12 चिन्हित अवैध ट्रेसपासिंग (ट्रैक पार) बिंदुओं को स्थायी रूप से सील कर दिया गया। यह अभियान 14 से 16 फरवरी 2026 के बीच चलाया गया। यह कार्रवाई 'सेफ्टी फर्स्ट' सिद्धांत के प्रति रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। रेलवे प्रशासन के अनुसार, ट्रैक पार करना रेल दुर्घटनाओं के प्रमुख कारणों में से एक है। तेज गति से चलती ट्रेन को आपातकालीन ब्रेक के बावजूद रोकने में सैकड़ों मीटर की दूरी लगती है। ऐसे में ट्रेन की रफ्तार का गलत अनुमान या तेज रफ्तार रेक के कारण उत्पन्न 'सक्शन इफेक्ट' कुछ ही क्षणों में जानलेवा साबित हो सकता है। अवैध क्रॉसिंग से न केवल जनहानि होती है, बल्कि ट्रेनों की समयपालन व्यवस्था और रेल संरचना भी प्रभावित होती है। हाल ही में चलाए गए अभियान के तहत सीतारामपुर-जसीडीह खंड में 5, देवघर-दुमका तथा जसीडीह-झाझा सेक्शन में 3-3 और मधुपुर-गिरिडीह खंड में 1 संवेदनशील स्थल को हेवी-ड्यूटी वर्टिकल स्लीपर और उन्नत रेल वेल्डिंग तकनीक से बंद किया गया। रेलवे ने नागरिकों से अपील की है कि वे फुट ओवर ब्रिज और अधिकृत मार्गों का ही उपयोग करें।

## दक्षिण पूर्व रेलवे ने मनाया 70वां रेलवे सप्ताह, 81 अधिकारी-कर्मचारी हुए सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण पूर्व रेलवे ने गार्डन रीच स्थित एसईआर मुख्यालय में 70वां रेलवे सप्ताह विशिष्ट रेल सेवा पुरस्कार-2025 समारोह का भव्य आयोजन किया। समारोह में महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके साथ अपर महाप्रबंधक सौमित्र मजूमदार, वरिष्ठ उप महाप्रबंधक सुरिंदर पाल, सभी प्रधान विभागाध्यक्ष तथा चारों मंडलों के मंडल रेल प्रबंधक भी मौजूद रहे।




वर्ष 2024-25 के दौरान उत्कृष्ट सेवा और कर्तव्यनिष्ठा के लिए कुल 81 चयनित रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इसके अलावा 35 कर्मचारियों को रेल सेवा पुरस्कार-2024 तथा 37 कर्मचारियों को रेल सेवा पुरस्कार-2025 प्रदान किए गए। सर्वश्रेष्ठ समग्र प्रदर्शन के लिए आद्रा मंडल को ओवरऑल एफिशिएंसी शील्ड से नवाजा गया। विभिन्न श्रेणियों में कुल 33 दक्षता शील्ड अलग-अलग मंडलों और इकाइयों को प्रदान की गईं। टाटानगर रेलवे स्टेशन को सर्वश्रेष्ठ रखरखाव स्टेशन घोषित किया गया।

समारोह को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक अनिल कुमार मिश्रा ने माल एवं यात्री सेवाओं में क्षेत्र की उपलब्धियों का उल्लेख किया। अप्रैल से जनवरी 2026 के बीच 171 मिलियन टन माल लदान कर 15,708 करोड़ का राजस्व अर्जित किया गया। वहीं, जनवरी 2026 तक लगभग 18.6 करोड़ यात्रियों को परिवहन कर 2,474 करोड़ का प्रारंभिक यात्री किराया राजस्व प्राप्त हुआ। उन्होंने कर्मचारियों से यात्रियों और माल ग्राहकों की संतुष्टि सुनिश्चित करने का आह्वान किया तथा संघों व ट्रेड यूनियनों के सहयोग की सराहना की। समारोह में सांस्कृतिक दल ने रंगारंग प्रस्तुति भी दी।

# टीएमसी अपनी हार को बचाने के लिए घुसपैठिया परस्त हो गई है : सुधांशु त्रिवेदी

**कोलकाता, समाज्ञा :** भाजपा सांसद सुधांशु त्रिवेदी ने मंगलवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि टीएमसी अपनी हार को बचाने के लिए घुसपैठिया परस्त हो गई है। इस दिन, सुधांशु त्रिवेदी ने कोलकाता में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुझे लगता है कि आगामी विधानसभा चुनाव में अपनी हार को पक्का मानकर टीएमसी की मुखिया पूरी तरह से बदहवास हो चुकी हैं। ममता के दिल्ली दौरे को लेकर भाजपा सांसद ने तंज कसते हुए कहा कि उनकी मन की भावना यह थी कि वह एसआईआर के जरिए फर्जी वोटरों को बचाने के लिए काला कोट पहनकर 1500 किलोमीटर दूर दिल्ली पहुंच गईं, लेकिन अपने आवास से सात किलोमीटर दूर



आनंदपुर में भीषण आग की जो घटना हुई, वहां जाना मुख्यमंत्री ने ठीक नहीं समझा। उन्होंने कहा कि जहां तक एसआईआर की बात है, तो सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि यह एक प्रोसेस है जो पूरी ट्रांसपेरेंसी के साथ हो रहा है। मैं यह कहना चाहता हूं कि टीएमसी अपनी हार को सामने देखकर कुंठाग्रस्त हो गई है, इसीलिए हार को बचाने के लिए घुसपैठिया परस्त हो गई है।

कोलकाता के आईपैक ऑफिस पर ईडी की रेड को लेकर सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि ममता बनर्जी खुद वहां गईं। आमतौर पर, एक मुख्यमंत्री खुद फाइल नहीं उठाता, उसके साथ कोई साथी होता है, लेकिन मुख्यमंत्री ने फाइल अपने हाथ में ली, जिसका मतलब है कि उसे अपने पर्सनल स्टाफ पर भी भरोसा नहीं था। ऐसे में एक चीज साफ है कि जिसे अपनी पुलिस, अपने प्रशासन और अपने पर्सनल स्टाफ पर भरोसा नहीं है, वह दिख रहा है। मुझे लगता है कि ममता बनर्जी से जनता का भरोसा भी उठ गया है। भाजपा सांसद ने हाई कोर्ट का जिक्र करते हुए कहा कि पश्चिम बंगाल ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां बॉर्डर पर फेंसिंग के लिए जमीन अलॉट नहीं की गई है और हाई कोर्ट को दखल देना पड़ा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने इसे लेकर कई बार बयान दिए हैं। यह दर्शाता है कि राष्ट्रीय सुरक्षा की कीमत पर राजनीति की जा रही है, और बंगाल में जनता देख रही है और इसका जवाब देगी।

## भाजपा सांसद का आरोप – तृणमूल सरकार की नीतियों से ठप पड़ रहा है बंगाल का विकास

**कोलकाता, समाज्ञा : राज्य की औद्योगिक स्थिति और राज्य सरकार की नीतियों को लेकर मंगलवार को भाजपा ने तीखा हमला बोला। महानगर के कला मंदिर में 'बंगाल मोमेंट-पॉलिसी, प्रोफेशनल व प्रोग्रेस' विषय पर राष्ट्रीय चेतना मंच द्वारा आयोजित सम्मेलन में भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं सांसद डॉ सुधांशु त्रिवेदी ने तृणमूल कांग्रेस सरकार पर राज्य के विकास की अनदेखी करने का आरोप लगाया। डॉ. त्रिवेदी ने कहा कि एक समय पश्चिम बंगाल देश की जीडीपी में 10 प्रतिशत से अधिक योगदान देता था, लेकिन अब यह घटकर 5.48 प्रतिशत रह गया है। उन्होंने इसे राज्य में उद्योगों के लगातार पतन का संकेत बताते हुए कहा कि जहां अन्य राज्य औद्योगिक प्रगति की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं, वहीं बंगाल में उद्योगों की संख्या कम होती जा रही है। उनके अनुसार किसी भी राज्य के विकास में सरकारी नीतियां निर्णायक भूमिका निभाती हैं, परंतु यहां की नीतियों के कारण नए उद्योग स्थापित नहीं हो पा रहे हैं और पुराने उद्योग भी बंद होने की कगार पर हैं। उन्होंने तृणमूल कांग्रेस पर तुष्टीकरण की राजनीति करने और वोट बैंक के लिए काम करने का आरोप लगाया।**

## आरजी कर मामला : माता-पिता ने 'बड़ी साजिश' के पहलू की जांच के लिए अदालत में दायर की याचिका

**कोलकाता, समाज्ञा :** आरजी कर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अगस्त 2024 में दुष्कर्म एवं हत्या की शिकार हुई महिला चिकित्सक के माता-पिता ने मंगलवार को यहां एक अदालत में याचिका दायर की और घटना वाले दिन, रात्रिकालीन पाली के दौरान मौजूद लोगों से हिरासत में पूछताछ करने का अनुरोध किया, ताकि 'बड़ी साजिश' के पहलू की जांच की जा सके। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की जांच पर असंतोष व्यक्त करते हुए मृतका के माता-पिता ने कहा कि प्रारंभिक जांच में शामिल रहे कोलकाता पुलिस के अधिकारी से भी पूछताछ की जानी चाहिए ताकि उस 'बड़े षड्यंत्र के पहलू' की जांच की जा सके, जिसे कोलकाता पुलिस और केंद्रीय एजेंसी, दोनों की जांच में 'नजरअंदाज' किया गया। मृतका के पिता ने संवाददाताओं से कहा कि हमारा दृढ़ मत है कि हमारी बेटी के साथ कार्यस्थल पर ड्यूटी के दौरान क्रूरता की गयी और और उसकी हत्या हुई तथा इसमें केवल संजय रॉय ही एकमात्र व्यक्ति नहीं हो सकता। कुछ अन्य लोग भी थे, और हम सियालदह अदालत के समक्ष प्रार्थना करते हैं कि कोलकाता पुलिस अधिकारी सहित उन सभी को हिरासत में लेकर पूछताछ की जाए। उन्होंने कहा कि हालांकि, सीबीआई ने दावा किया है कि पॉलीग्राफ परीक्षण ने केवल संजय रॉय की संलिप्तता को निर्णायक रूप से साबित कर दिया है, लेकिन इस तरह के परीक्षण को अकाट्य सबूत के रूप में उद्धृत नहीं किया जा सकता, जैसा कि देश में कई पिछले अदालती आदेशों में उल्लेख किया गया है। मृतका के पिता ने कहा कि हमने अदालत से हमारी याचिका पर विचार करने और व्यापक साजिश के पहलुओं की पड़ताल करने का अनुरोध किया है।

## न्यूटाउन कॉम्प्लेक्स में 'दूषित' पानी पीने से बच्चे महिला समेत 300 से अधिक बीमार, जांच के आदेश

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के न्यू टाउन स्थित एक आवासीय परिसर में दूषित जल की शिकायत सामने आई है। आरोप है कि पिछले तीन सप्ताह से परिसर के ई-ब्लॉक के 300 से अधिक निवासी डायरिया से पीड़ित हैं। इनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आवास में कुल 522 निवासी रहते हैं। प्रभावित लोगों का दावा है कि लगभग हर फ्लैट में कम से कम एक व्यक्ति पेट दर्द, उल्टी और तेज बुखार से जूझ रहा है। निवासियों का आरोप है कि ओवर-हेड टैंक के समुचित रखरखाव में लापरवाही के कारण जल दूषित हो गया है। कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रबंधन की ओर से कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया। स्थिति से नाराज निवासियों ने टेक्नोसिटी थाने में शिकायत दर्ज कराई। इसके बाद, पुलिस ने परिसर का दौरा कर सुविधा प्रबंधन को तत्काल आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। मामले की जानकारी मिलने के बाद न्यू टाउन कोलकाता देवलपमेंट अथॉरिटी (एनकेडीए) भी सक्रिय हो गई है। हालांकि एनकेडीए के एक अधिकारी ने दावा किया कि पिछले सप्ताह तक जल परीक्षण रिपोर्ट में किसी प्रकार के प्रदूषण के संकेत नहीं मिले थे। उन्होंने कहा कि साप्ताहिक रूप से जल की गुणवत्ता की जांच की जाती है। शिकायत मिलने के बाद दोबारा नमूने एकत्र किए गए हैं और यह जांच की जाएगी कि समस्या जल आपूर्ति में है या आंतरिक भंडारण व्यवस्था में। फिलहाल, जांच जारी है और स्वास्थ्य विभाग भी स्थिति पर नजर बनाए हुए है।

## तुर्की पासपोर्ट के नाम पर दो बांग्लादेशी नागरिकों का अपहरण, दो आरोपी गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा :** तुर्की का पासपोर्ट और वीजा बनवाने का झांसा देकर दो बांग्लादेशी नागरिकों के अपहरण और उनसे फिरौती वसूलने का मामला प्रकाश में आया है। आरोप है कि अपहर्ताओं ने तीन लाख रुपये की रकम लेने के बाद भी अतिरिक्त धनराशि की मांग जारी रखी। मामले की सूचना मिलते ही टेक्नो सिटी थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक होटल में छापेमारी कर दोनों पीड़ितों को सकुशल मुक्त कराया तथा दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार आरोपितों में एक बांग्लादेशी नागरिक भी शामिल है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, बांग्लादेश निवासी राजीव लस्कर और जुनैद मियां हाल ही में वैध वीजा के साथ भारत आए थे और कोलकाता में ठहरे हुए थे। दोनों की योजना भारत से तुर्की जाने की थी।



तुर्की का पासपोर्ट और वीजा बनवाने के उद्देश्य से उनकी संपर्क साधन के रूप में अचिंत्य कुमार पाल नामक व्यक्ति से बातचीत हुई। जांच में यह भी सामने आया है कि गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक हुमायूं कबीर ने ही राजीव और जुनैद की पहचान अचिंत्य पाल से कराई थी। आरोप है कि पासपोर्ट बनवाने की प्रक्रिया आगे बढ़ाने के नाम पर दोनों बांग्लादेशी नागरिकों को एक होटल में बुलाया गया, जहां उन्हें कथित रूप से अवैध रूप से बंधक बनाकर रखा गया। इसके बाद उनके परिजनों से तीन लाख रुपये की फिरौती की मांग की गई। पुलिस के मुताबिक, यह रकम बांग्लादेश के एक बैंक खाते से आरोपितों के खाते में स्थानांतरित भी कर दी गई। हालांकि रकम प्राप्त होने के बाद भी अपहर्ताओं ने अतिरिक्त धनराशि की मांग जारी रखी, जिससे पूरे मामले का खुलासा हुआ।

सूचना मिलने पर टेक्नो सिटी थाना की पुलिस टीम ने तत्काल छापेमारी की कार्रवाई की। होटल से दोनों बंधक बनाए गए नागरिकों को सुरक्षित मुक्त कराया गया। अवैध रूप से बंधक बनाकर जबरन धन वसूलने के आरोप में हुमायूं कबीर और अचिंत्य कुमार पाल को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि फिलहाल आरोपितों से विस्तृत पूछताछ की जा रही है। यह भी जांच का विषय है कि अपहृत व्यक्तियों और गिरफ्तार बांग्लादेशी नागरिक के बीच किसी प्रकार की पूर्व साठगांठ तो नहीं थी। साथ ही, लेन-देन से जुड़े संभावित विवाद तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर किसी बड़े गिरोह की संलिप्तता की भी जांच की जा रही है।

## बीड़ी न मिलने पर भड़का विवाद बना जान-लेवा, दोस्त की पिटाई से युवक की मौत

**हावड़ा, समाज्ञा**

हावड़ा के उलुबेड़िया में शराब की महफिल के दौरान बीड़ी मांगने को लेकर शुरू हुआ मामूली विवाद एक व्यक्ति की मौत पर जाकर खत्म हुआ। मृतक की पहचान भोला उर्फ सीमंत दलुई (49) के रूप में हुई है। घटना जयपुर थाना क्षेत्र के झामटिया ग्राम पंचायत अंतर्गत तेलीबेड़िया इलाके की है। पुलिस ने आरोपी सागर दलुई को गिरफ्तार कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब 10 बजे भोला और सागर साथ बैठकर शराब पी रहे थे। इसी दौरान भोला ने सागर से बीड़ी मांगी। बीड़ी न होने पर दोनों के बीच कहासुनी शुरू हो गई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई। आरोप है कि सागर ने भोला की बेरहमी से पिटाई कर दी, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए।

घटना के बाद स्थानीय लोगों ने घायल भोला को आमता-2 ब्लॉक अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें घर भेज दिया गया। हालांकि, सोमवार को उनकी तबीयत फिर बिगड़ गई। दोबारा अस्पताल ले जाने पर डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर फैलते ही इलाके में तनाव फैल गया और स्थानीय लोगों ने विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित किया और आरोपी को हिरासत में लेकर बाद में गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

## विधानसभा चुनाव से पहले तृणमूल भवन में लगा 'बायोडाटा बॉक्स', नए चेहरों की तलाश तेज

**कोलकाता :** राज्य में संभावित विधानसभा चुनाव की घोषणा मार्च के आरंभ में होने की चर्चा के बीच सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस ने प्रत्याशी चयन प्रक्रिया को लेकर नई पहल की है। कोलकाता स्थित तृणमूल भवन में 'बायोडाटा बॉक्स' स्थापित किया गया है, जिसमें चुनाव लड़ने के इच्छुक व्यक्ति अपना विवरण जमा कर सकते हैं।



बताया जा रहा है कि यह कदम पार्टी प्रमुख ममता बनर्जी के निर्देश पर उठाया गया है। राजनीतिक हलकों में चर्चा है कि पार्टी इस बार नए चेहरों को अवसर देने पर विचार कर रही है।

सूत्रों के अनुसार, बॉक्स लगाए जाने के बाद से अब तक लगभग सौ से अधिक आवेदन प्राप्त हो चुके हैं। आवेदकों में चिकित्सक, समाजसेवी तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े लोग शामिल हैं। कई वर्तमान और पूर्व विधायक तथा मंत्री भी आवेदन देने में रुचि दिखा रहे हैं।

जानकारी के मुताबिक, चिकित्सक मृणालकांति साहा, जिन्होंने लंबे समय तक मदर टेरेसा के साथ कार्य किया है, ने भी अपना बायोडाटा जमा किया है। समाजसेवी एनामुल हक ने भी आवेदन दिया है। इसके अतिरिक्त पूर्व विधायक चांद मोहम्मद, मेमारी के विधायक मधुसूदन भट्टाचार्य तथा मालदा के मंत्री ताजमुल हुसैन सहित कई जनप्रतिनिधियों ने भी आवेदन करने में रुचि दिखाई है।

पार्टी सूत्रों का कहना है कि सभी आवेदनों की समीक्षा के बाद ही अंतिम रूप से प्रत्याशियों के नाम घोषित किए जाएंगे।

## संगठनात्मक कमजोरी दूर करने के लिए भाजपा का 'युवा अड्डा' अभियान, चुनाव से पहले जनसंपर्क पर जोर

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए राज्य में संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी ने नया जनसंपर्क अभियान शुरू किया है। 'युवा अड्डा' नामक इस कार्यक्रम के माध्यम से पार्टी जमीनी स्तर पर युवाओं और आम मतदाताओं से संवाद बढ़ाने की कोशिश कर रही है। दल के आंतरिक आकलन के अनुसार, राज्य में अभी भी निचले स्तर पर संगठनात्मक कमजोरी और जनसंपर्क की कमी बनी हुई है। विशेष रूप से ग्रामीण और मोहल्ला स्तर पर मतदाताओं तक प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने की आवश्यकता महसूस की जा रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए यह पहल की गई है।

मंगलवार से शुरू हुआ यह अभियान 25 फरवरी तक चलेगा। कार्यक्रम के तहत पेड़ के नीचे, तालाब किनारे या घर के आंगन में चटाई बिछाकर बैठकों और चाय पर चर्चा के माध्यम से स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया जाएगा। पार्टी कार्यकर्ता आम जनता की समस्याओं और मनोभावों को समझने का प्रयास करेंगे। परीक्षा सत्र के कारण ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग पर प्रतिबंध होने से पारंपरिक प्रचार सीमित है। ऐसे में जनसंपर्क बढ़ाने के लिए यह वैकल्पिक पहल की गई है। पार्टी का लक्ष्य है कि चुनाव से पहले जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाकर संगठन को सशक्त बनाया जाए और मतदाताओं के बीच विश्वास मजबूत किया जाए।

## बासंती में नाबालिग लड़कियों की तस्करी का आरोप, उच्च न्यायालय ने मामला दायर करने की अनुमति दी

**कोलकाता :** दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती क्षेत्र में नाबालिग लड़कियों की कथित तस्करी और पुलिस की निष्क्रियता के आरोपों को लेकर मामला कलकत्ता उच्च न्यायालय में उठाया गया है। न्यायमूर्ति हिरण्मय भट्टाचार्य ने इस संबंध में याचिका दायर करने की अनुमति प्रदान की है। याचिका में नाबालिगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा अपराध अन्वेषण विभाग से जांच कराने की मांग की गई है।



याचिकाकर्ता की ओर से आरोप लगाया गया है कि बसंती थाना क्षेत्र में दो नाबालिग लड़कियों को दो बार तस्करी का शिकार बनाया गया। पहली बार घटना के बाद प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, किंतु पुलिस ने कथित रूप से कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की। स्थानीय लोगों की सहायता से दोनों लड़कियां वापस लौट आईं। आरोप है कि इस मामले में एक पंचायत सदस्य का नाम सामने आया है, जिससे क्षेत्र में भय का वातावरण बना हुआ है।

बताया गया है कि दूसरी बार भी उन नाबालिगों को तस्करी के उद्देश्य से ले जाया गया, बाद में पंचायत प्रधान के हस्तक्षेप से उन्हें वापस लाया गया। याचिका में प्रश्न उठाया गया है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद पुलिस ने समय पर कार्रवाई क्यों नहीं की और दोबारा घटना कैसे घटित हो गई।

उच्च न्यायालय द्वारा मामला दायर करने की अनुमति दिए जाने के बाद इस सप्ताह ही सुनवाई होने की संभावना है। याचिका में मामले की स्वतंत्र और निष्पक्ष जांच अपराध अन्वेषण विभाग से कराने की मांग की गई है।

## मेदिनीपुर में सड़क हादसे में शिक्षिका सहित दो की मौत, तीन घायल

**मेदिनीपुर :** जिले के मेदिनीपुर-केशपुर राज्य मार्ग पर माईतिगोला के पास मंगलवार दोपहर 1 बजे करीब एक भयंकर सड़क हादसा हुआ, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। मृतकों में एक शिक्षिका और मारुति वैन का चालक शामिल है। जानकारी के अनुसार, मृत शिक्षिका रूपा प्रामाणिक (44) केशपुर गर्ल्स हाई स्कूल में अंग्रेजी की शिक्षक थीं। उन्होंने मंगलवार को मुण्डलिका हाई स्कूल में उच्च माध्यमिक परीक्षा के लिए स्कूल में निरीक्षक की ड्यूटी पूरी कर घर लौट रही थीं। उनके साथ कक्षाओं की सहकर्मी कंकना सांतरा (49), गणित शिक्षिका भी वैन में मौजूद थीं। कंकना को गंभीर चोटें आई हैं और उन्हें मेदिनीपुर मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दुर्घटना में दो बाइक सवार भी घायल हुए हैं, जिनका भी उपचार वहीं चल रहा है। मारुति वैन का चालक की पहचान नहीं हो पाई है। पुलिस ने बताया कि दुर्घटना के समय, मारुति वैन के सामने मेदिनीपुर की ओर से एक सीमेंट भर्ती ट्रक आ रहा था। माईतिगोला के पास ट्रक अनियंत्रित होकर मारुति वैन से टकरा गया। टक्कर के बाद वैन सड़क पर पलट गई और पीछे से आती दो बाइक उसमें टकरा गईं। स्थानीय लोगों ने तुरंत मदद की और पुलिस को सूचना दी। जिला पुलिस ने बताया कि हादसे में शामिल ट्रक को जब्त कर लिया गया है। ट्रक का चालक और खलासी फरार हैं, उनकी तलाश की जा रही है।



हावड़ा के रेल म्यूजियम के पास नित्याधन मुखर्जी रोड पर स्थित शिव मंदिर में महाशिवरात्रि के मौके पर गंगेश्वर महादेव सेवा ट्रस्ट द्वारा बाबा का भव्य श्रृंगार किया गया।

## कोल इंडिया को 'बेस्ट एंटरप्राइज रिकग्निशन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया

**कोलकाता, समाज्ञा :** देश की प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) को 'फोरम ऑफ वीमेन इन पब्लिक सेक्टर' (डबल्यूआईपीएस) की 36वीं राष्ट्रीय बैठक में 'बेस्ट एंटरप्राइज रिकग्निशन अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह प्रतिष्ठित समारोह 11 फरवरी 2026 को मुंबई में आयोजित हुआ, जो एससीओपीई (स्टैंडिंग कॉन्फ्रेंस ऑफ पब्लिक एंटरप्राइजेज) के तत्वावधान में आयोजित हुआ। भारत सरकार के कोयला मंत्रालय के मार्गदर्शन एवं सहयोग तथा सीआईएल के चेयरमैन बी. साईराम और निदेशक (मानव संसाधन) डॉ. विनय रंजन के दूरदर्शी नेतृत्व में कंपनी देश की ऊर्जा आवश्यकताओं की पूर्ति में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। यह पुरस्कार सार्वजनिक क्षेत्र में उत्कृष्टता, लैंगिक समानता और नेतृत्व विकास को बढ़ावा देने के लिए कोल इंडिया के सतत प्रयासों तथा समुदाय स्तर पर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में की गई पहलों को रेखांकित करता है। यह



सम्मान सीआईएल की ओर से रेखा पांडे (जीएम-एचआर/सीएसआर, डब्ल्यूपीएस सीजीबी सदस्य), मिष्टु बनर्जी (प्रबंधक-एचआर), निशा रंजन (प्रबंधक-एचआर) और सुश्री (प्रबंधक-सिस्टम) ने प्राप्त किया।

## पुलिस पर अवैध वसूली के आरोप लगाने वाले भाजपा विधायक को साक्ष्य सहित पेश होने का समन

**पूर्व मेदिनीपुर :** जिले में भाजपा विधायक अशोक डिंडा को पुलिस ने तलब किया है ताकि वह अपने इस आरोप के संबंध में ठोस सबूत पेश कर सकें कि उनके निर्वाचन क्षेत्र में कुछ पुलिस कर्मी मछली लदे ट्रकों से जबरन वसूली करते हैं। पुलिस अधीक्षक (प्रभारी) मिथुन दे ने मंगलवार को पत्रकारों को बताया कि हाल में एक जनसभा में, डिंडा ने अपने निर्वाचन क्षेत्र मोयना में तैनात पुलिस कर्मियों के बारे में कुछ दावे किए थे। उन्होंने कहा कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत 14 फरवरी को समन जारी किया गया। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि चूंकि, हम आम लोगों के लिए चौबीसों घंटे भ्रष्टाचार मुक्त, जनहितैषी सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं, इसलिए हमने उनसे 16 फरवरी को हमारे समक्ष बयान देने और अपने दावे के सबूत साझा करने के लिए कहा था। दे ने कहा कि उन्होंने अपने वकील के माध्यम से सूचित किया कि वह निर्धारित तिथि पर उपस्थित होने में असमर्थ हैं और दूसरी तारीख मांगी। हम उन्हें इस बारे में सूचित करेंगे। दूसरी तरफ, डिंडा ने संवाददाताओं से बात करते हुए दावा किया कि यह विपक्षी विधायक को परेशान करने का मामला है। हालांकि, भाजपा विधायक ने कहा कि वह समन से बचने की कोशिश नहीं करेंगे और 21 से 23 फरवरी के बीच का समय मांगेंगे, क्योंकि वह इस महीने की अन्य तारीखों पर बाहर रहेंगे।

## तृणमूल में शामिल होंगे 'विद्रोही कामरेड' प्रतीक उर रहमान? टिकट को लेकर अटकलें तेज

**कोलकाता :** मार्क्सवादी दल से सभी पदों से इस्तीफा देने के 24 घंटे के भीतर ही युवा नेता प्रतीक उर रहमान को लेकर राजनीतिक हलकों में चर्चाएं तेज हो गई हैं। चर्चा है कि उन्होंने वाम दल से नाता तोड़कर अब सत्तारूढ़ दल तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने का मन बना लिया है।

मंगलवार सुबह से ही इस संभावित राजनीतिक परिवर्तन को लेकर कयास लगाए जा रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, प्रतीक उर रहमान इसी सप्ताह तृणमूल में औपचारिक रूप से शामिल हो सकते हैं। हालांकि इस संबंध में न तो तृणमूल कांग्रेस और न ही स्वयं प्रतीक उर रहमान की ओर से कोई आधिकारिक बयान दिया गया है।

राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें तृणमूल का प्रत्याशी बनाया जा सकता है। बताया जा रहा है कि उन्होंने तृणमूल के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के कार्यालय से संपर्क किया है।

किस विधानसभा क्षेत्र से उन्हें उम्मीदवार बनाया जा सकता है, इसे लेकर भी अटकलें जारी हैं। सूत्रों के अनुसार, मगराहाट पूर्व या मगराहाट पश्चिम सीट पर उन्हें उतारा जा सकता है। वर्तमान में इन सीटों से क्रमशः नमिता साहा और गियासुद्दीन मोल्ला विधायक हैं। यदि प्रतीक उर को इनमें से किसी एक सीट से टिकट दिया जाता है तो मौजूदा विधायक में से किसी एक का नाम कट सकता है।

हालांकि अंतिम निर्णय क्या होगा, यह आने वाले दिनों में स्पष्ट होगा। फिलहाल राजनीतिक परिदृश्य में इस संभावित दल-बदल को लेकर चर्चाएं चरम पर हैं।

## खाटू की लाडलियों ने सजाया बाबा का भव्य दरबार



**कोलकाता :** खाटू की लाडलियों द्वारा बांधघाट स्थित गोपाल भवन में सजाया गया बाबा का भव्य दरबार, अलौकिक श्रृंगार, छप्पन भोग, नृत्य नाटिका के साथ बाबा को भजनों से रिझाया गया गई गणमान्य अतिथि एवं नेताओं ने दर्शन का लाभ लिया।कीर्तन को सफल बनाने में रीना मिश्रा, पूजा अग्रहरि, पिंकी शर्मा, संगीता अग्रवाल, मनीषा पांडेय, कविता तिवारी, माधुरी पांडेय, मधु शर्मा सभी का सहयोग रहा।



# वंदे मातरम् का अपमान देश के साथ धोखा है, अखिलेश को आरएसएस की शाखाओं में जाना चाहिए: योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की शाखाओं में जाकर इसकी परंपराओं और अनुशासन को समझने की सलाह देते हुए कहा कि राष्ट्रीय गीत वंदे मातरम् का कोई भी अपमान 'देश के साथ धोखा' है। यादव के वंदे मातरम् गाने और आरएसएस के संदर्भों पर टिप्पणी का जवाब देते हुए, आदित्यनाथ ने कहा कि सपा नेता को संगठन के कामकाज के बारे में सीखना चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा, 'अगर वह (अखिलेश) आरएसएस की शाखाओं में जाना शुरू कर देते हैं, तो वह सुबह जल्दी उठना सीख जाएंगे। यह उनके हित में होगा और इससे उनके परिवार द्वारा चलाई जाने वाली पार्टी की पहचान बनाए रखने में भी मदद मिल सकती है।'



आदित्यनाथ लखनऊ में एक निजी मीडिया हाउस द्वारा आयोजित 'विकसित भारत - समृद्ध उत्तर प्रदेश' कॉन्क्लेव को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वंदे मातरम् भारत की आज़ादी की लड़ाई का एक मंत्र रहा है और 24 जनवरी, 1950 को संविधान सभा ने इसे राष्ट्रीय गीत का दर्जा दिया था। उन्होंने कहा, 'राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान या तिरंगे का अपमान संविधान बनाने वालों, बी आर आंबेडकर और उन क्रांतिकारियों का अपमान है जो वंदे मातरम् का नारा लगाते हुए फांसी पर चढ़ गए। ऐसे काम देशद्रोह के बराबर हैं, और आज का भारत इसे स्वीकार नहीं कर सकता।'अखिलेश यादव ने सोमवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान आरएसएस पर निशाना साधते हुए कहा था, 'मुख्यमंत्री को पता ही नहीं कि प्रदेश में क्या हो रहा है। इनके अनरजिस्टर्ड संगी-साथियों ने कभी वंदे मातरम् नहीं गाया। न आजादी के पहले गाया और न आजादी के बाद गाया। इन्हें अपने अनरजिस्टर्ड संगी-साथियों से पूछना चाहिए कि आपने आजादी से पहले वंदे मातरम् क्यों नहीं गया। सुजलाम, सुफलाम क्यों नहीं गाया?' समाजवादी पार्टी पर निशाना साधते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग अपने कार्यकाल में बदलाव लाने में नाकाम रहे, वे अब दुष्प्रचार के जरिए विकास में रुकावट डालने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने दावा किया, '2017 से पहले, उत्तर प्रदेश में अराजकता, भ्रष्टाचार और भाई-भतीजावाद था। तब से, राज्य ने सभी क्षेत्रों में बदलाव देखा है और आज यह देश की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में से एक है।'

### राजस्थान : खाद्य सुरक्षा योजना में 75 लाख नए लाभार्थियों के नाम जोड़े गए

**जयपुर:** राजस्थान में खाद्य सुरक्षा योजना में 75 लाख नए लाभार्थियों के नाम जोड़े गए हैं। राज्य सरकार ने मंगलवार को विधानसभा में यह जानकारी दी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने विधानसभा में कहा कि खाद्य सुरक्षा योजना में राज्य के 75 लाख नए लाभार्थियों के नाम जोड़े गए हैं। इससे जरूरतमंद परिवारों को राहत मिली है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा योजना में नए लाभार्थियों को जोड़ने के लिए 26 जनवरी 2025 से पोर्टल खोला गया है, कोई भी पात्र व्यक्ति इस पोर्टल के माध्यम से अपना नाम इस योजना में जुड़वा सकता है। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा प्रश्नकाल के दौरान विधायक रामनिवास गावड़िया द्वारा इस संबंध में पूछे गए पूरक प्रश्नों का जवाब दे रहे थे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का ध्येय है कि प्रदेश में कोई भी पात्र नागरिक खाद्य सुरक्षा योजना के लाभ से वंचित न रहे।

### जैसलमेर जिले में अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास संदिग्ध युवक पकड़ा गया

**जैसलमेर:** जैसलमेर जिले के म्याजलार पुलिस थाना इलाके में एक युवक संदिग्ध अवस्था में घूमते हुए पकड़ा गया। पुलिस ने बताया कि सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं। पुलिस के अनुसार, यह युवक मंगलवार सुबह अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास म्याजलार क्षेत्र में संदिग्ध हालत में घूम रहा था। ग्रामीणों ने उसे पकड़ कर सीमा सुरक्षा बल को सौंपा। बल ने उसे आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने बताया कि प्राथमिक जांच में युवक की पहचान तेलंगाना निवासी मोहम्मद अशफाक हुसैन (38) के रूप में हुई। युवक के पास से भारतीय पासपोर्ट बरामद हुआ है। सुरक्षा एजेंसियां उससे पूछताछ कर रही हैं।

### उप्र : बदमाशों ने बच्ची को टंकी में फेंककर मार डाला, हमले में मां घायल

**मुजफ्फरनगर (उप्र):** मुजफ्फरनगर जिले के शाहपुर क्षेत्र में अज्ञात बदमाशों ने चार साल की एक बच्ची को पानी की टंकी में फेंककर उसकी हत्या कर दी और उसकी मां को चाकू से प्रहार करके गंभीर रूप से घायल कर दिया। पुलिस सूत्रों ने मंगलवार को बताया कि शाहपुर थाना क्षेत्र के बसीकला गांव में सोमवार देर रात घर में घुसे अज्ञात बदमाशों ने फिरदौस (40) को चाकू से प्रहार करके घायल कर दिया।

### राजस्थान विधानसभा का घेराव करने निकले कांग्रेस कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच झड़प, 12 घायल

**जयपुर:** खेल विरोधी नीतियों को समाप्त कर खिलाड़ियों को सुविधाएं और नौकरी देने की मांग को लेकर मंगलवार को राजस्थान प्रदेश कांग्रेस के खेलकूद प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता बाइस गोदाम से रैली के रूप में विधानसभा का घेराव करने निकले। कार्यकर्ताओं को रोकने के लिए पुलिस ने पानी की बौछार की। इससे पहले पार्टी कार्यकर्ता बाइस गोदाम स्थित सहकार भवन पर एकत्र होकर रैली के रूप में निकले। पुलिस ने बैरिकेड लगाकर कार्यकर्ताओं को रास्ते में ही रोक दिया। इस दौरान कार्यकर्ताओं और पुलिस के बीच धक्का-मुक्की भी हुई। कुछ कार्यकर्ताओं ने बैरिकेड हटाने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस ने पानी की बौछार का इस्तेमाल कर भीड़ को तितर-बितर किया। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के खेलकूद प्रकोष्ठ के अध्यक्ष अमीन पठान ने आरोप लगाया कि पुलिस ने बर्बरता पूर्वक लाठियां बरसाईं, जिससे 12 से ज्यादा कार्यकर्ताओं को चोट आई है।

## न्यूज अपडेट

### मुर्शिदाबाद में 'बाबरी मस्जिद' बनाने के ऐलान पर हिमंत विश्व शर्मा ने किया तंज



**लखनऊ:** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर के पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 'बाबरी मस्जिद' बनवाने के ऐलान पर तंज करते हुए कहा कि वह असली बाबरी मस्जिद नहीं बल्कि उसकी प्रतिकृति है। शर्मा ने सोमवार को मिर्जापुर में संवाददाताओं से बातचीत में तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमांयू कबीर के पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद में 'बाबरी मस्जिद' बनाने के ऐलान के बारे में पूछे गये एक सवाल पर कहा, 'वह असली बाबरी मस्जिद नहीं है। वह तो डमी है। जब असली ही नहीं रहेगा, तो डमी क्या करेगा?' तृणमूल कांग्रेस के निलंबित विधायक हुमायूं कबीर ने मुर्शिदाबाद में बाबरी मस्जिद बनवाने का ऐलान किया है। इसे लेकर राजनीतिक विवाद उठा और बयानबाजी हो रही है। विश्व हिंदू रक्षा परिषद ने इसके विरोध में उत्तर प्रदेश के लोगों से मुर्शिदाबाद तक पदयात्रा की अपील की थी।

### उच्च न्यायालय बरेली हिंसा मामले में तौकीर रजा की जमानत अर्जी पर 24 फरवरी को सुनवाई करेगा

**प्रयागराज (उप्र):** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने मंगलवार को कहा कि वह बरेली में हुई हिंसा के एक मामले में इत्तेहाद-ए-मिल्लत परिषद के प्रमुख मौलाना तौकीर रज़ा की जमानत अर्ज़ी पर 24 फरवरी को सुनवाई करेगा। यह आदेश न्यायमूर्ति आशुतोष श्रीवास्तव ने तौकीर रज़ा की ज़मानत अर्ज़ी पर सुनवाई करते हुए दिया। अभियोजन के मुताबिक, पिछले साल 26 सितंबर को मौलाना तौकीर रज़ा ने एक खास समुदाय के लोगों को बरेली के इस्लामिया इंटर कॉलेज में इकट्ठा होने के लिए कहा था। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत रोक के आदेश लागू होने के बावजूद, करीब 500 लोगों की भीड़ कथित तौर पर इकट्ठा हुई और मौलाना आजाद इंटर कॉलेज से श्यामगंज चौराहे की तरफ बढ़ी। अभियोजन ने कहा कि भीड़, जो तख्तियां थामे हुए थी और भड़काऊ नारे लगा रही थी, ने कथित तौर पर मौके पर तैनात पुलिस वालों की चेतावनी को नजरअंदाज किया।

### जल जीवन मिशन भ्रष्टाचार मामले में एसीबी ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया

**जयपुर:** राजस्थान में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने जल जीवन मिशन से जुड़े करोड़ों रुपये के कथित भ्रष्टाचार मामले में मंगलवार तड़के कार्रवाई करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार किया। इनमें वरिष्ठ अभियंता और सेवानिवृत्त अधिकारी भी शामिल हैं। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। एसीबी अधिकारियों के अनुसार, जयपुर, बाड़मेर, उदयपुर, करौली, दिल्ली और अन्य स्थानों पर मंगलवार तड़के करीब 18 टीमों ने छापेमारी कर गिरफ्तारी की। कार्रवाई के दौरान मुख्य अभियंता (प्रशासन) दिनेश गोयल, मुख्य अभियंता (ग्रामीण) के.डी. गुप्ता, अतिरिक्त मुख्य अभियंता, जयपुर द्वितीय शुभांशु दीक्षित, वित्तीय सलाहकार, नवीकरणीय ऊर्जा सुशील शर्मा, मुख्य अभियंता, चुरू नीरिल कुमार, निलंबित कार्यकारी अभियंता विशाल सक्सेना, हाल में सेवानिवृत्त अतिरिक्त मुख्य अभियंता अरुण श्रीवास्तव, हाल में सेवानिवृत्त मुख्य अभियंता और तकनीकी सदस्य डी. के. गौड़, हाल में सेवानिवृत्त अधीक्षण अभियंता महेंद्र प्रकाश सोनी को गिरफ्तार किया गया।

### जासूसी के मामले में सजा काट चुके पाकिस्तानी नागरिक को स्वदेश भेजा गया

**सहारनपुर:** जासूसी से जुड़े मामले में अपनी सजा पूरी कर लेने वाले पाकिस्तानी नागरिक इकबाल भट्टी उर्फ देवराज सहगल को सोमवार रात कड़ी सुरक्षा में पाकिस्तान वापस भेज दिया गया। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक मनोज यादव ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया, इकबाल का सोमवार रात सहारनपुर जिला अस्पताल में चिकित्सीय परीक्षण किया गया। इसके बाद मंगलवार सुबह उसे पंजाब में वाघा सीमा पर पाकिस्तानी अधिकारियों को सौंप दिया गया। इकबाल जासूसी के मामले में गौतमबुद्ध नगर जिला जेल में 17 साल तक कैद था। उसकी सजा 11 महीने पहले खत्म हो गई थी, जिसके बाद उसे 22 मार्च 2025 को रिहा कर दिया गया था और तब से वह कड़ी सुरक्षा में सहारनपुर हिरासत केंद्र में था। कागजी कार्रवाई पूरी होने के बाद उसे सोमवार रात सहारनपुर से पाकिस्तान वापस भेज दिया गया। यादव ने बताया कि इकबाल साल 2008 में सदर बाजार थाना क्षेत्र के हकीकत नगर इलाके में किराये के मकान में रह रहा था और उसने इसी पते पर जाली कागजात के जरिये मतदाता पहचान पत्र, पैन कार्ड और राशन कार्ड बनवा लिए थे।

## रामविलास पासवान के 'अपमान' को लेकर तेजस्वी माफी मांगें : लोजपा

**पटना:** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) ने मंगलवार को बिहार विधानसभा में मांग की कि राष्ट्रीय जनता दल (राजद) द्वारा किए गए पूर्व केंद्रीय मंत्री दिवंगत रामविलास पासवान के कथित अपमान को लेकर तेजस्वी यादव सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। बोधगया से राजद विधायक कुमार सर्वजीत ने पिछले सप्ताह पासवान की राजनीतिक यात्रा के संदर्भ में उन्हें बेचारा कहा था। सर्वजीत ने साथ ही विधानसभा अध्यक्ष से पटना के एक प्रमुख चौराहे पर पासवान की प्रतिमा स्थापित कराने की भी मांग की थी, ताकि बिहार की राजनीति में उनके योगदान को रेखांकित किया जा सके। विधानसभा परिसर के बाहर संवाददाताओं से बातचीत में लोजपा (रामविलास) के प्रदेश अध्यक्ष राजू तिवारी ने कहा, हम मांग करते हैं कि राजद विधायक दल के नेता के रूप में तेजस्वी यादव सदन में सार्वजनिक रूप से माफी मांगें। उनके नेता ने एक ऐसे महान व्यक्ति का अपमान किया है, जिनका 50 वर्ष का बेदाग राजनीतिक करियर रहा और जिन्होंने छह प्रधानमंत्रियों के साथ काम किया। जब उनसे यह पूछा गया कि सर्वजीत ने पासवान की प्रतिमा लगाने की भी मांग की है, तो तिवारी ने कहा, उन्हें गिरगिट की तरह रंग बदलना बंद करना चाहिए। पहले रामविलास पासवान जी के अपमान के लिए माफी मांगें। उसके बाद हम निश्चित रूप से उनके नाम पर प्रतिमा स्थापित करने के मुद्दे पर विचार करेंगे।

## राजस्थान : गौ हत्या के मुद्दे पर विधानसभा में हंगामा, कार्यवाही कई बार स्थगित

**जयपुर:** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को गाय को राज्य माता का दर्जा दिए जाने व गौ हत्या के मुद्दे पर हंगामा हुआ और सदन की कार्यवाही छह बार स्थगित करनी पड़ी। विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने सदन में शाम को कहा कि वह इस मामले को देखेंगे और सही समय पर फैसला देंगे। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इसके बाद आय-व्यय के अनुमान (बजट) पर हुई चर्चा पर उत्तर दिया। सदन में हंगामे की शुरुआत सुबह प्रश्नकाल में हुई। भाजपा के विधायक बालमुकुन्दाचार्य ने प्रश्न किया कि क्या राज्य सरकार गाय को राज्य माता का दर्जा देने का विचार रखती है? इस पर गोपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने कहा, 'गो संवर्धन व गोमाता की सेवा के लिए सरकार पूरी तरह से समर्पित है। इनका प्रश्न है कि गाय को राज्य माता का दर्जा देने का सरकार विचार रखती है ...वर्तमान में ऐसा कोई प्रस्ताव विभाग में विचाराधीन नहीं है।' उन्होंने कहा कि प्रदेश में गाय को राज्य माता का दर्जा देने के संबंध में महाराष्ट्र एवं मध्य प्रदेश से रिकॉर्ड मंगवाकर परीक्षण कराया जाएगा एवं इन राज्यों में यह दर्जा जिन आधारों पर प्रदान किया गया है, उनका अध्ययन करने के बाद प्रदेश में भी नियमानुसार कार्यवाही की जाएगी।



## यूपी बोर्ड परीक्षाएं बुधवार से होंगी शुरू, 53 लाख से अधिक परीक्षार्थी होंगे शामिल

**लखनऊ:** माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी को शुरू होंगी। इसमें 53 लाख से ज्यादा परीक्षार्थी शामिल होंगे। राज्य सरकार द्वारा मंगलवार को यहां जारी एक बयान के मुताबिक, यूपी बोर्ड की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट की परीक्षाएं 18 फरवरी को शुरू होंगी, जो 12 मार्च को सम्पन्न होंगी। इसमें हाईस्कूल के 27 लाख 61 हजार 696 और इंटरमीडिएट के 25 लाख 76 हजार 82 यानी कुल 53 लाख 37 हजार 778 परीक्षार्थी शामिल होंगे। बयान के मुताबिक, परीक्षाओं के लिए प्रदेश में कुल 8033 केन्द्र बनाए गए हैं। इनमें 596 राजकीय, 3453 अशासकीय सहायता प्राप्त और 3984 स्ववित्त पोषित विद्यालय शामिल हैं। प्रदेश की माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गुलाब देवी ने परीक्षा से एक दिन पहले मंगलवार को शिक्षा निदेशक (माध्यमिक), लखनऊ शिविर कार्यालय में स्थापित राज्य स्तरीय नियंत्रण कक्ष का उद्घाटन किया। मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप इस वर्ष परीक्षा व्यवस्था को पूरी तरह तकनीक आधारित और पारदर्शी बनाया गया है।

## 'बेटी के बाद बेटे को भी खो दोगे' : बिहार की मृत नीट अभ्यर्थी के परिवार को मिली धमकी

**जहानाबाद:** बिहार में कथित यौन उत्पीड़न के बाद मौत की शिकार एक नीट अभ्यर्थी के परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें धमकी दी गई है कि 'उनके बेटे का भी उनकी बेटी जैसा अंजाम होगा।' पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। नीट अभ्यर्थी की मौत के मामले की जांच केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) कर रहा है। परिवार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि उनके घर के अंदर एक कागज फेंका गया, जिस पर लिखा था, तुम अपनी बेटी को खो चुके हो और अगर तुम नहीं माने तो अपने बेटे को भी खो दोगे। जहानाबाद जिले के शकुराबाद थाने के प्रभारी राहुल कुमार ने बताया कि शनिवार को भी इसी तरह का धमकी भरा पत्र घर के अंदर फेंका गया था। उन्होंने बताया कि इसके बाद उनके घर पर सुरक्षा व्यवस्था की गई थी, ताजा शिकायत की जांच की जाएगी और उचित कदम उठाए जाएंगे। करीब 18 वर्षीय छात्रा पटना के एक निजी छात्रावास में रहकर पढ़ाई कर रही थी। पिछले महीने वह छात्रावास में अचेत अवस्था में मिली थी और कुछ दिनों बाद अस्पताल में उसकी मौत हो गई। फॉरेंसिक जांच में कथित तौर पर छात्रा के कपड़ों पर वीर्य के निशान पाए गए थे, जिसके बाद यह आरोप लगे कि उसे नशीला पदार्थ देकर यौन उत्पीड़न किया गया। परिजनों का आरोप है कि पुलिस इस मौत को आत्महत्या साबित करने की कोशिश कर रही थी।

# समाज्ञा मनोरंजन

## दूध वाला

अशोक स्वतंत्र



दीपक के घर दूध सरकारी टंकी से आता था, एक बड़ी सी टंकी जिसके दोनों ओर सील लगी होती। यह टंकी रिक्शा की भांति तीन पहियों पर टिकी होती।

पिछले कुछ दिनों से दूध पहले जैसा गाढ़ा नहीं रहा था, यह वह मम्मी से रोज ही सुनता था। साथ ही पानी मिलाने का शक दूध वाले पर नहीं किया जा सकता था क्योंकि टंकी की दोनों सील सही सलामत होती थी। दीपक को लगता था कहीं न कहीं कुछ गड़बड़ जरूर है नहीं तो भला एकाएक दूध इस तरह पतला कैसे हो सकता है।

दीपक रोज सुबह सैर के इरादे से साइकिल पर चढ़कर उधर दूर वाले पार्क में जाता था। उस दिन वह और दिनों की अपेक्षा जल्दी ही निकल पड़ा। अभी दिन पूरी तरह नहीं निकला था। रास्ते में एक स्थान पर उसने देखा उनका दूध बांटने वाला व्यक्ति टंकी का ढक्कन उठाकर उसमें पानी डाल रहा था। उसने पानी की बाल्टी दूध में डालने के पश्चात् ढक्कन बंद किया और माचिस की तीली जलाकर लाख की सील पुनः लगा दी। फिर वह निश्चिन्त होकर टंकी वाली रिक्शा को वहीं छोड़, सामने वाले खोखे पर चाय पीने चला गया।

यह सब देखकर दीपक ने साइकिल रोक दी। उसे दूध वाले की इस होशियारी पर बहुत गुस्सा आया और उसने इसे सबक सिखाने की ठान ली। तभी उसे एक उपाय सूझा। वह साइकिल खड़ी करके चुपचाप रिक्शा के पास पहुंचा और एक पहिये की हवा निकाल दी तथा दूसरी ओर थोड़ा दूर खड़ा होकर दूधवाले के आने का इन्तजार करने लगा।

कुछ ही देर में दूधवाला टंकी के पास पहुंचा। जब वह रिक्शा चलाने लगा तो उसे मालूम हुआ कि एक टायर पंक्चर हो गया है। इतनी भारी टंकी को पंक्चर हुए टायर पर ही ले जाना वाकई मुसीबत थी। वह खड़ा हुआ कुछ सोच ही रहा था कि दीपक अपनी साइकिल लेकर वहां पहुंचा। बोला-'नमस्ते सजन सिंह, सुबह-सुबह किस सोच में डूबे हो?'

'अरे दीपक तुम, क्या बताऊं मेरी रिक्शा पंक्चर हो गयी है। तुम मेरी मदद करोगें?'

'हां, हां जरूर। कहिये क्या करना है'

'तुम साईकिल लेकर दूधवाले दफ्तर जाओ। वहां....'

'मगर यह दूध का दफ्तर है किधर?' दीपक ने बात बीच में ही काटते हुए पूछा।

'यह बड़े पुल के साथ वाली सड़क पर, रंजन सिनेमा के पीछे। वहां घुसते ही दाएं हाथ को एक छोटा केबिन हैं। उसमें जाकर कह देना टंकी नंबर नौ वाली रिक्शा पंक्चर हो गयी है। वे दूसरी रिक्शा भेज देंगे। हां, जरा जल्दी करना' दूधवाले ने उसे समझाया।

'ठीक है, अभी जाता हूं' यह कहकर दीपक अपनी साइकिल पर सवार होकर तेजी से उस दफ्तर में जा पहुंचा। वहां वह बड़े साहब का आफिस पूछकर उसमें जा घुसा व उन्हें सारी बात बता दी। बड़े साहब खुद जीप में वहां पहुंचे और अपने सामने उस टंकी के दूध की जांच करवायी। जांच में साबित हो गया कि वाकई दूध में पानी मिला हुआ था। सजन सिंह को नौकरी से हटा दिया गया।

सभी नन्हें दीपक की होशियारी पर हैरान थे। (उर्वशी)

## लालच का नतीजा

हेमंत यादव

'हे भगवान, इस वन में अकाल पड़े, सूखा पड़े और बाढ़ आए ताकि वन के जानवर तबाह और बरबाद हो जाएं,' सुंदर वन का महाराज खैरातीलाल सियार रोज भगवान की मूर्ति के आगे हाथ जोड़कर यही प्रार्थना करता था।

एक दिन जब वह यही प्रार्थना कर रहा था तो उसकी पत्नी बोली, 'तुम क्यों जानवरों की तबाही और बरबादी के लिए रोज इस तरह प्रार्थना करते हो। कहीं ऐसा न हो कि तुम किसी रोज लालच के कारण तबाह और बरबाद हो जाओ।'

'मेरी पत्नी हो कर तुम मेरा बुरा सोचती हो,' सियार ने गुस्से से कहा, 'कैसी पत्नी हो तुम। आखिर मैं किसके लिए पैसे कमाता हूं।'

'जानवरों का खून चूसचूस कर जमा करने के लिए', सियार की पत्नी ने दो टूक उत्तर दिया, 'गरीब, लाचार, और बेबस जानवरों को सूद पर कर्ज दे दे कर तुम सेठ तो बन गए हो लेकिन पैसे का लालच अभी भी तुम्हारा पीछा नहीं छोड़ रहा है।'

खैरातीलाल सियार सूद ब्याज पर पैसे देने का काम करता था। वह एक नंबर का लालची और जालिम था। एक बार जो उसके चंगुल में फंस जाता था, वह जीवनभर उसके कर्ज से मुक्त नहीं हो पाता था।

गरीब और लाचार जानवरों का खून चूस चूस कर उसने खूब पैसा जमा कर लिया था। उसके पास जितना पैसा आता जा रहा था, उसकी पैसे की भूख उतनी ही बढ़ती जा रही थी।

सियार अपने पैसे बैंक में जमा नहीं करता था। वह सोचता था कि बैंक में पैसे जमा करने से एक दिन लुटेरे उसका भी पैसा लूट कर ले जाएंगे। आए दिन बैंक लूट की खबर अखबार में पढ़कर वह ऐसा सोचता था।



वह अपना पैसा बहुत हिफाजत के साथ घड़े में डालकर जमीन में गाड़ कर रखता था। पैसे रखने की जानकारी वह अपनी पत्नी को भी नहीं होने देता था। वह सोचता था कि पत्नी पैसे देख लेगी तो खाने-पीने में खर्च कर देगी।

इतना पैसा होने के बावजूद वह रूखा-सूखा खा कर गुजारा करता था।

एक दिन सियार घड़े में पैसे रखकर अपने घर में ही जमीन में गाड़ रहा था कि तभी उसकी पत्नी ने उसे देख लिया।

वह उसे धिक्कारती हुई बोली, 'तुम तो हमेशा कहते हो कि पैसे मेरे लिए कमाते हो लेकिन मुझे कभी अच्छा खाना नहीं देते। स्वयं भी रूखा सूखा खाते हो और मुझे भी खिलाते हो, रूखासूखा खा-खा कर मैं तो सूख कर कांटा हो गई हूं।'

'अरी भाग्यवान,' सियार ने पत्नी को प्यार से पुचकारते हुए कहा, 'एक बार भगवान मेरी प्रार्थना सुन ले तो मैं तुम्हें सिर्फ अच्छा खाना ही नहीं दूंगा बल्कि अच्छे कपड़े और गहनों से भी लाद दूंगा।'

रात का समय था।

पैसे का घड़ा जमीन में गाड़कर वह सोने चला गया मगर आज उसे नींद नहीं आ रही थी। वह सोच रहा था कि अगर वह सो गया तो उसकी पत्नी कहीं पैसे का घड़ा निकाल न ले।

उसकी पत्नी जब गहरी नींद में सो गई तो वह उठा और कुछ सोचकर पैसे का घड़ा जमीन से निकाला और उसे लेकर नदी के किनारे चल दिया। नदी के किनारे उसकी जमीन थी।

सुनसान रात में नदी किनारे पहुंच कर उसने अपनी जमीन में एक गड्ढा खोदा और उसमें घड़ा गाड़ दिया।

'किसी को पता नहीं चलेगा कि यहां घड़ा गाड़ा हुआ है', यह सोचकर वह निश्चिंत हो कर अपने घर में जा कर सो गया।

संयोग से उसी रात खूब मूसलाधार बारिश हुई। इतनी बारिश हुई कि नदी में बाढ़ आ गई। सियार ने जहां अपना घड़ा गाड़ा था, वह स्थान पानी की तेज धार से कटकर नदी में विलीन हो गया।

सियार को जब पता चला तो वह दौड़ा-दौड़ा वहां गया, वहां का दृश्य देखकर वह दहाड़ें मार-मार कर रोने लगा। उसकी दशा पागलों जैसी हो गई।

उसकी पत्नी ने जब उससे इस तरह रोने का कारण पूछा तो उसने रोते हुए सारी बात बताई, 'हाय, मैं तो लुट गया, बरबाद हो गया। कंगाल हो गया मैं तो'।

वह दोनों हाथों से अपना सिर धुनने लगा। इस पर उसकी पत्नी व्यंग्य से बोली, 'अब सिर धुनने से क्या फायदा। तुम्हारे जैसे लालची और मूर्ख जानवर की मति बिगड़ती है तो वह ऐसे ही धन पानी में बहा देता है।' (उर्वशी)

## भगवान की लीला

परशुराम संबल

एक बहुत ही निर्धन व्यक्ति था। अभाव में जीवन काट रहा था परन्तु फिर भी वह ईश्वर को नहीं भूला था। अपने नियम का पक्का था। सांझ-सवेरे दोनों समय मंदिर जाता, भगवान भोलेनाथ की आरती उतारता, पूजा अर्चना करता और मन्दिर के पंडित से प्रसाद ग्रहण करके लौटता।

एक दिन, जब निर्धन व्यक्ति मन्दिर में शिव आराधना में लीन था, उसी समय वहां एक संपन्न व्यक्ति आया। उसके तन पर सुन्दर जड़ाऊ वस्त्रा थे, पैरों में सुन्दर जूतियां थी। निर्धन व्यक्ति ने बड़े गौर से सम्पन्न व्यक्ति को निहारा, फिर अपना आपको देखा, मैले कुचैले वस्त्रा कमजोर शरीर। उसके मन में अपने प्रति घृणा भाव उमड़ पड़ा। जाने क्या सोचकर उसने सम्पन्न व्यक्ति से पूछा-श्रीमान, आप क्या रोज मन्दिर आते हैं?

नहीं, मैं यहां सप्ताह में केवल एक बार आता हूं। सम्पन्न व्यक्ति ने उत्तर दिया। मैं तो व्यापारी हूं। व्यवसाय में ही इतना व्यस्त रहता हूं कि एक दिन के अलावा समय ही नहीं निकाल पाता।

निर्धन व्यक्ति को भोलेनाथ का यह भेदभाव अच्छा नहीं लगा। वह झुंझला कर मन ही मन सोचने लगा कि वह तो रोज दोनों समय मन्दिर में आकर नीलकंठेश्वर के चरणों में नत मस्तक होता है, फिर भी कंगाली के दिन काट रहा है? पैर के जूते दस बार, दस जगह से मरम्मत हो चुके हैं। शरीर पर ढंग के वस्त्र नहीं हैं। वह व्यवसाई जो सप्ताह में केवल एक बार मन्दिर आता है, ठाठ-बाट का जीवन व्यतीत कर रहा है।

निराश सा निर्धन व्यक्ति, घर जाने के लिये मन्दिर की सीढ़ियां उतर रहा था, तभी उसकी दृष्टि मन्दिर में आते एक विकलांग व्यक्ति पर पड़ी जिसकी दोनों टांगें नहीं थी। वह घिसट घिसट कर मन्दिर की सीढ़ियां चढ़ रहा था।

देखकर निर्धन व्यक्ति सहम गया। उसने दोनों हाथ ऊपर उठाकर भगवान से क्षमा मांगते हुए कहा-हे ईश्वर, तेरी लीला अपरंपार है। मैं तो इस व्यक्ति से हजार गुना सुखी हूं। कठिन परिश्रम करके धनोपार्जन करने के लिए कम से कम मेरे हाथ पैर तो सही सलामत हैं। व्यर्थ में ही मैं सम्पन्न व्यक्ति से अपनी तुलना कर रहा था। (उर्वशी)

## चींटी और टिड्डी



गर्मी का मौसम था और एक छोटी सी चींटी पूरे दिन अपना काम कर रही थी। वह बिना रुके मेहनत से दानों को इकट्ठा कर रही थी और उन्हें अपने घर में सुरक्षित रखने के लिए डाल रही थी। वहीं पास में एक टिड्डी आराम से घास पर बैठा था और गाना गा रहा था। वह चींटी को देखता और हंसते हुए कहता, तुम इतनी मेहनत क्यों कर रही हो?

चींटी ने थोड़ी मुस्कान के साथ कहा, मैं भविष्य के लिए काम कर रही हूं। सर्दी आएगी, और जब बर्फ गिरेगी, तो मुझे खाने के लिए कोई परेशानी नहीं होगी। टिड्डी ने उसका मजाक उड़ाया!

समय बीतते गए, और सर्दी आ गई। बर्फ गिरने लगी और हवा बहुत तेज़ चलने लगी। अब टिड्डी भूख और ठंड से कांपते हुए चींटी के पास गया और कहा, क्या तुम मुझे कुछ खाना दे सकती हो? चींटी ने उसे देखा और कहा, जब तुम आराम कर रहे थे, तब मैंने मेहनत की थी। अब मुझे खुशी है कि मैंने भविष्य के लिए तैयार किया था।

शिक्षा:

यह कहानी हमें यह सिखाती है कि मेहनत और योजना से ही हम भविष्य को सुरक्षित कर सकते हैं। अगर हम आलस्य छोड़कर समय का सही इस्तेमाल करें, तो कभी भी मुश्किल समय से नहीं घबराएंगे।

# टाटा-एयरबस हेलीकॉप्टर इकाई उच्च स्तरीय विनिर्माण में साझेदारी का उज्ज्वल उदाहरण है : राजनाथ

**कोलार (कर्नाटक) :** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मंगलवार को कहा कि एच-125 हेलीकॉप्टर कार्यक्रम में निवेश 1,000 करोड़ रुपये से अधिक होने की 'संभावना' है और इससे बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर पैदा होंगे। उन्होंने इसे उच्च-स्तरीय विनिर्माण क्षेत्र में मित्र देशों के साथ पारस्परिक लाभकारी साझेदारी का 'उज्ज्वल उदाहरण' बताया। वह यहां एच-125 हेलीकॉप्टरों के कलपुर्जों को जोड़ने संबंधी इकाई के उद्घाटन समारोह को संबोधित कर रहे थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मुंबई से वर्चुअल माध्यम से इस जिले के वेगल औद्योगिक क्षेत्र में टाटा-एयरबस सुविधा में एयरबस एच-125 हल्के हेलीकॉप्टरों के कलपुर्जों को जोड़ने संबंधी इकाई का उद्घाटन किया। राजनाथ सिंह ने अपनी फ्रांसीसी समकक्ष कैथरीन वॉट्रिन के साथ परियोजना के उद्घाटन पर 'टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स' और 'एयरबस



हेलीकॉप्टर्स' को बधाई दी तथा उनके पूर्व सहयोग को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'यह परियोजना उच्च-स्तरीय विनिर्माण क्षेत्र में मित्र देशों के साथ पारस्परिक लाभकारी साझेदारी का उज्ज्वल उदाहरण है।' उन्होंने कहा, 'एच-125 कार्यक्रम में निवेश 1,000 करोड़ रुपये से अधिक होने की संभावना है और इससे हमारे कुशल और मेहनती युवा वर्ग के लिए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर पैदा होंगे।' सिंह ने बताया कि अपनी असाधारण विश्वसनीयता, बहुउपयोगिता और विभिन्न परिस्थितियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रसिद्ध एच-125 दुनिया के सबसे प्रभावी और भरोसेमंद सिंगल-इंजन हेलीकॉप्टरों में से एक साबित हुआ है। रक्षा मंत्री ने याद दिलाया कि टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और एयरबस ने इससे पहले गुजरात के वडोदरा में सी-295 विमान परियोजना के लिए भी साझेदारी की थी। उन्होंने इसे इस बात का प्रतीक बताया कि टाटा विशेष रूप से और भारत सामान्य रूप से अंतरराष्ट्रीय ओईएम (मूल उपकरण निर्माता) के साथ सहयोग कर एक मजबूत भारत के दृष्टिकोण में योगदान दे सकता है। उन्होंने कहा कि 2014 से 'मेक इन इंडिया' और आत्मनिर्भरता भारत की आर्थिक नीति के मुख्य आधार रहे हैं।

## सीआरपीएफ की स्थापना दिवस परेड पहली बार असम में, अमित शाह होंगे मुख्य अतिथि

**गुवाहाटी :** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) 21 फरवरी को पहली बार उत्तर पूर्व में अपनी स्थापना दिवस परेड का आयोजन करेगा और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। शीर्ष अधिकारियों ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि समारोह में लगभग 1,400 जवानों वाली आठ टुकड़ियां बल के उपकरणों और अन्य तैयारियों का प्रदर्शन करेंगी। बल के उत्तर पूर्व क्षेत्र के विशेष महानिदेशक राजा श्रीवास्तव ने कहा, 'पहली बार, सीआरपीएफ उत्तर पूर्व में अपनी स्थापना दिवस के अवसर पर परेड आयोजित कर रहा है, जो इस इलाके के साथ उसके गहरे जुड़ाव और शांति, स्थिरता तथा राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए उसकी सतत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।' उन्होंने कहा, 'शनिवार को होने वाली स्थापना दिवस परेड में अमित शाह जी मुख्य अतिथि के तौर पर शामिल होंगे। यह मौका सीआरपीएफ जवानों की सेवा और बलिदान तथा राष्ट्रीय सुरक्षा में उनके योगदान का सम्मान करने का होगा।' श्रीवास्तव ने कहा कि महानिदेशक परेड बृहस्पतिवार को होगी जिसमें सीआरपीएफ के महानिदेशक जीपी सिंह मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद रहेंगे।

## नयी दिल्ली-चेन्नई एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग, कोई हताहत नहीं

**नागपुर :** महाराष्ट्र के वर्धा जिले में मंगलवार सुबह नयी दिल्ली-चेन्नई ग्रांट ट्रंक एक्सप्रेस के एक डिब्बे में आग लग गई। रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में कोई हताहत नहीं हुआ। सेंट्रल रेलवे के प्रवक्ता संजय मुले ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ट्रेन 12616 नई दिल्ली-चेन्नई (तंबरम) ग्रांट ट्रंक एक्सप्रेस सुबह नागपुर से रवाना हुई। वर्धा के सिंधी रेलवे स्टेशन की ओर जाते समय सुबह 11:09 बजे ट्रेन के आखिरी गार्ड कोच में धुआं देखा गया।

## नीट-पीजी की कट-ऑफ कम किए जाने के बाद 95 हजार और अभ्यर्थी काउंसिलिंग के लिए पात्र : एनबीईएमएस

**नयी दिल्ली :** आयुर्विज्ञान में राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड (एनबीईएमएस) ने उच्चतम न्यायालय को बताया कि योग्यता (क्वालीफाइंग) कट-ऑफ प्रतिशत कम होने के बाद 95,913 अतिरिक्त उम्मीदवार नीट-पीजी 2025 काउंसलिंग के लिए पात्र हो गए हैं। शीर्ष अदालत में दायर एक हलफनामे में एनबीईएमएस ने कहा कि इस स्तर पर किसी भी तरह का हस्तक्षेप सीधे तौर पर इन उम्मीदवारों को प्रभावित करेगा। हलफनामे में कहा गया है, 'कट-ऑफ कम किए जाने के परिणामस्वरूप 95,913 अतिरिक्त उम्मीदवार अब नीट-पीजी 2025 की काउंसलिंग प्रक्रिया में भाग लेने के लिए पात्र हो गए हैं।' यह हलफनामा उस याचिका के जवाब में दाखिल किया गया, जिसमें एनबीईएमएस द्वारा नीट-पीजी 2025-26 के लिए योग्य घोषित करने वाले कट-ऑफ प्रतिशत में भारी कमी किए जाने के फैसले को चुनौती दी गई है।

## दिल्ली में 4,000 से अधिक कैमरों और 15,000 कर्मियों की सुरक्षा में हो रहा 'एआई इम्पैक्ट समिट'

**नयी दिल्ली :** भारत मंडपम में आयोजित हो रहे 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' के दौरान संदिग्ध तत्वों पर कड़ी नजर रखने के लिए 4,000 से अधिक एआई-सक्षम कैमरे और 15,000 से अधिक सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। यहां 16 से 20 फरवरी तक चलने वाले इस शिखर सम्मेलन में विश्व नेता, प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रतिनिधि और लगभग 45 देशों के नुमाइंदे हिस्सा ले रहे हैं। दिल्ली पुलिस का विशेष प्रकोष्ठ किसी भी ऐसी गतिविधि की निगरानी कर रही है और यह देख रही है कि इस हाई-प्रोफाइल आयोजन के दौरान राष्ट्र विरोधी तत्वों द्वारा कानून-व्यवस्था बिगाड़ने या देश की छवि को प्रभावित करने की कोई कोशिश न हो सके।

## अंतरराज्यीय मादक पदार्थ गिरोह का सरगना तीन साल तक फरार रहने के बाद ओडिशा में गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने अंतरराज्यीय मादक पदार्थ तस्करी गिरोह के कुख्यात सरगाना को ओडिशा से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। ओडिशा निवासी आरोपी मनोज खिल्लो को 2022 में दिल्ली के अपराध शाखा थाने में दर्ज मादक पदार्थ के एक मामले में भगोड़ा घोषित किया गया था। उसकी गिरफ्तारी में सहायक जानकारी देने वाले को 50,000 रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई थी। अधिकारी ने बताया कि खिल्लो को 13 फरवरी को शाम करीब 5:20 बजे उसके पैतृक गांव के पास से पकड़ा गया। पुलिस के अनुसार, विशेष प्रकोष्ठ को पुख्ता जानकारी मिली कि तीन साल से अधिक समय से फरार खिल्लो ओडिशा से दिल्ली और राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र सहित देश के विभिन्न हिस्सों में मादक पदार्थों की आपूर्ति में सक्रिय रूप से शामिल है।

## चेक बाउंस मामलों में न्यायालय के सजा निलंबित करने के बाद अभिनेता राजपाल यादव तिहाड़ जेल से रिहा



**नयी दिल्ली :** दिल्ली उच्च न्यायालय द्वारा चेक बाउंस मामलों में अस्थायी रिहाई की अनुमति दिए जाने के बाद अभिनेता राजपाल यादव मंगलवार शाम तिहाड़ जेल से बाहर आ गए। सूत्रों के मुताबिक, सभी औपचारिकताएं पूरी होने के बाद राजपाल यादव शाम करीब 4:50 बजे तिहाड़ जेल से बाहर निकले। शिकायतकर्ता को डेढ़ करोड़ रुपये दिए जाने के बाद उन्हें राहत दी गई। यादव ने कहा, 2027 में, मैं बॉलीवुड में काम करते हुए 30 साल पूरे कर लूंगा। सभी लोग मेरे साथ रहे हैं। इसीलिए मैं 200-250 फिल्म कर सका।

## मैक्रों ने मुंबई के मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' की, 26/11 हमले के पीड़ितों को श्रद्धांजलि दी

**मुंबई :** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों मंगलवार तड़के मुंबई पहुंचे और उन्होंने अपने दिन की शुरुआत कोस्टल रोड के पास मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' के साथ की। मैक्रों और प्रथम महिला ब्रिगिट मैक्रों ने बाद में दक्षिण मुंबई के ताज महल पैलेस होटल में नवंबर 2008 में हुए आतंकी हमले में मारे गए लोगों को पुष्पांजलि अर्पित की। फ्रांसीसी राष्ट्रपति दक्षिण मुंबई के लोक भवन में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से मुलाकात करेंगे, जहां दोनों नेता भारत-फ्रांस रणनीतिक साझेदारी में हुई प्रगति की समीक्षा करेंगे।



मैक्रों ने मरीन ड्राइव पर 'जॉगिंग' के साथ दिन की शुरुआत की, उनके साथ उनके सुरक्षाकर्मी भी थे। मुंबई पुलिस ने भी आसपास के क्षेत्र में कड़ी सुरक्षा की हुई थी।

## विराट कोहली और अनुष्का ने वृंदावन में संत प्रेमानंद जी महाराज से आशीर्वाद लिया



**मथुरा (उप्र) :** क्रिकेट खिलाड़ी विराट कोहली और उनकी पत्नी अनुष्का शर्मा ने मंगलवार को प्रेमानंद जी महाराज का आशीर्वाद लिया। विराट कोहली अपनी पत्नी अनुष्का शर्मा के साथ वृंदावन में प्रेमानंद जी महाराज के आश्रम में अन्य भक्तों के साथ बैठे दिखे। कोहली सुबह आए। आश्रम सूत्रों के अनुसार विराट कोहली और अनुष्का शर्मा एक घंटे से ज़्यादा समय तक यहां रुके। भारत के महान बल्लेबाजों में शुमार कोहली ने टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के एक दिन बाद वृंदावन में संत प्रेमानंद जी महाराज से भी मुलाकात की थी।

## सड़क दुर्घटना में मारे गए व्यक्ति के परिवार को 1.5 करोड़ रुपये के मुआवजा का आदेश

**नयी दिल्ली :** दिल्ली मोटर दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण ने 2022 में एक सड़क दुर्घटना में जान गंवाने वाले 48 वर्षीय एक व्यक्ति के परिवार को 1.53 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया। पीड़ित रक्षा मंत्रालय में कार्यरत थे। पीठासीन अधिकारी विजय कुमार झा ने पीड़ित मुकेश कुमार कश्यप के परिवार द्वारा दायर दावा याचिका पर सुनवाई की। कश्यप, रक्षा मंत्रालय के वैमानिकी गुणवत्ता आश्वासन महानिदेशालय (डीजीएक्यूए) में कार्यरत थे। कश्यप 30 मई, 2022 को काम से घर लौट रहे थे कि तभी एक अन्य मोटरसाइकिल ने उनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी। उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्हें स्थानीय अस्पताल ले जाया गया जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। न्यायाधिकरण ने 16 फरवरी के आदेश में कहा, याचिकाकर्ता यह साबित करने में सफल रहे हैं कि दुर्घटना दूसरे बाइक चालक द्वारा लापरवाही और तेज गति से वाहन चलाने के कारण हुई, जिसके परिणामस्वरूप कश्यप को घातक चोटें आईं। जिस बीमा कंपनी के तहत बाइक का बीमा किया गया था, उसने आरोप लगाया था कि पीड़ित को टक्कर मारने वाला बाइक चालक शराब के नशे में था। न्यायाधिकरण ने कहा, चिकित्सकों की राय थी कि वह शराब के नशे में था लेकिन यह साक्ष्य नहीं है... सामान्यतः, कोई भी निर्णय सिद्ध तथ्यों के आधार पर लिया जाता है जो कानूनी रूप से स्वीकार्य होते हैं। न्यायाधिकरण ने इसके बाद मृतक के परिवार को विभिन्न मदों के तहत 1.53 करोड़ रुपये का मुआवजा देने का आदेश दिया।

## गुजरात: एसआईआर के बाद प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में मतदाताओं की संख्या 4.40 करोड़

**अहमदाबाद :** गुजरात में निर्वाचन आयोग द्वारा मंगलवार को प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची के तहत मतदाताओं की कुल संख्या अब 4.40 करोड़ हो गई है। अधिकारियों ने बताया। लगभग साढ़े तीन महीने के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर अभ्यास के बाद यह सूची प्रकाशित की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी के कार्यालय ने बताया कि अंतिम मतदाता सूची में 4,40,30,725 मतदाताओं के नाम शामिल हैं और इसमें पिछले वर्ष 19 दिसंबर को मसौदा मतदाता सूची के प्रकाशन के बाद से 5.60 लाख नामों की वृद्धि हुई है। मसौदा मतदाता सूची में लगभग 74 लाख मतदाताओं के नाम हटा दिए गए थे, जिसके बाद मतदाताओं की कुल संख्या 5.08 करोड़ के मुकाबले 4.34 करोड़ रह गई थी। अंतिम मतदाता सूची में 5.60 लाख मतदाताओं की वृद्धि के साथ ही कुल संख्या 4.40 करोड़ हो गई है। मतदाता सूची में नाम शामिल करने या न करने

## माकपा से जुड़ी दो जानी-मानी शख्सियत कांग्रेस के मंच पर देखी गयी

**कोट्टायम/पलक्कड़ (केरल) :** केरल में मंगलवार को मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) से जुड़ी दो जानी-मानी शख्सियत कांग्रेस के मंच पर देखी गयी, जिसने आगामी विधानसभा चुनावों से पहले लोगों का ध्यान आकर्षित किया। अभिनेता और केरल चलचित्र अकादमी के पूर्व अध्यक्ष प्रेम कुमार कोट्टायम के नागमपदम के इंडोर स्टेडियम में आयोजित केरल प्रदेश कांग्रेस कमेटी (केपीसीसी) के संस्कार उत्सव 2026 में कांग्रेस के मंच पर दिखाई दिए। अपने भाषण में कुमार ने कहा कि वह एक सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए आए हैं, न कि किसी राजनीतिक सभा के लिए। कुमार ने हाल ही में केरल चलचित्र अकादमी के अध्यक्ष पद से हटाए जाने के संबंध में राज्य सरकार पर ''दोहरे मापदंड'' अपनाने का आरोप लगाया था। इसी बीच पलक्कड़ में वरिष्ठ माकपा नेता वी एस अच्युतानंदन के पूर्व निजी सहायक ए सुरेश विपक्ष के नेता वी डी सतीशन के नेतृत्व में कांग्रेस द्वारा संचालित पुथुयुग यात्रा में शामिल हो गए। सुरेश ने कहा कि उन्हें वर्षों तक बहुत ज्यादा दबाव का सामना करना पड़ा और उन्होंने दावा किया कि वामपंथी अपने मूल मूल्यों से भटक गए हैं।

## व्यंग्य, निष्पक्ष टिप्पणी की रक्षा की जानी चाहिए : 'एक्स' ने रामदेव की याचिका पर अदालत में कहा

**नयी दिल्ली :** सोशल मीडिया मंच 'एक्स' ने मंगलवार को दिल्ली उच्च न्यायालय को बताया कि व्यंग्य, निष्पक्ष टिप्पणी और सार्वजनिक अभिव्यक्ति के दायरे में आने वाली किसी भी सामग्री की व्यक्तित्व अधिकार से जुड़े मामलों में हटाने के आदेशों से रक्षा की जानी चाहिए। न्यायमूर्ति ज्योति सिंह बाबा रामदेव द्वारा दायर एक मुकदमे की सुनवाई कर रही थीं, जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि विभिन्न ऑनलाइन और सोशल मीडिया मंचों पर उनके व्यक्तित्व, छवि और पहचान का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग और उसका व्यावसायिक रूप से लाभ लिया जा रहा है। 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) के वकील ने व्यक्तित्व अधिकार से जुड़े मुकदमों में खातों को ''अंधाधुंध'' तरीके से ब्लॉक किए जाने का विरोध किया। उन्होंने कहा कि जब सामग्री ''अत्यंत आपत्तिजनक'' नहीं है, तब ऐसे आदेश अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर नकारात्मक प्रभाव डालते हैं। उन्होंने रामदेव की याचिका में उल्लिखित एक पोस्ट 'एक मीम' का उल्लेख करते हुए कहा कि यह व्यंग्य है और लोकतंत्र में इसे संरक्षण प्राप्त है। उन्होंने कहा, ''यह पूरी तरह व्यंग्य है। यह व्यक्तित्व अधिकारों का उल्लंघन कैसे करता है, मैं समझ नहीं पा रहा। इसे संरक्षण प्राप्त है। व्यंग्य, निष्पक्ष टिप्पणी और सार्वजनिक अभिव्यक्ति व्यक्तित्व अधिकारों से सुरक्षित हैं। व्यंग्य लोकतंत्र का हिस्सा है। अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के बिना कोई लोकतंत्र नहीं हो सकता।' 'एक्स' के वकील ने यह भी कहा कि सोशल मीडिया मंच पर रामदेव के नाम से मौजूद एक आपत्तिजनक खाता केवल एक 'पैरोडी' खाता था, जिसे इस मामले में संरक्षण मिलना चाहिए। इसी तरह, मेटा प्लेटफॉर्म्स की ओर से पेश वकील ने भी कहा कि वे अत्यधिक आपत्तिजनक सामग्री हटाने के विरोध में नहीं हैं, लेकिन जब वैश्विक स्तर पर 'ब्लॉक' करने का आदेश मांगा जा रहा हो, तो किसी तीसरे पक्ष द्वारा ठोस व्यावसायिक लाभ दिखाया जाना जरूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश आपत्तिजनक सामग्री समाचार संगठनों की है और यदि रामदेव को कोई शिकायत है, तो उन्हें गलत जानकारी के लिए उनके खिलाफ मुकदमा करना चाहिए।

# भारत वैश्विक साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा: जयशंकर

**मुंबई :** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने मंगलवार को कहा कि भारत अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ ''मजबूत स्थिति'' में अधिक गहनता से जुड़ रहा है। उन्होंने देश के बढ़ते आर्थिक प्रभाव के प्रमाण के रूप में हाल ही में हुए कई व्यापार समझौतों का हवाला दिया। उन्होंने 'वैश्विक आर्थिक सहयोग सम्मेलन' में अपने संबोधन में अमेरिका के साथ महत्वपूर्ण व्यापार समझौते सहित कई बड़े सौदों की सफल चर्चा पर प्रकाश डाला। 'वैश्विक आर्थिक सहयोग कार्यक्रम' का आयोजन 'भविष्य आर्थिक सहयोग परिषद' द्वारा विदेश मंत्रालय और महाराष्ट्र सरकार के सहयोग से किया जाता है। वर्तमान अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य को शायद हाल के समय में सबसे अस्थिर बताते हुए, मंत्री ने कहा कि दुनिया उत्पादन और वित्त के 'हथियारीकरण' के साथ-साथ निर्यात नियंत्रणों को कड़ा करने और अस्थिर बाजार



परिवर्तनों की गवाह बन रही है। उन्होंने कहा, 'स्थापित वैश्विक व्यवस्था स्पष्ट रूप से बदल रही है, इसके विकल्प तैयार करना मुश्किल है और ऐसा प्रतीत होता है कि हम एक अनिश्चितता के लंबे दौर की ओर बढ़ रहे हैं। यह दौर अव्यवस्थित, जोखिम भरा, अप्रत्याशित और शायद खतरनाक भी होगा।' मंत्री ने कहा कि लंबे समय से बरकरार धारणाएं और अपेक्षाएं अब सवालों के घेरे में आ गई हैं। उन्होंने कहा कि सभी प्रमुख आयाम एक साथ बदल रहे हैं, भले ही वह रणनीतिक हो, राजनीतिक हो, आर्थिक हो या प्रौद्योगिकी हो। उन्होंने कहा कि जोखिम कम करने और कई क्षेत्रों में विविधता लाने में समाधान निहित हैं तथा यह दृष्टिकोण राष्ट्रों की नीति में तेजी से दिखाई दे रहा है। जयशंकर ने इस बात पर जोर दिया कि 'सुधार एक्सप्रेस' लगातार जारी रहेगी। विदेश मंत्री ने कहा, 'मजबूत स्थिति में भारत अंतरराष्ट्रीय साझेदारों के साथ अधिक गहनता से जुड़ रहा है। हाल में हुए व्यापार समझौतों में यह बात स्पष्ट रूप से देखी गई।' उन्होंने कहा कि आर्थिक सुरक्षा को मजबूत आत्मनिर्भरता और अधिक भरोसेमंद साझेदारों के माध्यम से ही बेहतर ढंग से सुनिश्चित किया जा सकता है।

# सोनिया ने मुझे कांग्रेस की ओर से मुख्यमंत्री के रूप में शपथ के लिए तारीख तय करने को कहा था: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने मंगलवार को दावा किया कि 2014 में जब कांग्रेस के 58 विधायकों ने उनका समर्थन किया था, तब तत्कालीन कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी ने उनसे पार्टी की ओर से मुख्यमंत्री के तौर पर शपथ लेने की तारीख तय करने को कहा था। हालांकि, उस समय अमेरिका यात्रा पर गए राहुल गांधी ने पार्टी नेताओं को फोन किया और स्थिति बदल गई। शर्मा ने राज्य विधानसभा में मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यहां संवाददाताओं से यह बात कही। असम में 2011 के विधानसभा चुनावों के बाद कांग्रेस में असंतोष देखा गया था, जब विधायकों के एक वर्ग ने तत्कालीन मुख्यमंत्री तरुण गोगोई की जगह शर्मा को मुख्यमंत्री के तौर पर समर्थन दिया था। शर्मा 2015 में कांग्रेस छोड़कर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) में शामिल हो



गए और उन्होंने विधानसभा चुनावों में पार्टी की पहली जीत सुनिश्चित करने में अहम भूमिका निभाई। शर्मा ने कहा, ''मैडम (सोनिया गांधी), उन्हें मैं अब भी यही कहता हूं, ने मुझसे तारीख तय करने को कहा था और मैंने उनसे कहा था कि मैं जून (2014) में कामाख्या मंदिर में अंबुबाची मेले के बाद शपथ लूंगा।'' उन्होंने कहा कि राहुल गांधी के फोन करने के बाद स्थिति बदल गई। शर्मा ने कहा, 'तब मुझे दुख हुआ था, लेकिन अब मेरा मानना है कि किसी की जिंदगी में जो भी होता है, वह अच्छे के लिए होता है और कांग्रेस में रहने पर मुझे जो मिलता, भगवान ने उससे ज्यादा दिया।'' साल 2021 में मुख्यमंत्री बने शर्मा ने कहा, ''भाजपा की ओर से मुख्यमंत्री बनने के बाद मुझे पूरे दिल से असम और सनातन धर्म दोनों की सेवा करने का मौका मिला, जो कांग्रेस में रहने पर मुमकिन नहीं होता। मैं इसके लिए राहुल गांधी का शुक्रिया अदा करता हूं।'' उन्होंने कहा कि अगर वह कभी कोई किताब लिखेंगे तो इन घटनाक्रम के बारे में विस्तार से बताएंगे। शर्मा ने दावा किया, 'जब मल्लिकार्जुन खरगे यहां आए थे, तब कांग्रेस के 58 विधायकों ने मेरा समर्थन किया था; कुछ नेता तटस्थ रहे और केवल 12 ने कहा था कि यथास्थिति बनी रहनी चाहिए।'

# पटकथा लेखक सलीम खान की हालत स्थिर, लेकिन निगरानी में : डॉक्टर

**मुंबई :** जावेद अख्तर के साथ 'शोले', 'दीवार' और 'डॉन' जैसी प्रतिष्ठित हिंदी फिल्में लिखने वाले दिग्गज पटकथा लेखक सलीम खान की हालत फिलहाल स्थिर है लेकिन उन्हें चिकित्सीय निगरानी में रखा गया है। पटकथा लेखक सलीम खान को मंगलवार सुबह बांद्रा स्थित लीलावती अस्पताल के गहन चिकित्सा इकाई (आईसीयू) में भर्ती कराया गया था। खान (90) का इलाज कर रहे डॉ. जलील पारकर ने 'पीटीआई-भाषा' को दिए एक बयान में बताया कि उन्हें सुबह 8:30 बजे आईसीयू में भर्ती किया गया। पारकर ने कहा, उनकी हालत स्थिर है लेकिन उनकी नैदानिक स्थिति को देखते हुए उन्हें गहन



निगरानी में रखा गया है। बयान के अनुसार, खान को उनके पारिवारिक चिकित्सक संदीप चोपड़ा आपातकालीन विभाग में लेकर आए थे। आपातकालीन कक्ष में तत्काल चिकित्सा शुरू की गई और उन्हें गहन चिकित्सा कक्ष में स्थानांतरित कर दिया गया। इसमें कहा गया है कि डॉ. विनय चव्हाण (तंत्रिका विज्ञानी), डॉ. अजीत मेनन ( हृदय रोग विशेषज्ञ), डॉ. नितिन डांगे (न्यूरोसर्जन) और डॉ. बिनीत अहलूवालिया की टीम उनका उपचार कर रही है। डॉ. पारकर ने बताया कि चिकित्सकों की टीम परिजनों की सहमति और मरीज की गोपनीयता का पूरा ध्यान रखते हुए बुधवार सुबह 11 बजे प्रेस बुलेटिन जारी करेगी। सलीम खान के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ने के साथ ही उनके बेटे और सुपरस्टार सलमान खान, बेटी अलवीरा, दामाद अतुल अग्निहोत्री और आयुष शर्मा को अस्पताल जाते देखा गया।

## मिजोरम में एक साल में 1,047 करोड़ रुपये के मादक पदार्थ जब्त किए : राज्यपाल



**आइजोल :** मिजोरम के राज्यपाल जनरल विजय कुमार सिंह (सेवानिवृत्त) ने मंगलवार को कहा कि राज्य ने वित्त वर्ष 2025-26 के दौरान सीमा पार तस्करी और मादक पदार्थों की तस्करी पर महत्वपूर्ण कार्रवाई की है, जिसमें कानून लागू करने वाली एजेंसियों ने 1,047 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ जब्त किए हैं। सिंह ने राज्य विधानसभा के बजट सत्र की शुरुआत में अपने संबोधन में कहा कि राज्य पुलिस की सक्रिय गश्त और निरंतर निगरानी के कारण चालू वित्त वर्ष के दौरान मिजोरम में समग्र कानून व्यवस्था की स्थिति शांतिपूर्ण रही। उन्होंने कहा कि राज्य पुलिस और केंद्रीय बलों जैसे असम राइफल्स और सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के बीच समन्वित अभियान के परिणामस्वरूप अंतरराज्यीय और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर सुरक्षा को सुदृढ़ किया गया, जिससे 1,047 करोड़ रुपये मूल्य की नशीली दवाओं की बरामदगी हुई।

## ईडी के दूसरी बार समन भेजने के बावजूद पेश नहीं हुईं टीना अंबानी

**नयी दिल्ली :** 'रिलायंस ग्रुप' के अध्यक्ष अनिल अंबानी की पत्नी टीना अंबानी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दूसरी बार समन जारी किए जाने के बावजूद मंगलवार को भी एजेंसी के सामने पेश नहीं हुईं। पूर्व अभिनेत्री को धन शोधन मामले में समन भेजा गया था। उन्हें संघीय जांच एजेंसी के समक्ष पेश होने के लिए पहला समन 10 फरवरी को जारी किया गया था लेकिन वह उपस्थित नहीं हुईं जिसके बाद उन्हें नया नोटिस दिया गया था। यह अभी पता नहीं चल पाया है कि उन्होंने पेश न होने के लिए मामले के जांच अधिकारी को कोई कारण बताया है या नहीं। अधिकारियों ने कहा कि निदेशालय उन्हें पेश होने के लिए नयी तारीख दे सकता है। उन्होंने बताया कि जब टीना अंबानी अपना बयान दर्ज करा लेंगी, तो उनसे पूछताछ की जाएगी और धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के तहत उनका बयान दर्ज किया जाएगा।

## द्वारका हादसा: मारे गए लड़के की मां ने कहा, 'रील' बनाने के जुनून ने मेरे बेटे के सपने छीन लिये

**नयी दिल्ली :** दिल्ली के द्वारका में एक सड़क दुर्घटना में अपने 23 साल के इकलौते बेटे को खोने वाली मां ने नम आंखों और रुंधे गले से कहा कि 'रील' बनाने और सोशल मीडिया पर प्रसिद्धि पाने के लिए किए गए स्टंट ने न केवल उनके बेटे की जान ली, बल्कि उसे लेकर उन्होंने जो सपने देखे थे, उन्हें भी चकनाचूर कर दिया। द्वारका में रहकर अकेले अपने बच्चे को पालने वाली इन्ना माकन अपने बेटे के कमरे में उसकी तस्वीरों और पदकों को लिये हुए खड़ी थीं। अपने बेटे के कमरे में उसकी तस्वीरों और पदकों के बीच खड़ी, इन्ना मकान ने दीवार पर लिखे प्रेरणादायक उद्धरणों की ओर इशारा किया- जुनून हमेशा प्रतिभा को हरा देगा और सपनों का अनुशासन। उन्होंने 'पीटीआई-वीडियो' सेवा को बताया, मेरा बेटा कड़ी मेहनत में विश्वास करता था, शॉर्टकट में नहीं। उन्होंने कहा कि 'रील' बनाने के किसी के जुनून ने उनकी जिंदगी और उनके बच्चे के लिए बुने गए उनके सभी सपनों को चकनाचूर कर दिया। बीबीए अंतिम वर्ष की पढ़ाई कर रहा साहिल तीन फरवरी को ऑफिस जा रहा था कि तभी सामने से आ रही एक 'एसयूवी' (स्कॉर्पियो एन) ने उसकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

## शिव मंदिर में 'नशीला पदार्थ' चढ़ाते हुए रील बनाने के मामले में दो युवक पकड़े गए

**हैदराबाद :** महाशिवरात्रि के अवसर पर भगवान शिव को कथित रूप से नशीला पदार्थ को 'प्रसाद' के रूप में अर्पित करने से जुड़ी सोशल मीडिया रील वायरल होने के बाद पुलिस ने मंगलवार को दो युवकों को हिरासत में लिया। पुलिस ने यह जानकारी दी। जिम में काम करने वाले दो युवकों को विशेष बल (हैदराबाद पुलिस की एक शाखा) ने हिरासत में ले लिया। फलकनुमा पुलिस थाने के एक अधिकारी ने बताया कि दोनों के खिलाफ उपद्रव मचाने के आरोप में मामला दर्ज किया गया है। यहां शमशाबाद इलाके में रविवार को एक शिव मंदिर के पास रिकॉर्ड की गई इस रील में दोनों युवकों को यह कहते सुना जा सकता है कि वे भगवान शिव को प्रसाद चढ़ाने आए हैं।

## भारत मंडपम में युवा एआई हैकाथॉन: 3,000 छात्रों से रूबरू हुए केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव

**नई दिल्ली :** रेल मंत्री, सूचना एवं प्रसारण तथा इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने भारत मंडपम में आयोजित एआई इम्पैक्ट समिट के अंतर्गत युवा एआई हैकाथॉन में भाग लेने वाले 3,000 से अधिक छात्रों के साथ संवाद किया। देशभर से आए विद्यार्थियों ने विभिन्न क्षेत्रों पर आधारित तथा स्थानीय भाषाओं में विकसित एआई समाधान प्रस्तुत किए, जो जमीनी स्तर पर नवाचार और उभरती प्रौद्योगिकियों में युवाओं की सक्रिय भागीदारी को दर्शाते हैं। संवाद के दौरान केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता एक शक्तिशाली उपकरण है, जिसका उपयोग हर व्यक्ति अपने दैनिक जीवन की चुनौतियों को हल करने तथा व्यक्तिगत और सामुदायिक आवश्यकताओं के अनुरूप समाधान विकसित करने के लिए कर सकता है। उन्होंने छात्रों को नवाचार और प्रौद्योगिकी के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में योगदान देने के लिए प्रेरित किया। मंत्री ने बताया कि इस शिखर सम्मेलन को वैश्विक स्तर पर व्यापक रुचि प्राप्त हुई है। लगभग 17 बिलियन डॉलर के वेंचर कैपिटल निवेश और 200 बिलियन डॉलर तक के अवसंरचना निवेश की प्रतिबद्धताएँ इस बात का प्रमाण हैं कि भारत के एआई पारिस्थितिकी तंत्र के प्रति विश्व में गहरी दिलचस्पी है। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी रूपरेखा का परिणाम है, जिसने भारत को उभरती प्रौद्योगिकियों में वैश्विक नेतृत्व की दिशा में अग्रसर किया है। विश्व के सबसे बड़े एआई शिखर सम्मेलन की मेजबानी भारत में होना, वैश्विक एआई आंदोलन में देश की बढ़ती प्रतिष्ठा और अग्रणी भूमिका को प्रदर्शित करता है।

## न्यूज ब्रीफ

### क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया बीबीएल का एक मैच भारत में कराने की योजना बना रहा है: रिपोर्ट

**मेलबर्न :** क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) अगले सत्र में बिग बैश लीग (बीबीएल) का एक मुकाबला भारत में आयोजित करने पर विचार कर रहा है, ताकि यहां के आकर्षक और मुनाफे वाले बाजार में अपनी पैठ मजबूत कर सके। यह दावा स्थानीय मीडिया रिपोर्ट में किया गया। 'सेन क्रिकेट' की रिपोर्ट के अनुसार, सीए की यह पहल व्यापक रणनीति का हिस्सा है, जिसके तहत बीबीएल को भारतीय बाजार से जोड़ने की कोशिश की जा रही है। माना जा रहा है कि लीग की आठ फ्रेंचाइजियों में से कम से कम दो की संभावित बिक्री से पहले यह कदम उठाया जा रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, सीए के दो वरिष्ठ अधिकारी हाल ही में भारत आए थे ताकि यहां मैच आयोजित करने की संभावना पर चर्चा की जा सके। चेन्नई संभावित मेजबान शहर के रूप में उभरकर सामने आया है।

### यूएई के खिलाफ दक्षिण अफ्रीका के मुकाबले में ब्रेविस पर होगी निगाह

**नयी दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के अपने अंतिम और महत्तवहीन जैसे मुकाबले में बुधवार को यहां जब संघर्ष कर रहे संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के खिलाफ उतरेगा तो उसकी निगाहें युवा विस्फोटक बल्लेबाज डेवॉल्ड ब्रेविस की फॉर्म पर टिकी होंगी। दक्षिण अफ्रीका तीन जीत के साथ पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुका है। इसमें अफगानिस्तान के खिलाफ दो सुपर ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में जीत और न्यूजीलैंड पर सात विकेट की प्रभावशाली विजय शामिल है। यूएई के लिए यह मुकाबला मार्को यानसन, कागिसो रबाडा और लुंगी एनगिडी जैसे तेज गेंदबाजों के खिलाफ खुद को परखने का मौका होगा।


# फिलिप्स की तूफानी पारी से न्यूजीलैंड सुपर आठ में

## युवराज समरा का रिकॉर्ड शतक बेकार



**चेन्नई :** आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी मुकाबले में 19 वर्षीय युवराज समरा के रिकॉर्ड शतक पर न्यूजीलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम के विस्फोटक बल्लेबाज ग्लेन फिलिप्स की तूफानी पारी भारी पड़ी। न्यूजीलैंड ने कनाडा को 29 गेंद शेष रहते आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में प्रवेश कर लिया। भारत के पूर्व ऑलराउंडर युवराज सिंह के नाम पर रखे गए समरा ने 65 गेंदों में 110 रन (11 चौके, 6 छक्के) बनाकर टी20 विश्व कप में शतक जड़ने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बनने का गौरव हासिल किया। उनकी पारी से कनाडा ने चार विकेट पर 173 रन बनाए। जवाब में न्यूजीलैंड की शुरुआत खराब रही और उसने टिम सीफर्ट तथा फिन एलन के विकेट जल्दी गंवा दिए। इसके बाद फिलिप्स (36 गेंदों पर नाबाद 76) और रचिन रविंद्र (39 गेंदों पर नाबाद 59) ने तीसरे विकेट के लिए 146 रन की अटूट साझेदारी कर मैच एकतरफा कर दिया। फिलिप्स ने 22 गेंदों में अर्धशतक पूरा कर न्यूजीलैंड के लिए नया रिकॉर्ड बनाया। न्यूजीलैंड ने 15.1 ओवर में दो विकेट पर 176 रन बनाकर लक्ष्य हासिल किया और चार मैच में छह अंक के साथ ग्रुप चरण दूसरे स्थान पर समाप्त किया। कनाडा की ओर से दिलप्रीत बाजवा ने 36 रन बनाए। कीवी गेंदबाजों में जैकब डफी, काइल जैमीसन, मैट हेनरी और जेम्स नीशम को एक-एक विकेट मिला।

**कनाडा के युवराज समरा टी20 विश्व कप में शतक लगाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने**



## पाकिस्तान के लिए करो या मरो का मुकाबला, नामीबिया पर हर हाल में करनी होगी जीत

**कोलंबो :** अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत से मिली करारी शिकस्त के बाद पाकिस्तान का टी20 विश्व कप में अभियान नाजुक मोड़ पर पहुंच गया है और इससे नामीबिया के खिलाफ बुधवार को होने वाला मैच उसके लिए करो या मरो जैसा बन गया है। एक समय पाकिस्तान सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में दिख रहा था लेकिन भारत से हार ने उसे बुरी तरह से झकझोर दिया है जिसके कारण उसे ग्रुप ए के अपने आखिरी मैच में करो या मरो की स्थिति का सामना करना पड़ रहा है। विश्व कप में प्रत्येक ग्रुप से केवल शीर्ष दो टीमें ही सुपर आठ में पहुंचेंगी। पाकिस्तान वर्तमान में भारत और अमेरिका के बाद तालिका में तीसरे स्थान पर है। भारत ने तीन मैचों में तीन जीत के साथ सुपर आठ के लिए क्वालीफाई कर लिया है जबकि अमेरिका चार अंक और बेहतर रन रेट के कारण दूसरे स्थान पर है। नामीबिया से हार कागजों पर असंभव लगती है लेकिन पाकिस्तान की अस्थिर बल्लेबाजी को देखते हुए इसे पूरी तरह से नकारा भी नहीं जा सकता है। इस मैच में हार से पाकिस्तान टूर्नामेंट से बाहर हो जाएगा और अमेरिका सुपर आठ में जगह बनाने की अच्छी स्थिति में पहुंच जाएगा। हालांकि पाकिस्तान जिस टीम का सामना करेगी वह अपने तीनों मैच हार चुकी है और ग्रुप में सबसे निचले स्थान पर है। ऐसे में सारा ध्यान पाकिस्तान की बल्लेबाजी पर होगा जिसमें बाबर आजम, सलामी बल्लेबाज साहिबजादा फरहान, साइम अयूब और कप्तान सलमान अली आगा शामिल हैं। भारत के खिलाफ पाकिस्तान की बल्लेबाजी में कमजोरी उजागर हो गई थी।

## आयरलैंड के खिलाफ मैच धुलने से जिम्बाब्वे सुपर आठ में

### आस्ट्रेलिया टी20 विश्व कप से बाहर



**पाल्लेकल :** जिम्बाब्वे ने आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप ग्रुप बी का मैच बारिश में धुलने के बाद सुपर आठ में प्रवेश कर लिया जबकि पूर्व चैम्पियन आस्ट्रेलिया और आयरलैंड टूर्नामेंट से बाहर हो गए हैं। दोनों टीमों को एक एक अंक मिला जिससे जिम्बाब्वे के पांच अंक हो गए। अब 26 फरवरी को पहले सुपर आठ मुकाबले में चेन्नई में जिम्बाब्वे का सामना भारत से होगा। जिम्बाब्वे सुपर आठ में पहुंचने वाली सातवीं टीम बन गई। ग्रुप वन में भारत, दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज भी सुपर आठ में पहुंच गए हैं। जिम्बाब्वे को आखिरी ग्रुप मैच 19 फरवरी को श्रीलंका से खेलना है।श्रीलंका छह अंक लेकर पहले ही सुपर आठ में पहुंच चुका है। आस्ट्रेलिया के दो अंक है जिसे जिम्बाब्वे और श्रीलंका ने हराया। पूर्व चैम्पियन टीम को जिम्बाब्वे के दोनों मैच हारने के बाद ही सुपर आठ में जगह मिलनी थी लेकिन बारिश ने उसके इरादों पर पानी फेर दिया।

## नेपाल ने 12 साल बाद टी20 विश्व कप में जीत दर्ज की, स्कॉटलैंड सात विकेट से पराजित



**मुंबई :** नेपाल राष्ट्रीय क्रिकेट टीम ने टी20 विश्व कप में 12 साल से चले आ रहे जीत के सूखे को खत्म करते हुए ग्रुप सी के मुकाबले में स्कॉटलैंड राष्ट्रीय क्रिकेट टीम को सात विकेट से हरा दिया। वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए इस मैच में नेपाल ने 19.2 ओवर में तीन विकेट पर 171 रन बनाकर 170 रन का लक्ष्य हासिल कर लिया।नेपाल की जीत के नायक दीपेंद्र सिंह ऐरी रहे, जिन्होंने 23 गेंदों पर नाबाद 50 रन (3 छक्के, 4 चौके) की विस्फोटक पारी खेली। उन्होंने गुलशन झा (नाबाद 24) के साथ चौथे विकेट के लिए 73 रन की अटूट साझेदारी कर मैच नेपाल के पक्ष में मोड़ दिया। इससे पहले कुशल भुर्तेल (43) और आसिफ शेख (33) ने टीम को मजबूत शुरुआत दिलाई। स्कॉटलैंड ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट पर 170 रन बनाए। माइकल जोन्स ने 45 गेंदों में 71 रन (8 चौके, 3 छक्के) की आक्रामक पारी खेली और जॉर्ज मुन्सी के साथ 80 रन की साझेदारी की। हालांकि मध्य ओवरों में नियमित अंतराल पर विकेट गिरने से टीम बड़ी बढ़त नहीं बना सकी। नेपाल के लिए सोमपाल कामी ने 25 रन देकर तीन विकेट लिए।दोनों टीमें पहले ही सुपर आठ की दौड़ से बाहर हो चुकी थीं। इस ग्रुप से वेस्टइंडीज और इंग्लैंड ने अगले चरण में जगह बनाई। नेपाल और स्कॉटलैंड ने चार-चार मैचों में एक-एक जीत के साथ अपना अभियान समाप्त किया।

### हरमनप्रीत निजी कारणों से बाहर, हार्दिक संभालेंगे भारतीय हॉकी टीम की कमान

**नयी दिल्ली :** नियमित कप्तान हरमनप्रीत सिंह निजी कारणों से 20 से 25 फरवरी तक होबार्ट में होने वाले एफआईएच प्रो लीग मैचों में नहीं खेल पाएंगे और उनकी जगह मिडफील्डर हार्दिक सिंह को मंगलवार को भारतीय पुरुष की टीम का कप्तान नियुक्त किया गया। भारत, स्पेन और मेजबान ऑस्ट्रेलिया टूर्नामेंट के आगामी चरण में होबार्ट के तस्मानिया हॉकी सेंटर में एक दूसरे के खिलाफ खेलेंगे। भारतीय टीम ने राउरकेला में समाप्त हुए चरण में अपने सभी चार मैच गंवा दिए थे, जिसमें अर्जेंटीना के हाथों 0-8 की शर्मनाक हार भी शामिल है। भारत के मुख्य कोच क्रेग फुल्टन ने कहा, ''राउरकेला में हमारा प्रदर्शन निराशाजनक रहा और परिणाम हमारे पक्ष में नहीं रहे लेकिन हमने कुछ अच्छे सबक सीखे हैं और कुछ उल्लेखनीय सुधार किए हैं।'' नए कप्तान हार्दिक दो बार के ओलंपिक कांस्य पदक विजेता हैं। टीम में अमनदीप लाकड़ा और मनमीत सिंह जैसे युवा खिलाड़ी भी शामिल हैं, जिन्होंने राउरकेला चरण के दौरान सीनियर टीम के लिए अपना पहला मैच खेला था।

## भारतीय बल्लेबाजों ने स्पिन के खिलाफ किया अभ्यास, अभिषेक ने बहाया पसीना



**अहमदाबाद :** नीदरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप मुकाबले की पूर्व संध्या पर भारतीय टीम के नेट सत्र में स्पिन गेंदबाजी का दबदबा देखने को मिला, जबकि अभिषेक शर्मा के गगनचुंबी शॉट इस सत्र की सबसे बड़ी आकर्षण रहे। टूर्नामेंट में अब तक खाता नहीं खोल पाए अभिषेक ने एक घंटे से अधिक समय तक बल्लेबाजी की। आमतौर पर विकेट के सामने दोनों ओर आक्रामक शॉट खेलने वाले अभिषेक ने अपनी ताकत पर भरोसा कायम रखा। उन्होंने नेट गेंदबाजों और वरुण चक्रवर्ती की ऑफ स्पिन के खिलाफ काउ कॉर्नर और डीप कवर क्षेत्र को निशाना बनाया। तेज गेंदबाजों के खिलाफ बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने पुल और विकेट के पीछे पिक-अप शॉट का सहारा लिया। तीनों तरह की गेंदबाजी के खिलाफ छक्कों की झड़ी लगी रही। जब लगा कि उनका सत्र समाप्त हो चुका है, तभी अभिषेक कप्तान सूर्यकुमार यादव के साथ दोबारा बल्लेबाजी के लिए लौटे। इसी दौरान कुलदीप यादव गेंदबाजी के लिए आए और अभिषेक ने जरा भी देर किए बिना फुल लेंथ गेंदों को अपने पसंदीदा एक्स्ट्रा कवर क्षेत्र की ओर भेजना शुरू कर दिया। पास के नेट में तिलक वर्मा और रिंकू सिंह जैसे बल्लेबाजों ने भी स्पिनरों के खिलाफ अभ्यास किया। लंबे बल्लेबाजी सत्र के बाद रिंकू ने राउंड-आर्म एक्शन के साथ कुछ ऑफ स्पिन भी डाली, जो नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस की शैली की याद दिला रही थी। इरास्मस ने पिछले सप्ताह दिल्ली में भारत के खिलाफ मुकाबले में अपने अनोखे एक्शन और स्टंप्स के काफी पीछे से गेंद डालकर भारतीय बल्लेबाजों को परेशानी में डाला था।



### दूरसंचार अब अवसरों को जोड़ने का माध्यम, केवल कॉल तक सीमित नहीं: मंत्री

**नयी दिल्ली :** दूरसंचार राज्यमंत्री चंद्रशेखर पेम्मासानी ने मंगलवार को कहा कि 21वीं सदी में भारत के बदलाव की कहानी सिलिकॉन चिप्स या सॉफ्टवेयर से शुरू नहीं होगी, बल्कि वह समय याद किया जाएगा जब देश ने संचार को हर नागरिक के लिए एक बुनियादी और जरूरी विकल्प के रूप में अपनाया। 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026' में पेम्मासानी ने कहा कि अब दूरसंचार केवल कॉल करने तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह अवसरों को जोड़ने का माध्यम बन गया है। उन्होंने कहा, जब इतिहासकार भारत के 21वीं सदी के बदलाव के बारे में लिखेंगे, तो वह सिलिकॉन चिप्स या सॉफ्टवेयर से शुरू नहीं करेंगे। वे उस समय से शुरू करेंगे जब भारत ने संचार को एक मौलिक और जरूरी विकल्प माना। संचार अब विलासिता नहीं, बल्कि सार्वभौमिक अधिकार और देश की स्वतंत्रता का हिस्सा है। मंत्री ने कहा कि दूरसंचार नेटवर्क ही वह आधार है जिस पर भारत में कृत्रिम मेधा (एआई) का निर्माण होता है। 1.2 अरब से अधिक ग्राहकों वाले इन नेटवर्क के माध्यम से वह डेटा बहाव संभव होता है जो हर एआई एप्लिकेशन को संचालित करता है।

### स्वदेशी एआई मॉडल विकसित करने में निवेश कर रही है सरकार : अधिकारी

**नयी दिल्ली :** सरकार ने एआई प्रणालियों को भारतीय डेटा पर आधारित बनाने और पूर्वाग्रह से संबंधित चिंताओं को दूर करने के उद्देश्य से स्वदेशी एआई मॉडल विकसित करने में निवेश किया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने मंगलवार को यह जानकारी दी। इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन ने कहा कि स्वायत्तता बहुत महत्वपूर्ण है। भारत को ऐसे एआई मॉडल की जरूरत है, जिनका नियंत्रण पूरी तरह भारत के पास हो और किसी अन्य देश के पास इसे रोकने या बदलने का अधिकार न हो।

# 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में किसी का शामिल होना या न होना उनका व्यक्तिगत निर्णय: वैष्णव



### बिल गेट्स के 'एआई इम्पैक्ट समिट' में भाग लेने को लेकर 'असमंजस'

**नयी दिल्ली :** सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में शामिल होना या न होना किसी की व्यक्तिगत पसंद का विषय है। राष्ट्रीय राजधानी में आयोजित 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' में जेन्सेन हुआंग जैसे प्रौद्योगिकी जगत के कुछ दिग्गजों के शामिल न होने के सवाल पर मंत्री ने यह टिप्पणी की। मंत्री ने साथ ही कहा कि भारत, कृत्रिम मेधा के उचित एवं नैतिक उपयोग पर वैश्विक नेताओं के बीच आम सहमति बनाने का प्रयास कर रहा है। देश के सबसे बड़े वैश्विक कृत्रिम मेधा आयोजनों में शामिल इस शिखर सम्मेलन में नीति निर्माता, उद्योग जगत के दिग्गज एवं प्रौद्योगिकी विशेषज्ञ एकत्र हुए हैं और कृत्रिम मेधा में नवाचार, संचालन व्यवस्था और वास्तविक उपयोगों पर मंथन कर रहे हैं। वैष्णव ने बताया कि एनवीडिया के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) जेन्सेन हुआंग ने कुछ बेहद जरूरी काम के कारण अपने न आने की जानकारी दी थी और कंपनी की ओर से एक वरिष्ठ अधिकारी को भेजा गया है। कुछ बड़ी प्रौद्योगिकी कंपनियों के प्रतिनिधियों की अनुपस्थिति के बारे में पूछे जाने पर केंद्रीय मंत्री ने कहा, '' कुछ लोगों का न आना पूरी तरह व्यक्तिगत निर्णय है। मैं इस पर टिप्पणी नहीं करना चाहता। जेन्सेन हुआंग ने स्वयं संपर्क किया और बताया कि वह बेहद जरूरी काम के कारण नहीं आ पा रहे हैं इसलिए उन्होंने अपने वरिष्ठ अधिकारी को हमारे साथ जुड़ने के लिए भेजा है।''

### वैष्णव ने एआई शिखर सम्मेलन के पहले दिन हुई अव्यवस्था के लिए माफी मांगी

सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने 'इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट' के पहले दिन लंबी कतारों और भारी भीड़ से उपस्थित लोगों को हुई असुविधा के लिए मंगलवार को माफी मांगी और कहा कि सम्मेलन का संचालन सुचारू रूप से करने के लिए आयोजक लगातार काम कर रहे हैं। वैष्णव ने कहा कि शिखर सम्मेलन आयोजक लोगों की बात सुनने को तैयार हैं और मुद्दों के तुरंत समाधान के लिए एक 'वॉर रूम' बनाया गया है। मंत्री ने कहा, ''आपकी जो भी प्रतिक्रिया है, कृपया हमारे साथ साझा करें। हम खुले विचारों वाले हैं। हमने एक 'वॉर रूम' बनाया है...कोई भी समस्या हो, कृपया हमें बताएं। हम निश्चित रूप से इसे आसान बनाने और आप सभी के लिए इसे और अधिक सुविधाजनक बनाने के प्रयास करेंगे।''

## आरबीआई ने खुले बाजार परिचालन के तहत कुल सरकारी बॉन्ड में से 47 प्रतिशत की खरीद की

**मुंबई :** बैंकों में नकदी बनाये रखने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने वित्त वर्ष 2025-26 में अब तक केंद्र सरकार की तरफ से जारी कुल बॉन्ड में से 47 प्रतिशत सरकारी प्रतिभूतियों की खरीद की है। आरबीआई के संकलित आंकड़ों से पता चलता है कि केंद्र सरकार ने चार अप्रैल, 2025 से इस वर्ष 13 फरवरी तक अपने सकल उधारी कार्यक्रम के तहत सरकारी प्रतिभूतियां जारी करके 13,65,000 करोड़ रुपये जुटाए। रिजर्व बैंक ने 6,39,203 करोड़ रुपये के खुले बाजार परिचालन (ओएमओ) यानी प्रतिभूतियों की खरीद-बिक्री के तहत खरीद नीलामी आयोजित की। इसके जरिये बैंकों में स्थायी नकदी डाली गयी। विशेषज्ञों का कहना है कि बड़े पैमाने पर की गई ये खरीद सरकार के लगातार उधार लेने के बीच हुई, जो आमतौर पर बैंकों से नकदी को अवशोषित करता है और बॉन्ड प्रतिफल पर दबाव बनाता है। केंद्रीय बैंक ने द्वितीयक बाजार से बॉन्ड खरीदकर, नकदी के साथ व्यवस्थित बाजार स्थितियों को बनाए रखने में मदद की। इस कदम से बैंकिंग प्रणाली को नकदी की कमी से बचाने में मदद मिली और सरकारी प्रतिभूतियों की भारी आपूर्ति के बावजूद प्रतिफल में अत्यधिक वृद्धि को रोका जा सका। इससे ऋण वृद्धि को समर्थन देने के लिए प्रणाली में पर्याप्त नकदी सुनिश्चित हुई। पूंजी निकासी और रुपये की विनिमय दर में गिरावट के बीच आरबीआई द्वारा अमेरिकी डॉलर की बिक्री के बावजूद, पर्याप्त नकदी सुनिश्चित करने के लिए खुले बाजार परिचालन के तहत प्रतिभूतियों की खरीद को सक्रिय रूप से क्रियान्वित किया गया है।

## प्रधानमंत्री मोदी, राष्ट्रपति मैक्रों ने भारत-फ्रांस नवोन्मेष वर्ष का उद्घाटन किया



**मुंबई :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने मंगलवार को 'भारत-फ्रांस नवोन्मेष वर्ष' 2026 का उद्घाटन किया। दशकों पुराने संबंधों को 'विशेष रणनीतिक साझेदारी' के स्तर तक ले जाने की घोषणा के कुछ घंटों बाद, दोनों नेताओं ने इस कार्यक्रम में भाग लिया और नवाचार के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम में दिखाए गए एक वीडियो के अनुसार, ''भारत-फ्रांस नवोन्मेष वर्ष 2026 रणनीतिक तालमेल और साझा समृद्धि को और मजबूत करेगा।'' दोनों देशों के विभिन्न शहरों में विज्ञान, प्रौद्योगिकी और नवाचार पर केंद्रित विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें स्टार्टअप, शिक्षाविदों और रचनाकारों को एक साथ लाया जाएगा। कार्यक्रम के बाद पीएमओ इंडिया के यूट्यूब चैनल पर पोस्ट किए गए एक वीडियो के अनुसार, यह वर्ष औद्योगिक सहयोग और लोगों के बीच आपसी संपर्क को बढ़ावा देगा। वीडियो के अनुसार, दोनों देशों ने सरकार समर्थित और उद्योग जगत द्वारा संचालित एक डिजिटल मंच 'भारत-फ्रांस नवोन्मेष नेटवर्क' की भी घोषणा की, जिसे नवप्रवर्तकों ने नवप्रवर्तकों के लिए बनाया है। इस कार्यक्रम में विदेश मंत्री एस जयशंकर, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, टाटा केमिकल्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी आर मुकुंदन, महाराष्ट्र के उद्योग सचिव पी अनाबलगन उपस्थित थे।

## बैंक, आईटी शेयरों में तेजी से सेंसेक्स 174 अंक मजबूत, निफ्टी 42 अंक लाभ में

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में मंगलवार को लगातार दूसरे दिन तेजी रही और बीएसई सेंसेक्स 174 अंक के लाभ में रहा जबकि एनएसई निफ्टी 42 अंक मजबूत हुआ। बैंक, आईटी और पूंजीगत वस्तुओं से जुड़ी कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार बढ़त में रहा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 173.81 अंक यानी 0.21 प्रतिशत चढ़कर 83,450.96 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान सूचकांक ऊंचे में 83,598 अंक तक गया तथा नीचे में 82,987.43 अंक तक आया। पचास शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत बढ़कर 25,725.40 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में आईटीसी, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लि., लार्सन एंड टुब्रो, इन्फोसिस, एशियन पेंट्स, टाइटन, अदाणी पोर्ट्स, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, सन फार्मा, मारुति सुजुकी इंडिया, इंडिगो, भारतीय स्टेट बैंक और टेक महिंद्रा प्रमुख रूप से लाभ में रहे। दूसरी ओर, नुकसान में रहने वाले शेयरों में इटर्नल, टाटा स्टील, ट्रेंट, रिलायंस इंडस्ट्रीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और हिंदुस्तान यूनिलीवर शामिल हैं। अधिक शेयरों का प्रतिनिधित्व करने वाले सूचकांकों में भी मजबूती देखी गई। बीएसई स्मॉलकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.49 प्रतिशत और मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.26 प्रतिशत के लाभ में रहा। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''घरेलू बाजारों में सीमित दायरे में कारोबार हुआ। आईटी क्षेत्र में भारी गिरावट के बाद, वैश्विक एआई साझेदारों के साथ रणनीतिक सहयोग की घोषणाओं के बाद चुनिंदा शेयरों में तेजी से खरीदारी देखने को मिली।'' बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में 2,447 लाभ में रहे, जबकि 1,756 में गिरावट रही। वहीं 149 के भाव अपरिवर्तित रहे। बीएसई में सूचीबद्ध कंपनियों का बाजार पूंजीकरण 1,52,688.24 करोड़ रुपये बढ़कर 4,70,11,313.57 करोड़ (5,180 अरब डॉलर) हो गया। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लि. के संपत्ति प्रबंधन के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा, ''हाल ही में आई तेज गिरावट के बाद आईटी शेयरों में लगातार दूसरे सत्र में बढ़त दर्ज की गई। इन्फोसिस द्वारा एंथ्रोपिक के साथ रणनीतिक साझेदारी की घोषणा के बाद इस क्षेत्र में सकारात्मक माहौल बना, जिससे एआई-आधारित व्यवधान को लेकर चिंताएं कम हुई हैं।''

### रिजर्व बैंक का विदेशी मुद्रा लेनदेन नियमों को आसान बनाने का प्रस्ताव

**मुंबई :** भारतीय रिजर्व बैंक ने मंगलवार को अधिकृत व्यक्तियों को विदेशी मुद्रा में लेनदेन करने में अधिक लचीलापन प्रदान करने का प्रस्ताव रखा, ताकि वे अपने जोखिमों को कम करने, बही-खाता प्रबंधन और वित्तीय कारोबार रणनीति के लिए विदेशी मुद्रा लेनदेन कर सकें। साथ ही रिपोर्टिंग दायित्वों को भी आसान बना सकें। मौजूदा नियमों की समीक्षा के बाद यह कदम उठाया गया है। अधिकृत बैंक और स्वतंत्र प्राथमिक डीलर वित्तीय कारोबार रणनीति, बही-खाता प्रबंधन और जोखिमों को कम करने के लिए विदेशी मुद्रा बाजार का उपयोग करते हैं। केंद्रीय बैंक ने मंगलवार को 'अधिकृत व्यक्तियों के विदेशी मुद्रा लेनदेन' पर मसौदा निर्देश जारी किए। इसका उद्देश्य अधिकृत व्यक्तियों को उत्पादों में लेनदेन करने और अपने जोखिमों को कम करने, बही-खाता प्रबंधन और वित्तीय कारोबार रणनीति के लिए विदेशी मुद्रा लेनदेन करने में अधिक लचीलापन प्रदान करना है।

## तमिलनाडु का 2.55 लाख करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश

### केंद्र पर 'अनुचित व्यवहार' का आरोप

**चेन्नई :** थंगम थेनारासु ने मंगलवार को तमिलनाडु विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 2,55,391 करोड़ रुपये का अंतरिम बजट पेश किया। आगामी विधानसभा चुनाव से पहले पेश इस बजट में महिलाओं के लिए मुफ्त बस यात्रा योजना 'विदियाल पयनम' हेतु 4,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।बजट में शिक्षा के लिए 57,039 करोड़, शहरी विकास के लिए 35,773 करोड़ और स्वास्थ्य विभाग के लिए 22,090 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सरकार ने 2026-27 में 3,44,575 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्ति का अनुमान जताया है, जिसमें 74.67 प्रतिशत राज्य का अपना राजस्व होगा, जबकि शेष हिस्सा केंद्रीय करों व अनुदानों से आएगा। कुल राजस्व व्यय 3,93,272 करोड़ रुपये आंका गया है। राजकोषीय घाटा जीएसडीपी के तीन प्रतिशत तक सीमित रहने का अनुमान है।सरकार ने 1,79,809.65 करोड़ रुपये उधार लेने और 60,413.42 करोड़ रुपये चुकाने की योजना बनाई है, जिससे 31 मार्च 2027 तक बकाया कर्ज 10,71,770.34 करोड़ रुपये हो जाएगा। राजस्व घाटा 48,696.32 करोड़ रुपये रहने का अनुमान है।बजट भाषण के दौरान थेनारासु ने केंद्र सरकार पर राज्य के साथ अनुचित व्यवहार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि केंद्र प्रायोजित योजनाओं की राशि रोकना, कर हिस्सेदारी में कटौती और परियोजनाओं को मंजूरी न देना संघीय ढांचे के विपरीत है। उन्होंने 16वां वित्त आयोग की सिफारिशों पर निराशा जताई।उन्होंने बताया कि चेन्नई मेट्रो रेल के दूसरे चरण का 63,246 करोड़ रुपये की लागत से निर्माण जारी है और कोयंबटूर व मदुरै मेट्रो को मंजूरी देने की मांग दोहराई। उनका बजट भाषण करीब ढाई घंटे चला।

वर्ष 10, पूर्णांक 3507 अंक 317 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **सरोज राय** द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- **अनिल कुमार राय** (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता-700 006, विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in